यह आंदोलन इसलिए भी सफल माना जाना चाहिए क्योंकि ये तीनों कृषि कानूनों के विरोध के साथ- साथ तमाम अन्य ग्रामीण समस्याओं को भी देश के सामने रखने में सफल रहा है. खैर, दिल्ली की सर्द हवाओं, पानी की बौछारों और अब गर्म हवाओं को झेलकर किसान आंदोलन यहां तक पहुंचा है. अब यह स्पष्ट है कि किसान इतनी आसानी से वापस जाने वाले भी नही हैं. वहीं, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कृषि में आमूलचूल सुधारों की जरूरत है. कृषि सुधारों के नाम पर आए इन कानूनों का संभावित लाभ किसानों को समझाने में सरकार पूरी तरह विफल रही है. लेकिन, अभी ज्यादा देर नहीं हुई है. सरकार, न्यायालय और किसानों को साथ बैठकर इस समस्या पर विचार कर एक संयुक्त, उचित और विकासोन्मुख निर्णय लेना चाहिए.

**Article link:**
***https://economictimes.indiatimes.com/hindi/markets/commodities/news/agenda-ofagriculture-came-to-the-center-due-to-farmer movement/ articleshow /81588 492***

PUBLISHED DATE: MARCH 26 ,2021

# 15. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर कैग ने आखिर क्यों उठाए सवाल?

**-Miss Muskan Chaurasia**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' की शुरुआत की थी. महिलाओं को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में भोजन पकाने की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इसे शुरू किया गया था. 'स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन' टैगलाइन के साथ इस योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने की शुरुआत की गई थी. इस योजना का बुनियादी उद्देश्य महिलाओं को धुएं से निकालकर साफ ईंधन उपलब्ध करा 'समावेशी विकास' को सुनिश्चित करना था. डब्ल्यूएचओ भी अपनी एक रिपोर्ट में कहता है कि धुआं उत्पन्न करने वाले संसाधनों के बीच खाना बनाने से एक व्यक्ति प्रति दिन में तकरीबन 400 सिगरेट के बराबर का धुआं अंदर लेता है.

## कौन हैं लाभार्थी?

इस योजना के अंतर्गत उन महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर कनेक्शन प्रदान किया जाता है जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है और जिनके पास बैंक खाता और बीपीएल कार्ड है. यह योजना पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत चलाई जाती है. इसके अलावा बीपीएल परिवारों को एक एलपीजी कनेक्शन के लिए 1,600 रुपये की वित्तीय सहायता भी सरकार उपलब्ध कराती है. इस 1,600 रुपये प्रति कनेक्शन की कीमत में सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, बुकलेट, सेफ्टी हाउसआदि शामिल होता है. इसे सरकार वहन करती है. लाभार्थियों को चूल्हा खुद खरीदना पड़ता है. इस योजना के लाभार्थियों की पहचान "सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना 2011" के आधार पर की जाती है.

## उज्ज्वला योजना के लक्ष्य

प्रारंभिक चरण में इस योजना का लक्ष्य 5 करोड़ कनेक्शन उपलब्ध कराना था. यह लक्ष्य निर्धारित समय से पहले ही 2018 में पूरा कर लिया गया था. 2020 तक 7.4 करोड़ कनेक्शन दिए जा चुके थे और आठ करोड़ कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. मुफ्त रसोई गैस वितरण के मामले में यह विश्व का एक अनोखा रिकॉर्ड है.

डब्ल्यूएचओ और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संस्थान ने भी इस योजना की सराहना की है. 1 फरवरी 2021 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उज्ज्वला के विस्तार का एलान करते हुए कहा था

कि एक करोड़ अतिरिक्त लाभार्थियों को भी इस योजना के दायरे में लाया जाएगा. इस योजना की बुनियाद 'गिव इट अप' सब्सिडी कैंपेन के जरिये भी रखी गई थी. अभी तक इस कैंपेन के जरिये एक करोड़ से अधिक लोगों ने गैस सब्सिडी को अपने आप छोड़ा है. इसके जरिये तकरीबन 5000 करोड़ रुपये की बचत हुई है. साथ ही गैस सिलेंडर वितरकों की संख्या को भी बढ़ाया गया है. ग्रामीण इलाकों में नए 10,000 वितरकों को अनुमति दी गई है. इस योजना के बाद से एलपीजी गैस की खपत में 56 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.

क्या हैं कैग की आपत्तियां? इस योजना के क्रियान्वयन के बाद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं. कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है. ऑडिट के दौरान यह पाया गया कि 1.98 लाख लाभार्थी औसतन 12 से अधिक सिलेंडरों की वार्षिक खपत कर रहे हैं. कैग ने सीधा प्रश्न किया है कि कैसे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग इतनी ज्यादा खपत कर सकते हैं?

आगे रिपोर्ट में कहा गया है कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 13.96 लाख उपभोक्ता ने 1 महीने में 3 से 41 बार तक एलपीजी सिलेंडर रीफिल कराएं हैं. वहीं, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के आंकड़ों के मुताबिक, 3.44 लाख ऐसे उपभोक्ताओं का मामला सामने आया है जिन्होंने 1 दिन में 2 से 20 एलपीजी सिलेंडर रीफिल कराएं है. लेकिन, योजना के नियमों के मुताबिक कनेक्शन की वैधता केवल एक सिलेंडर तक ही सीमित है.

कैग ने लिखा है कि इस योजना के तहत लाभार्थियों की पहचान में भी लापरवाही बरती गई और सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना 2011 में पंजीकृत न होने वाले लोगों को भी लाभार्थी के रूप में योजना का लाभ दिया गया है. यह योजना बीपीएल परिवार की महिलाओं के लिए लाई गई थी. लेकिन, ऑडिट के दौरान पाया गया कि 1.88 लाख कनेक्शन पुरुषों को भी जारी किए गए हैं.

इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को ही कनेक्शन दिया जाना था. लेकिन, 8.59 लाख कनेक्शन उन लाभार्थियों को दिए गए जिनकी उम्र एसईसीसी-2011 के अनुसार 18 वर्ष से कम थी. 12, 465 तो ऐसे मामले रहे जहां एक ही लाभार्थी को दो बार कनेक्शन दिए गए.

आगे रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 दिसंबर 2018 तक 3.18 करोड़ उज्ज्वला उपभोक्ताओं ने महज तीन सिलेंडर प्रतिवर्ष ही रीफिल कराया है. इसका आशय यह हुआ कि लोगों को

इस योजना के तहत कनेक्शन तो मिल रहे हैं. लेकिन, आर्थिक कमजोरी की वजह से वे इसे रीफिल नहीं करा पा रहे हैं.

**क्या है कैग का सुझाव?**

कैग ने सुझाव के रूप में कहा है कि सरकार को आधार संख्या के विवरण के आधार पर फर्जी और दोहरे कनेक्शनों की जांच करनी चाहिए और तीसरे पक्ष से समय-समय पर इसका ऑडिट करवाना चाहिए.

सरकार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की प्रमाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए ई-केवाईसी जैसी किसी पहल की शुरुआत करनी चाहिए. जैसे बैंक केवाईसी के जरिये अपने उपभोक्ताओं की सामान्य जानकारी जुटाकर प्रमाणिकता को सुनिश्चित करते हैं. ठीक उसी तर्ज पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों का भी केवाईसी होना चाहिए. उज्ज्वला योजना के जरिये महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन के लिए एक सोशल ऑडिट की भी जरूरत है ताकि इस योजना के सामाजिक प्रभाव को भी सही ढंग से समझा जा सके.

**Article link:** ***https://m.economictimes.com/hindi/wealth/personal-finance/why-did-the-cag-raise-questions-on-the-pm-ujjwala-yojana/articleshow/81530042.cms***

PUBLISHED DATE: - APRIL 5,2021

# 16. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना : अब तक अपना लक्ष्य पूरा करने में कितनी सफल रही?

**-- Miss Muskan Chaurasia**

20 लाख करोड़ के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेहड़ी-पटरी लगाने वाले छोटे व्यापारी और दुकानदारों के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरुआत की थी. इस योजना के अंतर्गत 10,000 रुपये तक का लोन रेहड़ी पटरी कारोबारियों को दिया जा रहा है. कोविड-19 से प्रभावित पटरी कारोबारियों को दोबारा व्यापार सुचारु ढंग से चलाने के लिए यह योजना चल रही है. इस योजना की जिम्मेदारी केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के पास है. इस योजना की फंडिंग भी यही मंत्रालय कर रहा है.

हाल ही में प्रधानमंत्री ने 3,00,000 रेहड़ी पटरी दुकानदारों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़कर इस योजना की शुरूआत की. मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि इस योजना के अंतर्गत कुल 41,18,397 आवेदन आए हैं. उनमें से 23,87,276 आवेदनों को मंजूरी दी गई है. 20,06,147 आवेदनों को 10,000 रुपये का कर्ज जारी किया जा चुका है.

इस योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के लिए एक निश्चित लाभार्थियों की संख्या निर्धारित की गई है, जिसमें सबसे अधिक लक्ष्य उत्तर प्रदेश (8,00,000) को दिया गया है. देश में मौजूद 3 लाख से अधिक साझा सेवा केंद्रों (सीएससी) के जरिये इस योजना का लाभ लिया जा सकता है.

इस योजना के अंतर्गत हर उस रेहड़ी-पटरी कारोबारी को लोन मिल सकता है जो मार्च 24, 2020 को या उससे पहले इस तरह के कारोबार में लगा हुआ था. इसके लिए कारोबारी को स्थानीय निकाय से रेहड़ी-पटरी दुकानदार होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेग जिन कारोबारियों के पास स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र मौजूद नहीं है, लेकिन वे स्थानीय निकाय द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में शामिल रहे हैं, उनको भी इसका लाभ प्रदान किया जाएगा. डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये भी आवेदन करने वाले दुकानदारों को 15 दिन के अंदर एक वैकल्पिक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है. विभिन्न स्रोतों का अध्ययन करने पर यह पता चलता है कि भारत में तकरीबन 50 से 60 लाख की संख्या में रेहड़ी-पटरी कारोबारी

मौजूद हैं और बड़े शहरों एवं महानगर में इनकी संख्या अधिक है. इनमें से अधिकतम अन्य राज्यों से दूसरे राज्यों में प्रवासी के रूप में मौजूद है.

इस योजना की सबसे विशेष बात लोन के भुगतान की है. समय पर लोन भुगतान करने वाले लाभार्थियों को इंटरेस्ट सब्सिडी दी जाएगी. साथ ही साथ समय पर भुगतान करने पर अगले वर्ष के लिए भी दोबारा कर्ज प्रदान कर दिया जाएगा. इस दौरान अगर कोई रेहड़ी-पटरी कारोबारी डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देता है तो सरकार उसे विभिन्न अधिकृत डिजिटल पेमेंट माध्यमों के जरिये कैशबैक जैसी प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध करा रही है.

ऐसे प्रयास के पीछे सरकार का ध्यान बेहतर लेनदेन को बढ़ावा देने का है. सही समय पर भुगतान करने वाले दुकानदारों को किसी भी तरीके की पेनाल्टी या संपत्ति गिरवी रखने की भी जरूरत नहीं है. इस योजना की सबसे बड़ी समस्या रेहड़ी-पटरी कारोबारियों की पहचान करना है. कारण है कि इनकी ज्यादातर आबादी सर्वेक्षण के दायरे में नहीं है. उदाहरण के लिए मुंबई महानगर पालिका में 15,000 लाइसेंस वाले कारोबारी मौजूद हैं. लेकिन, एक अनुमान की मानें तो सिर्फ इस शहर में तकरीबन ढाई लाख रेहड़ी-पटरी दुकानदार मौजूद हैं.

साथ ही 10,000 रुपये की राशि बहुतायत कारोबारियों के लिए पर्याप्त नहीं है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत तकरीबन 28 रुपये प्रतिदिन सरकार मदद के रूप में रेहड़ी पटरी कारोबारियों को दे रही है. जबकि उनकी जरूरत कई गुना की है. कोविड-19 ने सबसे अधिक असंगठित क्षेत्र को प्रभावित किया है. उसमें इस क्षेत्र का हिस्सा बहुत बड़ा है. सरकार को चाहिए कि एक नए सर्वेक्षण के जरिये सभी रेहड़ी पटरी कारोबारियों को चिन्हित करते हुए डिजिटल कार्ड बनाए.

इस डिजिटल कार्ड को इस योजना के अंतर्गत राशि भुगतान के रूप में इस्तेमाल किया जाए. इससे सही लाभार्थियों को लाभ भी मिल सकेगा और इन कारोबारियों को एक डिजिटल डाटा भी सुनिश्चित हो सकेगा. साथ ही इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि को बढ़ाने की जरूरत है. कोविड-19 की वजह से तबाह हो चुके इस तबके को अधिक वित्तीय जरूरत है.

**Article link :** ***https://economictimes.indiatimes.com/hindi/wealth/rina/pradhan-mantri-svanidhi-yojana-how-successful-it-has-been-in-achieving-its-goal-so-far/articleshow/81912063.cms***

PUBLISHED DATE:- APRIL 12 ,2021

## 17. पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या पड़ेगा असर?

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्गीय परिवारों के बजट पर काफी असर डाला है. पिछले साल लॉकडाउन ने आर्थिक गतिविधियों पर असर डाला था. अर्थव्यवस्था खुलने के बाद से पेट्रोल और डीजल की मांग बढ़ रही है. लेकिन, इनकी बढ़ती कीमतों ने मुश्किल पैद कर दी है. उधर, खाड़ी के देशों में चल रहे तनाव से कच्चे तेल की आपूर्ति में भी बाधा आई है. तेल उत्पादक देशों के संगठन 'ओपेक' ने आपूर्ति में कमी की है. इससे पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं.

### क्या होगा भारत पर प्रभाव?

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है. हमारे यहां सबसे अधिक तेल सऊदी अरब और इराक से आयात किया जाता है. तेल का इतना बड़ा आयातक देश होने की वजह से भारत पर विदेशी मुद्रा भंडार का अतिरिक्त भार पड़ता है. आरबीआई की एक रिपोर्ट कहती है कि कच्चे तेल के दामों में प्रति बैरल $10 की कीमत वृद्धि होने से भारत सरकार का 12.5 बिलियन डॉलर का घाटा बढ़ जाता है. भारत 100 बिलियन डालर से अधिक का खर्च पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर करता है. वर्तमान में बढ़ते कच्चे तेल के दाम प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही रूप से देश की अर्थव्यवस्था में महंगाई का कारण बन जाते हैं. पिछले सालों में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है. एलपीजी गैस के आकड़ों को देखे तो पता चलता है कि पिछले 7 सालों में इसका दाम दोगुना हो गया है. 1 मार्च 2014 को एक एलपीजी का दाम ₹410.5 था. अब यह ₹819 प्रति सिलिंडर हो चुका है. मार्च 2014 की तुलना में 'केरोसिन आयल' भी ₹14.96 प्रति लीटर से बढ़कर ₹35.35 प्रति लीटर हो चुका है. मई 2014 में कच्चे तेल की बेस प्राइस बिना किसी अतिरिक्त कर के ₹45.12 रुपए थी और कर को सम्मिलित करते हुए, पेट्रोल ₹71-₹72 प्रति लीटर बिकता था.

आज इसकी बेस प्राइस ₹26.7 रुपए हैं और विभिन्न करों को शामिल करके पेट्रोल ₹90 से ₹100 के बीच में बिक रहा है. वर्तमान में केंद्र सरकार ₹32.90 प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी पेट्रोल पर और ₹31.80 प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी डीजल पर वसूल रही है. वर्ष

2013 में डीजल और पेट्रोल के जरिए कुल ₹52, 537 करोड रुपए कर के रूप में वसूले गए थे. वही 2019-20 में यह बढ़कर 2.94 लाख करोड़ रुपए हो चुका है. वर्ष 2013-14 मई कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत $104.04 प्रति बैरल थी जो आज वर्तमान में $60 से $61 प्रति बैरल चल रही तेल के दामों में बेतहाशा वृद्धि की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है.

तेल के दामों में बेतहाशा वृद्धि की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है. तेल के बढ़ते दाम महंगाई का एक बहुत बड़ा कारण बनेंगे और आम जनता की कमाई और खर्च में बड़ी गिरावट पैदा करेंगे. कोविड-19 की आर्थिक तबाही ने पहले ही आम जनता की कमाई में बड़ी कटौती की है और तेल के बढ़ते दाम इस प्रभाव को दोगुना कर देंगे. लेकिन सरकार भी यहां बहुत कुछ कर नहीं सकती है. आर्थिक गतिविधियों के बंद रहने की वजह से पहले ही वित्तीय घाटा अप्रत्याशित रूप से बढ़ा हुआ है.

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह भी निर्धारित लक्ष्य से बेहद कम है. इधर राज्य सरकारें तो बिल्कुल ही नहीं चाहेंगी कि उनको किसी तरीके की कर कटौती के जरिए तेल के दामों को कम करना पड़े. कोविड-19 के दौरान पहले ही राज्य सरकारों का राजस्व अप्रत्याशित रूप से घटा है और ऐसी स्थिति में किसी भी तरीके की कर कटौती राज्य सरकारों के खजाने को खाली कर देगी. इसलिए आने वाले अभी कुछ महीनों तक तेल के दामों में किसी भी तरीके की बड़ी कटौती का अनुमान नहीं किया जा सकता है.

**क्या हो सकता है संभावित हल?**

सरकार पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार कर सकती है. जीएसटी व्यवस्था का सबसे उच्च दर यानी कि 28% भी पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में काफी कमी लाएगा. साथ ही साथ गैर पेट्रोलियम वाहनों एवं संयंत्रों के विकसित करने पर काम किया जाना चाहिए. यह बेहद जरूरी हो चुका है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में नए ऊर्जा विकल्पों की तलाश की जाए और उनको विकसित करने का काम किया जाए. कच्चे तेलों के लिए आयात पर निर्भर रहना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी लंबे समय से नकारात्मक परिणाम दे रहा है. सौर ऊर्जा एवं हाइड्रोजन ऊर्जा जैसे नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों पर काम कर भारत अपनी निर्भरता पेट्रोलियम पदार्थों से कम कर सकता है. साथ ही ऐसे नवीनीकरण ऊर्जा स्रोत पर्यावरण की दृष्टि से भी काफी सकारात्मक होंगे.

**Article Link*:- https://m.economictimes.com/hindi/news/what-will-be-impact-of-increase-in-petrol-diesel-prices-on-economy/articleshow/82032427.cms***

PUBLISHED DATE- MAY 3,2021

# 18. कैसा है भारत की आर्थिक वृद्धि और मानव विकास में सम्बंध?

**-Mr. Vikrant Nirmala Singh**

कोविड-19 के प्रभाव में पूरी दुनिया को एक बार पुनः मानव विकास और आर्थिक वृद्धि के मध्य संबंध पर चिंतन करने को मजबूर किया है। सवाल यह है कि क्या मानव विकास का वर्तमान स्वरुप मौजूदा आर्थिक वृद्धि की तुलना में न्यायोचित है? यह सवाल इसलिए जरूरी हो जाता है क्योंकि पिछले पांच दशकों में वैश्विक अर्थव्यवस्था कई गुना से बड़ी है लेकिन अर्थव्यवस्था के सबसे प्रमुख घटक यानी कि मानव का विकास इसकी तुलना में बेहद धीमी गति से हुआ है।

आर्थिक वृद्धि और मानव विकास के संदर्भ में सबसे पहले डॉ अमृत्य सेन और डॉ महबूब उल हक ने बताया था। आज पूरी दुनिया में आर्थिक विकास की गुणवत्ता को वहां के मानव विकास के आधार पर देखा जाने लगा है। आज दुनिया के देशों की तुलना में जीडीपी के आधार पर नहीं बल्कि भुखमरी, गरीबी, मानव विकास, नागरिक स्वतंत्रता, लैंगिक समानता आदि जैसे पैमानों पर की जाने लगी है। भारत के संदर्भ में तो यह बहस काफी विस्तृत और चिंतनीय हो जाती है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की कहानी

वर्तमान में भारत 132 करोड़ आबादी का देश है और संख्या की दृष्टि से दुनिया में मानव पूंजी का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की कहानी ने काफी प्रभावित किया है। 90 के दशक के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था उन चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में से एक रही है, जिसने दुनिया की अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक योगदान किया है। लेकिन भारत के संदर्भ में व्याप्त आर्थिक असमानता, गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा जैसे ढेरों सवाल इसके आर्थिक विकास पर प्रश्नचिन्ह लगाते रहे हैं।

1947 में आजादी के उपरांत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने गरीबी, अवसरों की समानता, व्याप्त बीमारियों के समाप्त करने को सबसे बड़ी आजादी के रूप में रखा था। पहली पंचवर्षीय योजना में तो इसके संदर्भ में बहुत विस्तृत रूपरेखा नहीं मिलती है, परंतु द्वितीय पंचवर्षीय योजना में तेज औद्योगिकरण के जरिए राष्ट्रीय आय में बढ़ोतरी कर

लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाने की वकालत की गई थी। आगे चलकर आठवीं पंचवर्षीय योजना में मानव विकास को केंद्रित लक्ष्य मानकर रोजगार, जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल एवं बुनियादी ढांचे पर अधिक काम करने की बात कही गई थी। लेकिन इन सभी पंचवर्षीय योजना के अध्ययन के उपरांत यह बहस आज भी बरकरार है कि भारतीय आर्थिक विकास का इसके मानव विकास पर क्या प्रभाव रहा है?

## भारत की स्थिति अभी भी दयनीय

मानव विकास के कुछ पैमानों पर भारत को देखें तो हम आते हैं कि भारत की स्थिति अभी भी दयनीय बनी हुई है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 94 वें स्थान पर है। हैप्पीनेस इंडेक्स में 139 वें स्थान पर है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जाना जाने वाला भारत, डेमोक्रेसी इंडेक्स में 53 वें स्थान पर है। ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में 112 वें स्थान पर है। गरीबी सूचकांक में 62 वें स्थान पर है। भारत की सबसे बुरी स्तिथि आर्थिक असमानता के क्षेत्र में है। महज 1 फीसदी आबादी के पास कुल 70 फीसदी से अधिक की संपत्ति मौजूद है। लेकिन कुछ क्षेत्रों में भारत की स्थिति सुधरी भी है। भारत की प्रति व्यक्ति आय दर में काफी सुधार हुआ है। वर्ष 1950 में भारत की सालाना प्रति व्यक्ति आय दर 5708 रुपए थी जो वर्तमान में 1.08 लाख के पास है। जीवन प्रत्याशा दर में भी बड़ा सुधार हुआ है। सन 1950 में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा दर 37.2 वर्ष और महिलाओं की 36.2 वर्ष थी, जो वर्तमान में दोनों वर्गों के लिए 70 वर्ष के पार पहुंच रही है।

भारत की साक्षरता दर में भी काफी इजाफा हुआ है। वर्ष 1950-51 में भारत की साक्षरता दर 16.67 फ़ीसदी थी, जो वर्तमान में बढ़कर 77 फीसदी हो चुकी है। भारत की व्यवसायिक संरचना में भी काफी बदलाव आया है। वर्ष 1950-51 में कृषि क्षेत्र 72.1 फ़ीसदी, निर्माण क्षेत्र 10.7 फीसदी और सेवा क्षेत्र 17.2 फीसदी रोजगार उपलब्ध कराता था, आज यह बदलकर 41.49 फ़ीसदी, 26.18 फीसदी और 32.33 फीसदी क्रमशः हो चुका है। साथ ही साथ इनका कुल जीडीपी में योगदान का प्रतिशत भी बदल चुका है। सन 1950-51 में कृषि क्षेत्र 59%, निर्माण क्षेत्र 13 % और सेवा क्षेत्र 28 % का जीडीपी में योगदान रहता था। लेकिन वर्तमान में यह क्रमशः 17.76%, 27.48% और 54.7 % का आकड़ा हो गया है। यह महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी भी 50 फ़ीसदी आबादी कृषि क्षेत्र पर निर्भर है, लेकिन जीडीपी में उसका कुल योगदान घटकर महज 17 फ़ीसदी हो चुका है।

इसलिए भारतीय मानव विकास और आर्थिक वृद्धि में कुछ सकारात्मक और नकारात्मक संबंध देखने को मिलते हैं। लेकिन निष्कर्ष की बात करें तो यही कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज विकास ने मानव विकास में उतना योगदान नहीं किया है, जितना

उम्मीद किया गया था। इसके पीछे कुछ बुनियादी कारण है। भारत का डाटा इन्फ्राएस्ट्रक्चर यानी कि आंकड़ों को एकत्रित करने का तरीका इतना मजबूत नहीं है कि असली लाभार्थी तक पहुंच कर मानव विकास को सुनिश्चित किया जा सके। इसलिए आजादी के बाद से बनी हजारों नीतियों का लाभ कभी भी उतना नहीं मिल सका। एक और बड़ी समस्या आबादी के चिन्हित करने की भी रही है। जिस आबादी को चिन्हित करके उसके मानव विकास को सुनिश्चित किया जाना था, वह कभी भी ठीक ढंग से नहीं हो सका। एक सामान्यीकरण तरीके से योजना का निर्माण और उनका क्रियान्वयन होता रहा लेकिन यह व्यक्तिगत रूप में किया जाना चाहिए था। मानव विकास के मायने व्यक्ति दर व्यक्ति व्यक्ति बदलते रहते हैं इसलिए सामान्य नजरिया बहुत लाभान्वित करता नहीं दिखता है। वर्तमान में भारत की सबसे बड़ी जरूरत है कि वह अपने आर्थिक वृद्धि को पुनः ठीक कर मानव विकास को सुनिश्चित करें। कोविड-19 की महामारी ना सिर्फ आर्थिक विकास बल्कि मानव विकास को भी बहुत बुरे तरीके से प्रभावित कर रही है।

***Article Link:- https://newstrack.com/opinion/india-economic-growth-and-human-development-written-by-vikrant-singh-261568?infinitescroll=1***

PUBLISHED DATE:- MAY 5,2021

# 19. If I was the Prime Minister of India…

**--Mr Vipin Vihari Ram Tripathi**

With increasing heated debates on the governmental strategy to tackle covid, as a constructive criticizer, I decided to pen my views on the prevailing pandemic situation. After keeping a continuous track of the recent (un) clear numbers on covid, I firmly believe that the current union government and federal associates have failed to deliver effectively in the desired direction. The recent comments and alarms raised by the judiciary is the ultimate proof of the government's failure. Today, 04th May 2021, I tried to imagine myself as the Prime Minister of the country and mined all the possible steps that should be taken by me to effectively and efficiently tackle this deadly coronavirus. As a result, I have segmented the policy framework to significantly bring down the number of covid cases and minimize unfortunate fatalities. Following are my strategic steps/ plan of action:

Firstly, I will direct the medical professional experts to form multiple special task forces (STF) to identify the most affected districts of the country and present true and transparent data for appropriate and prompt remedial measures. Eventually, after consulting with the various stakeholders, a 15 days' strict lockdown should be imposed on these highly affected districts to break the virus chain and reduce the burden of health- care family.

Secondly, I will direct all the concerned machinery to mobilize the medical resources from the least affected states to the most affected states so that latter areas can be tackled with much-needed medical resources and thus fatality rate can be reduced. Most importantly, I will ask CAPF to overtake the responsibility of transporting oxygen supply in a mission mode and supplement them with a green corridor for entry and exit.

Thirdly, it is true that the major portion of the total population is in panic and most importantly they are losing faith in the governance. However, it is also true that even today PM has considerable influencing power. So, as the head of the government, I will address the nation for rebuilding public confidence as this cruel battle can't be won without active public participation. During the address to the nation, I will focus on the following six major areas:

a. To control the rapidly rising cases in the most affected areas such as Maharashtra, Kerala, Uttar Pradesh, Karnataka and Delhi, I will urge the stakeholders to ensure targeted mass vaccination to these areas on a high priority basis. Furthermore, I will

request the public of the least affected areas to show deliberated patience for the next 10 days and allow rapid vaccination to more prone areas.

b. Liberalize licensing norms for vaccine development. As suggested by Bharat Jhunjhunwala, there is enough space for surpassing WTO's product based patent agreements in the name of national interest. It will enable mass vaccine production. To meet the cost of large scale vaccine production and supply, I will urge financially sound families to voluntary give up free vaccination and prefer paid vaccination. Effective logistics management vaccines will the key priority. In addition, I will urge people to donate their one- day salary, or otherwise to help the government in creating financial space for procuring more vaccines, even from foreign states.

c. Issue a strict warning to the drug stockiest who is black-marketing important drugs such as remdesivir, tocilizumab, doxy etc. and those manhandling the oxygen and other medical equipment supplies.

d. Announce a real relief package for the affected population.

e. Stop all kinds of mass gatherings from immediate effect.

f. Lastly, I will thank all the corona warriors fold handed who are making enormous efforts to save this country from the cruel deadly virus. Fourth, I will urge all national and regional political parties to collaborate and co-operate in mitigating and overcoming this deadly pandemic. The exchange of governance experience can be of immense use in dealing with this cunning enemy. Furthermore, as the virus doesn't differentiate geographical boundaries, global cooperation is the ultimate need of the hour. It's time to bring together international friends to rescue a friend. In addition, I would reiterate United Nations to rethink about its foundational significance.

None can deny that the second wave of covid have pushed the country in the lap of uncertainties, panic. Fear, and created a trust deficit. With large number of cases, high fatality rate, social unrest, and collapsing health care facilities, resolute and progressive decisions need to be taken. As the leader of the country, I will make efforts to bring all the stakeholders under one roof and rebuild the belief that this tragic pandemic can be defeated with synchronized efforts. My first priority is saving lives.

***Article Link: http://www.fetc.org.in/if-i-was-the-prime-minister-of-india/***

PUBLISHED DATE:- MAY 7, 2021

## 20. Second Wave of Covid-19: A big shock to Indian Economy

**--Mr.Vikrant Nirmala Singh**

Always remember that the most prominent tonic for the economy is “trust”. If it stays strong then investors invest, consumers spend and eventually economy prospers. The second surge of Covid-19 in India has already overburdened the health- care system and is expected to drastically affect the Indian Economy. Just as the current Indian health infrastructure is proving to be inadequate in preventing the tsunami of the Covid-19, in the same way, this is also going to halt the recovery process of the Indian economy which has been already affected due to the first blanket lockdown. It had already propelled the Indian economy into a deep recession. Even a sizeable economic package of Rs. 20 lakh crore proved insufficient in restabilising the Indian economy. The Indian economy had contracted at the rate of 24% in the first quarter of 2020-21.

After a nationwide lockdown, when the Indian economy started to pick up again, it failed to gain desired results. Even in the September quarter, the rate of contraction was – 7.5%. However, eventually, the Indian economy started showing some improvements. It had witnessed some positive results at the end of the last financial year. For example, in February and March, the GST collection was more than Rs.1 lakh crore. In February, the total GST collection was Rs. 1, 13,145 crore, and in March, it reached its ever highest Rs. 1, 23,902 crore. The PMI (Purchasing Manager Index) also showed significant improvements. The PMI has been above 50 from January to April, indicating the expansion of the economy. PMI was 57.7 in January and 57.5 in February. But with the cruel second surge of Covid-19 cases since March and subsequent lockdowns by some state governments, PMI has shown a slight decline. The PMI index has come down to 55.5 in April.

Presently, there are two significant challenges in front of the Indian economy. The first is the lockdown imposed by the states in different states throughout India to prevent the Covid-19 virus and the declining confidence of the Indian consumer in the economy. Lockdown is the need of the hour. Even a highly organised nationwide lockdown is needed to break the virus chain. Yes, it will result in economic distress, but now life is more important. But the second biggest problem is ‘People trust in the economy’. This is the area where the government must look to reduce the broadening trust deficit. The foundation of any economy is the trust of consumers. When consumers have confidence in the economy, they do not hesitate to spend even after taking loans. Because it is expected that shortly more income generation opportunities will be created and they will be able to continue the process of consumption. But if he is apprehensive about the economy, he will afraid to spend

his accumulated capital too. He feels that the present time is not to spend but to accumulate which ultimately proves to be highly harmful to the economy.

Currently, the consumer confidence index of the Indian economy has dropped. According to the RBI data, the confidence index of the Indian economy has come down to 53.1 in March 2021 from 55.5 in January. This means that since the second wave of Covid-19 has surged, once again, consumers' confidence is falling in the economy.

**What should be done to reduce the impact on the economy?**

At present, a nationwide lockdown cannot be figured out even though it will have serious economic consequences. But the central and state governments can reduce the economic impact of the second wave at their level. This can be done through a well-planned economic package. This time country needs an economic package that is demand-based and must be able to bring the consumer into the market. The biggest drawback of the previous Rs. 20 lakh crore economic package was that it was a supply-based package, while the problem in the economy was demand-based. This package must focus on those aspects which directly affects the consumer. There should be a big cash transfer scheme in it. The weaker section of the society must be provided with a basic income. When the government gives direct money in the hands of the people, then the people's confidence will remain in the economy. People will spend in the market and demand-side problems can be corrected. Always remember that the most prominent tonic for the economy is "trust". If it stays strong, then investors invest, consumers spend and eventually economy prospers.

***Article link: http://www.fetc.org.in/second-wave-of-covid-19-a-big-shock-to-indian-economy/***

PUBLISHED DATE:- MAY 8, 2021

## 21.भारत कैसे रोक सकता है दूसरी लहर के आर्थिक प्रभाव को..?

**- Mr.Vikrant Nirmala Singh**

कोविड-19 (Covid-19) की दूसरी सुनामी स्वास्थ्य ढांचे के साथ-साथ आर्थिक ढांचे के लिए भी बेहद नकारात्मक होने जा रही है। जैसे भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था दूसरी कोविड-19 की सुनामी को रोकने में अपर्याप्त साबित हो रही है, ठीक वैसे ही इसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था के सुधारों पर भी पड़ने वाला है। कोविड-19 की पहली लहर को रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक गहरी मंदी की तरफ ढकेल दिया था। 20 लाख करोड़ का बड़ा आर्थिक पैकेज भी भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए नाकाफी साबित हो रहा था। परिणामस्वरूप 2020-21 की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 24% की दर से सिकुड़ गई थी।

एक लंबे लॉकडाउन (Lockdown) के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था पुनः गतिमान हुई तब भी भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian Economy) को लेकर सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिले थे। सितंबर महीने में भी अर्थव्यवस्था के सिकुड़न की दर 7.5% रही थी। लेकिन सितंबर महीने के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार दिखने लगा था। इस वित्त वर्ष के आखिरी में भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ सकारात्मक परिणाम देखने को भी मिले थे। उदाहरण के लिए फरवरी और मार्च महीने में जीएसटी कलेक्शन 1 लाख करोड़ से अधिक का हुआ था। फरवरी महीने में जहां जीएसटी का कलेक्शन कुल 1,13,145 करोड़ रुपए का था, वहीं मार्च महीने में यह सर्वाधिक 1,23,902 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पीएमआई ( परचेसिंग मैनेजर इंडेक्स) में भी तेजी के सुधार देखने को मिल रहा था। जनवरी से लेकर अप्रैल तक पीएमआई 50 से ऊपर रही है जो कि अर्थव्यवस्था के विस्तार का संकेत करता है। इसका आशय यह हुआ कि अर्थव्यवस्था में निर्माण क्षेत्र सुधार के संकेत मिल रहे थे। जनवरी में पीएमआई 57.7 और फरवरी में 57.5 थी। लेकिन मार्च के अंत में कोविड-19 की दूसरी सुनामी के साथ ही यहां भी हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। अप्रैल में पीएमआई इंडेक्स घटकर 55.5 हो गया है।

वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने दो सबसे प्रमुख चुनौतियां मौजूद हैं। पहला राज्यों के जरिए कोविड-19 की रोकथाम हेतु लगाए जा रहे लॉकडाउन और दूसरा भारतीय उपभोक्ता का अर्थव्यवस्था में घटता भरोसा। लॉकडाउन वर्तमान समय की जरूरत है। वायरस की चेन तोड़ने के लिए एक बेहद संगठित देशव्यापी लॉकडाउन की जरूरत है। निश्चित ही इससे अर्थव्यवस्था नकारात्मक प्रभाव रहेगा लेकिन वर्तमान में लोगों जीवन ज्यादा

जरूरी है। लेकिन दूसरी सबसे बड़ी समस्या 'अर्थव्यवस्था में भरोसे' का है। यह वह पहलू है, जहां सरकार अगर सही तरीके से निर्णय ले तो अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सकता है। असल में किसी भी अर्थव्यवस्था की बुनियाद उपभोक्ताओं का भरोसा होता है। जब उपभोक्ताओं को अर्थव्यवस्था में भरोसा होता है तो वह कर्ज लेकर भी खर्च करने से नहीं संकोच करता है। क्योंकि उसे उम्मीद होती है कि निकट भविष्य में आय सृजन के अवसरों का निर्माण होगा और वह आसानी से उपभोग की प्रक्रिया को जारी रख सकेगा। लेकिन अगर वह अर्थव्यवस्था को लेकर आशंकित हैं तो वह अपनी जमा पूंजी भी खर्च करने से डरता है। उसे लगता है कि अभी का समय खर्च करने का नहीं बल्कि संचित करने का है। यदि स्थिति अर्थव्यवस्था के लिए बेहद नकारात्मक साबित होती है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का उपभोक्ता भरोसा सूचकांक गिरा हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था का भरोसा सूचकांक मार्च 2021 में घटकर 53.1 हो गया है जो कि जनवरी में 55.5 था। इसका आशय यह है कि कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद से एक बार पुनः उपभोक्ताओं का भरोसा अर्थव्यवस्था में टूट रहा है।

## अर्थव्यवस्था पर प्रभाव कम करने के लिए क्या करें?

वर्तमान समय में एक देशव्यापी लॉकडाउन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह जानते हुए भी कि इसके गहरे आर्थिक परिणाम होंगे। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर पर दूसरी लहर के आर्थिक प्रभाव को कम कर सकती है। यही सुनियोजित आर्थिक पैकेज के जरिए किया जा सकता है। इस बार एक ऐसे आर्थिक पैकेज की जरूरत है जो मांग आधारित हो और बाजार में उपभोक्ता को खर्च करा सकने में सक्षम हो। पिछली 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज कि सबसे बड़ी कमी थी कि वह आपूर्ति आधारित पैकेज था, जबकि अर्थव्यवस्था में समस्या मांग आधारित समस्या थी। इस पैकेज में ध्यान रखना होगा कि यह सीधे उपभोक्ता को प्रभावित करता हो। इसमें निश्चित रूप से कोई बड़ी नकद स्थानांतरण की योजना होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था का जो सबसे कमजोर तबका है, उसको एक निश्चित राशि एक निश्चित समय के लिए अभी दी जानी चाहिए। जब सरकार लोगों के हाथ में सीधा पैसा देगी तो लोगों का भरोसा अर्थव्यवस्था में बना रहेगा। लोग बाजार में खर्च करेंगे और इससे मांग बनी रहेगी। हमें हमेशा याद रखना होगा कि अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ा टॉनिक "भरोसा" होता है। अगर यह मजबूत बना रहे तो निवेशक निवेश करते हैं, उपभोक्ता खर्च करते हैं और अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है।

***Article Link:- https://newstrack.com/opinion/impact-of-second-wave-of-corona-on-indian-economy-08-05-21-264119***

PUBLISHED DATE:- MAY 12, 2021

# 22. असल में हारी तो कांग्रेस है!

**-Mr.Vikrant Nirmala Singh**

पांच राज्यों के चुनाव परिणामों ने राजनीतिक गलियारों में कई नई चर्चाओं को जन्म दिया है। सबसे अधिक चर्चा बंगाल के परिणामों की है। पश्चिम बंगाल में ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस के ऐतिहासिक जीत ने सबको चौंकाया है। ऐसी जीत तो शायद ही किसी ने उम्मीद की थी। भारतीय जनता पार्टी के बेहद सख्त सांगठनिक मशीन और महंगे चुनावी अभियान के बावजूद भी 213 सीटों पर विजय हासिल करना, बंगाल में ममता दीदी की उपस्थिति को बल देता है और देश में विपक्ष के सूक्ष्म ही सही लेकिन एक नए विकल्प को भी दिखाता है। भले ही बंगाल में बीजेपी की हार सबसे बड़ी चर्चा का विषय हो, लेकिन इन पांच राज्यों में सबसे बड़ी हारी हुई पार्टी 'कांग्रेस' है। पांचों राज्यों की कुल 822 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस महज 70 सीटें जीत सकी है। यह जीती हुई सीटें कुल सीटों का महज 8.51% है। पश्चिम बंगाल में 0/292, तमिलनाडु में 18/234, पुडुचेरी में 2/30, असम में 29/126 और केरल में 21/140 सीटें ही काँग्रेस को मिलीं हैं।

कहीं भी कांग्रेस अपनी सरकार नहीं बना रही है। तमिलनाडु में वह सरकार में तो रहेगी लेकिन ना के बराबर। असम और केरल ऐसे दो राज्य रहें थे जहां कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी थी। खुद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कमान सम्भाला था। लेकिन इन राज्यों में भी इतना खराब प्रदर्शन इनके अभियान पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। हाँ यहां कोई कह सकता है कि बंगाल में भी तो मोदी-शाह ने भी पूरी ताकत लगा रखी थी फिर भी हार गए, लेकिन यहां समझना होगा कि बीजेपी बंगाल में पिछले दो चुनावों में 0 से 77 पहुंच गई जबकि कांग्रेस अपने मजबूत रहे राज्यों में सिकुड़ती जा रही है। कभी बंगाल में राजनीति का केंद्र रही कांग्रेस आज चर्चा से गायब है। हार को स्वीकारने के बजाय अभी भी बंगाल में बीजेपी के हार का जश्न ज्यादा है। इस बुरे प्रदर्शन के लिए जो जरूरी बुनियादी सवाल होने चाहिए थे, वह चुप हैं। असल में कांग्रेस के इस बुरे प्रदर्शन के पीछे कुछ बड़ी वजहें हैं जिन्हें वर्तमान में संगठन स्वीकारना नहीं चाहता है।

पहला कारण "प्रभावहीन राष्ट्रीय नेतृत्व" है। वर्तमान में पार्टी अस्वस्थ चल रहीं सोनिया गांधी के रूप में एक अंतरिम राष्ट्रीय अध्यक्ष के जरिए चल रही है। 2019 लोकसभा चुनाव की हार के बाद से ही पार्टी के पास अभी तक एक पूर्णकालिक अध्यक्ष नहीं है। वर्तमान में पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व भी दो खेमों में बटा हुआ है। जी-23 नाम के कांग्रेस नेताओं का एक समूह लंबे

समय से पार्टी के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन की आवाज उठा रहा है। इसे अब बगावती खेमा भी कहा जाने लगा है। एक दूसरा खेमा है जो गांधी परिवार के नजदीक रहकर पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार कर रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन दोनों ही खेमों में जमीन पर चुनाव लड़ कर जीतने वाले कुछ चंद नेता ही मौजूद है। जिले स्तर के नेताओं की तो बात दूर है, राज्य स्तर के पदाधिकारी भी अपने राष्ट्रीय नेता से मिलकर अपनी बात रखने के लिए संघर्ष करते हैं। स्थानीय कार्यकर्ता और राष्ट्रीय नेता के बीच में एक बड़ा खालीपन दिखता है, जबकि स्थानीय नेता चुनावी अभियान के संदर्भ में सबसे सटीक जानकारी दे सकते हैं। कांग्रेस के वर्तमान दोनों ही प्रमुख नेताओं की सबसे बड़ी चुनौती इनके इर्द-गिर्द कुछ चुनिंदा नेताओं की फौज है जो पार्टी की सही स्थिति की जानकारी पहुंचने नहीं देता है। यह समूह पार्टी की मलाई भी खाता है और राष्ट्रीय नेतृत्व से जमीनी कार्यकर्ताओं की पहुंच में और दूरी पैदा करता है। लेकिन सवाल ये भी है कि शीर्ष नेतृत्व साल में कितनी बार अपने जिला स्तर के कार्यकर्ताओं की खबर लेता है?

कांग्रेस की इस निराशाजनक प्रदर्शन का दूसरा कारण "अग्रिम हार स्वीकारना" है। शायद कांग्रेस भारतीय राजनीति में पहली पार्टी बनती जा रही है जो बहुत से राज्यों में चुनाव लड़ने से पहले ही हार स्वीकार लेती है। उदाहरण के लिए इस बार पार्टी बंगाल में पहले ही मैदान छोड़ चुकी थी। पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व शरू से ही बंगाल चुनाव से दूर था। चुनाव की पूरी जिम्मेदारी अधीर रंजन चौधरी को सौंप दी गई थी। शुरुआती दो चरणों में तो पार्टी के शीर्ष राष्ट्रीय नेताओं ने बंगाल में एक सभा तक नहीं की थी। यह कांग्रेस के भरोसे पर लड़ रहे तमाम प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के लिए किसी धोखे से कम नहीं है। प्रत्याशी और कार्यकर्ता अपने नेता की उम्मीद पर भी चुनाव लड़ते हैं, लेकिन कांग्रेस का यह रवैया उनके उम्मीदों को तोड़ रहा है। अगर यही हालात बने रहें तो आने वाले दिनों में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले लोग नहीं मिलेंगे। बंगाल में कभी लगा ही नहीं कि कांग्रेस चुनाव भी लड़ रही है। यही कारण है कि पार्टी 0 पर सिमट गई। जबकि पिछले बार कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थी। ऐसा ही समर्पण दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखने को मिला था। जब आप मजबूती से चुनाव लड़ते हैं तो हार और जीत के मध्य संगठन तैयार होता है। मजबूती से चुनाव लड़ने पर बूथ कार्यकर्ता तैयार होते हैं। भारत की सबसे पुरानी पार्टी के पास आज एक बड़ी संख्या में बूथों पर कार्यकर्ता मौजूद नहीं है।

तीसरा कारण "क्षेत्रीय दलों के भरोसे" चुनाव लड़ना है। वर्तमान में कांग्रेस बहुतायत राज्यों में किसी क्षेत्रीय दल की पीठ पर सवार होकर सत्ता में वापसी करना चाहती है। लेकिन ऐसा करने के प्रयास में पार्टी लगातार राज्य में अपनी उपस्थिति क्षेत्रीय दल के समक्ष खोती जा रही है। उदाहरण के लिए तमिलनाडु में ही कांग्रेस सरकार में तो होगी लेकिन उसके पास

महज 18 विधायक होंगे। बिहार में आज कांग्रेस अपने खुद के बूते चुनाव नहीं लड़ सकती है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस का यही हाल होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस के पास अकेले लड़ कर बहुत कुछ हासिल करने को नहीं दिखाई पड़ता है। पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। असम में भी कॉन्ग्रेस गठबंधन के सहारे है। केरल में भी पार्टी गठबंधन में ही चुनाव लड़ती है। झारखंड में भी पार्टी झामुमो के पीछे लड़ती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और पंजाब ही ऐसे कुछ चुनिंदा राज्य हैं जहां अभी पार्टी अकेले लड़ पाने में सक्षम है। यहां एक कारण क्षेत्रीय दलों का उभार भी नहीं है। लेकिन जहां भी क्षेत्रीय दल मजबूत हैं वहां कांग्रेस उनके पीछे खड़ी होकर लड़ती है। वह लगभग हर राज्य में नंबर दो के रूप में गठबंधन कर रही है। गठबंधन राजनीति का सबसे कमजोर पहलू यह है कि जिन सीटों पर आप चुनाव नहीं लड़ पाते हैं, वहां आपका संगठन कमजोर होने लगता है।

कांग्रेस की हार का चौथा "क्षेत्रीय क्षत्रपों" का ना होना भी है। पार्टी के पास क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावी चेहरों की कमी है। अधिकतर राज्यों में क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे प्रभावी चेहरे नहीं है जो अपने आधार पर कुछ प्रतिशत वोट पार्टी की तरफ ला सकें। जैसे कि भाजपा के पास मध्यप्रदेश में शिवराज, राजस्थान में वसुंधरा राजे, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस, कर्नाटक में येदुरप्पा आदि हैं। भाजपा हर राज्य में अपने कुछ क्षेत्रीय चेहरों को लगातार मजबूत करती रहती है। इसके ठीक विपरीत कांग्रेस राज्यों में उम्मीद बन रहे चेहरों को कमजोर करने का कार्य कर रही है। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस की उम्मीद थे, लेकिन पार्टी उन्हें नहीं बचा सकी। यही हाल राजस्थान में होता दिख रहा है। सचिन पायलट भविष्य तो है लेकिन राज्य में उनको उतनी जगह बनाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा ही कुछ असम में भी देखने को मिला था, जब हेमंत विश्वा शर्मा को पार्टी ने जाने दिया। आज हेमंत असम में बीजेपी से मुख्यमंत्री है। वर्तमान ही नहीं बल्कि अगर राज्यों में क्षेत्रीय दलों के उभार को भी देखें तो पाते हैं कि वर्तमान के कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं की ही देन है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, आंध्र प्रदेश में जगनमोहन रेड्डी या फिर महाराष्ट्र में शरद पवार हो, यह सभी नेता एक वक्त में कांग्रेस के मजबूत क्षेत्रीय चेहरे हुआ करते थे।

कांग्रेस पार्टी की इस बड़ी हार का पांचवां कारण "वैचारिक अस्पष्टता" है। पार्टी यह तय ही नहीं कर पाती है कि वह किस वैचारिक लड़ाई को लड़ रही है। हाल ही में पार्टी केरल में वामदल के खिलाफ लड़ रही थी और पश्चिम बंगाल में वाम दल से गठबंधन कर लड़ रही थी। पार्टी के नेता राहुल गांधी की राजनीति अभी भी अपरिपक्व नजर आती है। वह दुनिया के चुनिंदा बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर संवाद तो करते हैं लेकिन यह

भूल जाते हैं कि इसका असर देश के 90 फ़ीसदी से अधिक आबादी पर नहीं पड़ रहा है। वह पूंजीवाद पर हमला इस तरीके से कर रहे हैं कि ऐसा लगता है कि वह इस व्यवस्था के खिलाफ लड़ रहे हैं। लेकिन उन्हें यह तथ्य स्वीकार करना होगा कि इस देश का एक बहुत बड़ा तबका वर्तमान पूंजीवाद को स्वीकार कर चुका है और वह इसके विरोध में नहीं बल्कि इसमें सुधार की बात को पसंद करेगा। वर्तमान अर्थव्यवस्था में आप पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ मुखर होकर बहुत बड़ी राजनीतिक जमीन नहीं तैयार कर सकते हैं। अगर पूंजीवाद का विरोध राजनीतिक जमीन की बुनियाद है तो फिर इस देश में वाम विचारधारा का तेजी से विलुप्त होना सबसे बड़ा विरोधाभास है। कांग्रेस और राहुल गांधी को समझना होगा कि प्रधानमंत्री के वर्तमान पूंजीवादी विकास मॉडल की काट इसका विरोध नहीं बल्कि एक वैकल्पिक पूँजीवादी माडल ही हो सकता है। एक ऐसा माडल जो लोगों को आर्थिक शक्तियों के केंद्रीयकरण से निकालकर उनकी भागीदारी सुनिश्चत करने की बात रखता हो। कांग्रेस और राहुल गांधी की वर्तमान रणनीति इन्हें खुले अर्थव्यवस्था में आर्थिक सुधारों के एक बड़े विरोधी के रूप में पेश कर रही है। इन्हें ध्यान रखना होगा कि वर्तमान में जिस नई पीढ़ी के मतों से सत्ता का निर्धारण हो रहा है, वह रोजगार के मामलों में सबसे अधिक लाभान्वित इसी पूंजीवादी व्यवस्था से हो रही है। भारत का फैलता मिडिल क्लास भी पूंजीवाद के खिलाफ नहीं हो सकता है।

कांग्रेस को चाहिए कि समय रहते दल में जरूरी सुधारों को लागू करें, नहीं तो जनता राज्यों में विकल्प के रूप में क्षेत्रीय दलों को चुनती रहेगी और केंद्र में एक निरंकुशता बनी रहेगी। कांग्रेस को यह कड़वा सच स्वीकारना होगा कि वह अपने वर्तमान नीति और नियम से भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती है। राज्यों में क्षेत्रीय दलों की पीठ की सवारी आने वाले दिनों में संगठन को और कमजोर करेगा। कोई भी सहयोगी क्षेत्रीय दल अपने राज्य में गठबंधन साथी को अपने से ज्यादा मजबूत नहीं होने देना चाहता है। राष्ट्रीय नेतृत्व को जितना जल्दी हो सके अपना सेनापति चुन लेना चाहिए क्योंकि बिना सेनापति के सेना युद्ध नहीं जीत सकती।

***Article Link:- https://newstrack.com/opinion/5-state-vidhansabha-election-result-west-bengal-puducherry-tamil-nadu-kerala-assam-congress-264673***

PUBLISHED DATE:-MAY 17,2021

# 23. चुनौतियों में दिख रहा सरकार और स्टार्टअप्स के बीच सामंजस्य

**--Mr Ashutosh Kumar Yadav**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में कई जीवंत और प्रशंसात्मक विचारों की पहल की और उनसे संबंधित कार्यक्रम भी लेकर आए। जन-धन योजना, कौशल भारत मिशन, भारत स्वच्छता अभियान आदि उनमें से कुछ प्रमुख उदाहरण हैं। इसी कड़ी में 16, जनवरी 2016 को उनके द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना स्टार्टअप इंडिया थी। योजना के पीछे उनका इरादा एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना तथा प्रयोगधर्मी मस्तिष्क को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना था, जो अभिनव विचारों को बढ़ावा दे सके। इसका एक लक्ष्य नई पीढ़ी के नवाचारों से समाज के बेहद जटिल समस्याओं को हल करने का है।

यह योजना देश में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने का भी इरादा रखती है, जो देश के सतत विकास में सहायता करेगा। आर्थिक सहायता के रूप में भारत सरकार ने स्टार्टअप्स को फंड देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री ने देश में स्टार्टअप निवेश को बढ़ावा देने के लिए कर कटौती के विस्तार की घोषणा की है। बजट में पेड अप शेयर कैपिटल और टर्नओवर की पाबंदी को एक व्यक्ति कंपनियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 से हटा दिया गया है। पूर्व में 50 लाख रुपये के पेड अप शेयर कैपिटल और 2 करोड़ रुपये के औसत वार्षिक कारोबार मुख्य रूप से आपेक्षित था, जिसे अब 2 करोड़ और 50 करोड़ कर दिया गया है।

इस कदम से 2 लाख से अधिक कंपनियों को फायदा होगा। ओपीसी का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसकी पहचान उसके मालिक से अलग है और इसलिए मालिक पर मुकदमा नहीं चलेगा अर्थात केवल कंपनी पर ही मुक़दमा दर्ज़ होगा। एक अन्य लाभ सीमित देयता (लिमिटेड लायबिलिटी) है, जहां शेयरधारकों और निदेशकों की व्यक्तिगत संपत्ति डिफ़ॉल्ट के मामले में संरक्षित रहती है। एक एकल स्वामित्व के विपरीत, ओपीसीसी इक्विटी फंडिंग बढ़ा सकते हैं और सरकारी योजनाओं के लिए पात्र हैं।

स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने एक नई योजना शुरू की है जिसका नाम 'स्टार्टअप इंडिया सीड फंड' है। इस योजना के अन्तर्गत टियर 1 और टियर 2 शहरों के अंदर आने वाले स्टार्टअप्स जिनको सीड फंडिंग प्राप्त करने में समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है, उन्हे सहायता दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने 945 करोड़ आवंटित किए हैं। यह योजना अगले 4 वर्षों में 300 इनक्यूबेटर के माध्यम से अनुमानित 3,600 उद्यमियों को लाभान्वित करेगी। DPIIT द्वारा गठित एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति (EAC) योजना के समग्र निष्पादन और निगरानी के लिए जिम्मेदार होगी और समिति द्वारा चयनित पात्र इनक्यूबेटरों को 5 करोड़ रुपये अनुदान के रूप मे प्रदान किए जाएंगे। चयनित

इनक्यूबेटर्स 20 लाख रुपये तक का अनुदान, अवधारणा या प्रोटोटाइप विकास या उत्पाद परीक्षणों के प्रमाण के सत्यापन के लिए प्रदान कर सकते हैं। यह योजना टियर 2 और 3 क्षेत्रों में एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने में मदद करेगा, क्योंकि भारत में छोटे शहरों को अक्सर धन मुहैया नहीं कराया जाता है।

भारत सरकार के द्वारा उठाए गए इन कदमों से न तो सिर्फ स्टार्टअप को अपने प्रगतिशील विचारों को नया आयाम देने में सहायता मिलेगी बल्कि इससे रोजगार में वृद्धि भी होगी। जिसके फलस्वरूप देश के आर्थिक विकास में सहायता मिलेगी। इतना ही नहीं, इस महामारी के दौर में सरकार के द्वारा उठाए गए इन कदमों से व्यापार में प्रतियोगिता बनी रहेगी।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारत सरकार ही इन छोटे उद्योगों की सहायता करने का प्रयत्न कर रही है। इसके विपरीत कई स्टार्टअप भी हैं जो कि कामयाबी को छू चुके और इस महामारी में भारत की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी स्वयं की क्षमताओं, ताकत और नेटवर्क के अनुसार आज भारतीय स्टार्टअप्स नागरिकों और रोगियों को महामारी से निपटने में हर संभव मदद कर रहे हैं।

ओयो इंडिया स्वास्थ्यकर्मियों, अधिकारियों, आवश्यक श्रमिकों या COVID-19 रोगियों के रिश्तेदारों को अस्पताल के पास सुरक्षित और किफायती आवास मुहैया करवा रही है। ह्यूमन ऑफ बॉम्बे कोविड रोगियों की मदद करने के लिए 3 करोड़ रुपये जुटाकर ऑक्सीजन की सप्लाई बढ़ान में सहायता कर रही है। खालसा एड ने ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर की खरीद के लिए क्राउडफंडिंग के माध्यम से 3 दिनों में 1 करोड़ एकत्रित किए हैं। ऐसे कई स्टार्टअप अपने अपने स्तर पर इस संकट की स्थिति में सरकार और आम जनता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं।

***Article link: http://www.fetc.org.in/cooperation-between-government-and-startups/***

PUBLISHED DATE: - MAY 19, 2021

# 24. गाँवों में कोहराम मचाता कोरोना।

**--Mr Vipin Vihari Ram Tripathi**

भारत के ज़्यादातर ग्रामीण क्षेत्र अब पूरी तरह से कोरोना की चपेट में हैं। पिछले वर्ष जब कोविड-19 ने भारत में दस्तक दी थी तब देश के ज़्यादातर गाँव इससे बच गए थे, लेकिन कोरोना की वर्तमान सुनामी ने इस बार ग्रामीण जनसंख्या पर वज्र जैसा प्रहार किया है। पहले से लचर स्वास्थ्य व्यवस्था, संकुचित आर्थिक संसाधन, अशिक्षा, जागरूकता की कमी, टेस्टिंग की ख़राब व्यवस्था और वैक्सीन पर संशय ने इस लड़ाई को और विकराल बना दिया है। वर्तमान में ग्रामीण भारत चर्चा का विषय दो महत्वपूर्ण कारणों की वजह से बना हैं। पहला, आज भी देश की 65 फ़ीसदी आबादी गाँव में रहती है और दूसरा, कोरोना की जिस मार को दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहर बर्दाश्त नहीं कर पाये क्या ये ग्रामीण क्षेत्र उससे लड़ पायेंगे?

असंगठित टेस्टिंग व्यवस्था होने के कारण ज़्यादातर लोग टेस्ट कराने जाते ही नहीं और जो लोग बहुत हिम्मत करके टेस्ट कराने जाते भी है वो वहाँ पर लंबी कतारों से घबराकर वापस लौट आते है। अगर उसके बाद भी कोई उन लाइनों में दिन भर खड़े रह कर टेस्ट कराने में सफल भी होता है तो आरटीपीसीआर की रिपोर्ट 7- 10 दिनों में आती है और तब तक मरीज़ को काफ़ी नुक़सान हो चुका रहता है। गाँव में कोरोना के तेज़ी से बढ़ते मामलों के बावजूद अभी भी अधिकतर ग्रामीण लोग कोरोना के लक्षण होने पर भी इसे स्वीकारने को तैयार नहीं है। वहीं दूसरी ओर कोरोना और टायफाइड मैं एक समान लक्षण होने के कारण गांवों में भ्रम का माहौल बना हुआ है। इसके अतिरिक्त कोरोना के लक्षण मिलने पर लोगों को विशेषज्ञों की सलाह के अभाव में अपने नज़दीकी मेडिकल स्टोर पर निर्भर होना पड़ता है। टेली मेडिसिन बिन तारों के खम्बे जैसी व्यवस्था के अंग तक सीमित रह गया है।

कोविड के बढ़ते और घटते आंकड़ों के बीच की बड़ी सच्चाई यह है कि इन आंकड़ों में सिर्फ़ वही लोग दर्ज होते हैं जो स्वेच्छा से अपनी कोरोना जाँच कराते हैं या जिन तक सरकारी तंत्र पहुँच पाता है। और यह सबको विदित है कि देश की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा इन दोनों से बहुत दूर बसता है।

कोविड से चल रही लड़ाई इसलिए भी ख़तरनाक दिखाई पड़ती है क्योंकि आज़ादी के 74 वर्ष बाद भी गांधीजी के सपनों का ग्रामीण भारत बहुत सी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शायद यहीं कारण है की वर्तमान सरकारी कोरोना जाँच प्रोटोकॉल बिल्कुल अन्य सरकारी योजनाओं की तरह दिखाई देते हैं – वास्तविकता से कोसों दूर। सरकारी आंकड़ों में कोरोना के केसों में तेज़ी से कमी आ रही है पर गंगा में बहती लाशें सरकार के इस दावे को सिरे से ख़ारिज करती है। लाशें झूठ नहीं बोलती।

पहले पंचायती राज चुनावों में और अब शादी समारोह में आतिशबाज़ी के साथ सरकार की कोरोना गाइडलाइन की धज्जियाँ उड़ रही है। जिस तरीक़े से ग्रामीण क्षेत्रों में वैवाहिक कार्यक्रमों में भीड़ उमड़ रही है उससे यह स्पष्ट है कि सरकार और जनता में संवाद की भारी कमी है। जागरूकता के अभाव, सरकारी तंत्र की खामियों और अव्यवस्था के कारण जब परिवार के एक- एक सदस्य दम तोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं तब गांवों से जो शोर निकल रहा है उसकी कल्पना शायद किसी ने नहीं की थी। महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि जैसे राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों से जो कोलाहल उठ रहा है उसने सबको स्तब्ध कर दिया है। आरोप- प्रत्यारोप के बीच का सबसे बड़ा सच ये है कि ये स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत नहीं है।

अब समय की माँग यह है कि सरकार टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट की नीति को और गति देने की आवश्यकता है। वही दूसरी ओर प्रभावशाली नियोजन से सीमित संसाधनो में ग्रामीणों को लगातार जागरूक करना होगा और टीकाकरण के लिए सामुदायक स्वास्थ्य केंद्रो, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी, एनजीओ आदि के सहयोग से इसे सुचारु ढंग से किया जा सकता है। सनद रहे कि इन गाँव के लोगों ने ही शहर को बसाने में अपना खून पसीना बहाया है। अब समय आ गया है जब शहर इन्हें इस महामारी से बचाने के लिए आगे आये।

***Article Link: http://www.fetc.org.in/covid-19-spread-in-rural-india/***

PUBLISHED DATE: - MAY 20,2021

## 25. मातृत्व स्वास्थ्य में कितनी सफल रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना?

**--Miss Muskan Chaurasia**

एक मुल्क में विकास के कई पैमाने होते हैं। जिनमें प्रमुख रूप से आर्थिक और मानव विकास को परखा जाता है। मानव विकास की इस श्रेणी में मातृ स्वास्थ्य एक बेहद अहम पैमाना है। कोई मुल्क कितना स्वस्थ है, इस बात का निर्धारण वहां की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर से भी किया जाता है। पिछले दो दशकों में दुनिया के देशों के सामूहिक प्रयास की वजह से गर्भावस्था और बच्चा पैदा करने के दौरान होने वाली मौतों में बड़ी गिरावट आई है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में कुल मौतें घटकर 2,95,000 पहुंच गई जो कि वर्ष 2000 में 4,51,000 हुआ करती थी। भारत में भी मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छे सुधार देखने को मिले हैं। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 की तुलना में वर्ष 2017 में मातृ मृत्यु अनुपात में कमी आई है। यह दर हर 1000000 की संख्या पर 130 मौतों से घटकर 122 पहुंच चुका है। वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2018 में सालाना 2500 अतिरिक्त माताओं को बचाया गया। कुल अनुमानित मातृ मृत्यु दर में भी गिरावट आई है। जहाँ 2016 में कुल 33,800 मातृ मृत्यु दर्ज हुई थी तो वहीं 2018 में यह घटकर 26,437 पर पहुंच गय। भारत में तेजी से सुधरते मातृ मृत्यु अनुपात दर के पीछे कई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की बुनियाद है। इसमें से एक चर्चित योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मोदी सरकार की एक प्रमुख योजना है। इस योजना को मातृत्व लाभ योजना भी कहा जाता है। इस योजना की शुरुआत 1 जनवरी 2017 को केंद्र सरकार द्वारा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिकोण से किया गया था। इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी महिला और बाल विकास मंत्रालय के पास है। इस योजना के अंतर्गत सरकार महिलाओं को आर्थिक मदद प्रदान करती है। गर्भावस्था के दौरान और बच्चे के पैदा होने के बाद महिला को काम से आराम देने के उद्देश्य से एक महिला को ₹5000 दिए जाते हैं। यह राशि दो तरीकों से दी जाती है। पहली राशि जननी सुरक्षा योजना के तहत ₹1000 प्रदान की जाती है और दूसरी राशि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत तीन किस्तों में कुल ₹5000 रुपये की होती हैं। इसके लिए गर्भवती महिला और स्तनपान कराने वाली माता की न्यूतम आयु 19 वर्ष तय की गई है। पहली किस्त ₹1000 की गर्भावस्था के पंजीकरण के समय प्रदान की जाती है। दूसरी किस्त ₹2000 की 6 महीने की गर्भावस्था के बाद कम से कम एक प्रसवपूर्व जांच उपरांत दी जाती है। तीसरी किस्त ₹2000 की बच्चे के जन्म पंजीकरण के बाद दी जाती है।

लेकिन इस योजना में कुछ प्रमुख कमियां भी मौजूद हैं। इस योजना का लाभ महिला को केवल पहले बच्चे के लिए ही मिलता है। लेकिन हम जानते हैं कि एक से अधिक बच्चों की

समस्या सबसे अधिक आर्थिक रूप से कमजोर और अशिक्षित समाज के बीच ज्यादा है। इस योजना की दूसरी सबसे बड़ी समस्या महिला के पति का आधार संबंधित जानकारी का अनिवार्य होना है। इसकी वजह से सामाजिक विसंगतियों की शिकार अविवाहित महिलाएं, विधवा महिलाएं आदि वंचित रह जाती हैं। योजना की न्यूनतम आयु 19 वर्ष होने की वजह से 18 वर्ष से कम आयु की गर्भवती महिलाएं भी वंचित रह जाती है। आज भी देश के ग्रामीण इलाकों में अल्प आयु में बालिकाओं की शादी कर दी जाती है। ऐसी महिलाएं गर्भावस्था की स्थिति में इस योजना से वंचित रह जाती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 26.8 प्रतिशत विवाह 18 साल से कम उम्र में होते हैं।

साथ ही साथ इस योजना के मानकों के अनुसार यौनकर्मी, हिरासत में रहने वाली महिलाएं या प्रवासी लाभ नहीं ले सकती हैं। इस योजना के मानक किसी महिला के बुनियादी मातृत्व अधिकारों का भी उल्लंघन करते दिखते हैं। उदाहरण के लिए यह योजना केवल एक बच्चे तक ही सीमित है और इस योजना से जुड़े संबंधित दस्तावेज बताते हैं कि हमारी व्यवस्था यह स्वीकार करती है कि एक महिला को पहला बच्चा करने के दौरान ही तमाम समस्याओं से गुजरना पड़ता है। उसके बाद अन्य बच्चों की स्थिति में उसे किसी आर्थिक मदद की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस योजना का यह मानक मातृत्व से जुड़ी संवेदनाओं के खिलाफ दिखता है।

इस योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए और मातृत्व स्वास्थ्य के पैमाने पर भारत को और बेहतर करने के लिए योजना के अंतर्गत बच्चों की अनिवार्य एक संख्या को समाप्त कर हर बच्चे पर लाभ दिए जाने की जरूरत है। साथ ही साथ परिवार नियोजन संबंधित कार्यक्रमों में और तेजी भी लाई जानी चाहिए। बिना किसी सामाजिक व आर्थिक विभाजन के सभी महिलाओं को इस योजना के अंतर्गत शामिल करते हुए एक सार्वभौमिक और समावेशी मातृत्व स्वास्थ्य योजना बनाने की जरूरत है।

***Article link: http://www.fetc.org.in/how-successful-was-the-pradhan-mantri-matru-vandana-yojana-in-maternal-health/***

PUBLISHED DATE:- MAY 26 ,2021

# 26. कोविड-19 के बीच बेरोजगारी के दुष्चक्र में फंसता भारत

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

कोई भी संकट अपने साथ कई संकटों को भी आमंत्रित करता है। कोविड-19 की वजह से भारत में आज तबाही का मंज़र है। यह मंजर सिर्फ स्वास्थ्य क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव सामाजिक, राजनीतिक, भौगोलिक एवं आर्थिक रूप से भी दिख रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2017-18 से ही ढलान की तरफ बढ़ने लगी थी और कोविड-19 की आर्थिक तबाही ने इसके ताबूत में आखिरी कील का काम किया। कोविड-19 के पहले भारतीय अर्थव्यवस्था नॉमिनल जीडीपी की गणना में 45 साल के न्यूनतम स्तर पर, रियल जीडीपी की गणना में 11 साल के न्यूनतम स्तर पर, कृषि वृद्धि दर में 4 वर्ष के न्यूनतम स्तर पर और विनिर्माण क्षेत्र 15 साल के न्यूनतम स्तर पर था। अप्रैल-जून की तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर -23.9 फ़ीसदी थी। इस संकट ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वर्तमान में बेरोजगारी के ऐसे दुष्चक्र में फंसा दिया है जहां से निकलना बेहद कठिन होता जा रहा है।

कोविड-19 की पहली लहर के आर्थिक प्रभाव से भारतीय अर्थव्यवस्था अभी उभर ही रही थी। मार्च और अप्रैल महीने के दौरान बेरोजगारी दर घटकर 7 से 8 फ़ीसदी के बीच पहुंच गई थी। अर्थिक वृद्धि दर सकारात्मक हो रही थी, लेकिन दूसरी लहर ने सभी आर्थिक सुधारों को बड़े आर्थिक संकट के रूप में बदल दिया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी के आंकड़ों के अनुसार 16 मई को बेरोजगारी दर बढ़कर 14.5 फ़ीसदी पर पहुंच गई। शहरों की बेरोजगारी दर 14.71% तो वही गांवों की बेरोजगारी दर 14.34 फ़ीसदी है। ग्रामीण क्षेत्र का यह 50 हफ्तों का सबसे ऊंचा स्तर है। कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से अकेले अप्रैल माह में 75 लाख नौकरियां चली गई। इसमें से सबसे अधिक 60 लाख नौकरियां कृषि क्षेत्र में गई हैं। इस संस्था की माने तो पिछले 1 वर्ष में कुल 1.26 करोड़ स्थाई नौकरियां कम हुई हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद कृषि क्षेत्र बताई जाती है लेकिन वर्तमान की भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा तबका मिडिल और लोअर क्लास का है। किसी भी आर्थिक संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव इसी तबके पर देखने को मिलता है क्योंकि यह भारत के असंगठित क्षेत्र में सबसे बड़ा हिस्सा रखता है। बढ़ती बेरोजगारी का सबसे बड़ा संकट भारत के सिकुड़ते मध्यवर्ग और फैलते गरीब वर्ग का है। वर्तमान समय में जारी आर्थिक संकट ने मध्यमवर्ग को इतना प्रभावित किया है कि वह गरीबी रेखा के नीचे चला गया है। अजीम

प्रेमजी विश्वविद्यालय के जरिए किए गए एक शोध के अनुसार पिछले 1 वर्ष में कुल 23 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। यह संख्या भारत की एक बहुत बड़ी उपलब्धि को शून्य करने जैसा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2005 से 2015 के बीच में कुल 27 करोड़ की आबादी को गरीबी रेखा से बाहर निकाला था। कोविड-19 के इस आर्थिक संकट ने इस पूरी उपलब्धि के आंकड़ों को नए सिरे से पलट कर रख दिया है।

घटती आर्थिक वृद्धि और तेजी से बढ़ती बेरोजगारी दर अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से दो पैमानों पर बेहद चिंताजनक हो जाती है। पहला पैमाना ""अर्थव्यवस्था में मांग" का है। तेजी से घट रही नौकरियां सीधे तौर पर देश के प्रति व्यक्ति आय को प्रभावित करेंगी। जब रोजगार खत्म होंगे तो जनता के सामने आय के स्रोत बंद हो जाएंगे और इसके परिणाम स्वरूप बाजार में मांग घटने लगेगी। जब बाजार में खपत कम होगी तो स्वाभाविक रूप से उत्पादन घटेगा। रोजगार के अवसर कम होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था इस सदमें से जल्दी उबर नहीं पाएगी। नतीजा यह होगा कि आर्थिक वृद्धि दर और घट जाएगी। बढ़ती बेरोजगारी का दूसरा चिंताजनक पैमाना "सामाजिक असंतुलन" का है। जब अर्थव्यवस्था में काम करने की इच्छुक जनसंख्या को रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं होंगे तो गलत एवं अनैतिक कार्यों में वृद्धि दिखेगी। यह एक बहुत बड़ी आबादी के लिए मानसिक दबाव के रूप में भी दिखेगा। अगर यह संकट अधिक गहराता गया तो भविष्य में किसी बड़े राजनीतिक आंदोलन का शक्ल धारण कर लेगा। इस समस्या का सबसे अधिक प्रभाव भारत की जनसंख्या के सबसे सुनहरे हिस्से पर पड़ने वाला है। सबसे अधिक रोजगार देश की 60 फ़ीसदी से अधिक युवा आबादी के वर्ग का गया है। इस तरीके से अपनी युवा मानव पूंजी का व्यर्थ होना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ही नकारात्मक संकेत है।

इस संकट से बचने के लिए सरकार ही अपने स्तर पर प्रयास कर सकती है। वर्तमान में सरकार ही वह जरिया है जिससे दोबारा अर्थव्यवस्था में मांग पैदा कर रोजगार के अवसरों को जन्म दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार को सर्वप्रथम एक विशेष मांग आधारित आर्थिक पैकेज लाने की जरूरत है। इस आर्थिक पैकेज के जरिए अर्थव्यवस्था में शामिल कमजोर तबके को एक निश्चित राशि नकद भुगतान के रूप में दी जानी चाहिए। ऐसा करने से बाजार में खपत वृद्धि होगी और मांग वापस लौटेगी। अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ने के परिणाम स्वरूप कंपनियां उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करेंगी और इसके लिए उन्हें नए रोजगार अवसरों का सृजन करना पड़ेगा। दूसरा तरीका "मनरेगा" जैसी योजना हो सकती है।

यह योजना ग्रामीण भारत की एक बहुत बड़े तबके को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। सरकार को चाहिए कि इस योजना के अंतर्गत निर्धारित बजट की राशि दोगुना कर अधिक

से अधिक कार्य दिवसों पर काम लिए जाएं। इस एक योजना की वजह से ग्रामीण भारत में बड़े स्तर पर आय सृजन किया जा सकता है। ग्रामीण भारत की मांग भी रोजगार सृजन करने में कामगार साबित होगी। साथ ही सरकार को चाहिए कि वह खाली पड़े सरकारी पदों को एक निश्चित समयावधि में भरने का कार्य करें और ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचा निर्माण के रूप में दिख रहे अवसर को संज्ञान में लेते हुए ऐसे अन्य वैकल्पिक क्षेत्रों में नए सरकारी पदों का सृजन करें। ध्यान रहे कि नकारात्मक आर्थिक वृद्धि और बढ़ती महंगाई के बीच भीषण बेरोजगारी इस वायरस से भी बड़ा संकट धारण कर सकती है। इसका एक परिणाम 23 करोड़ की आबादी का गरीबी रेखा के नीचे जाना दिख रहा है।

***Article Link: https://newstrack.com/opinion/coronavirus-unemployment-biggest-challenge-for-indian-economy-26-05-21-266647?infinitescroll=1***

PUBLISHED DATE: JUNE 8,2021

# 27. पुरानी और गंभीर बीमारी से ग्रसित है भारतीय अर्थव्यवस्था!

**-- Mr.Vikrant Nirmala Singh**

भारतीय अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से बीमार है। इसकी बीमारी के सारे लक्षण हाल ही में जारी जीडीपी के आंकड़ों से देखा और समझा जा सकता है। सांख्यिकी एवं योजना क्रियान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने स्थिर और वर्तमान मूल्य पर वर्ष 2020-21 के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों की गणना औद्योगिक उत्पाद सूचकांक, अनाज उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, केंद्र एवं राज्य सरकार के खाते, जीएसटी से जुड़े आंकड़े, बैंकों में जमा और कर्ज के आंकड़े, रेलवे का माल भाड़ा, विमानन क्षेत्र का माल भाड़ा, कमर्शियल वाहनों की बिक्री आदि जैसे पैमानों पर किया गया है। हमेशा चर्चा में रहने वाली जीडीपी एक आर्थिक गणना है, जो किसी अर्थव्यवस्था की वृद्धि या गिरावट को मापने का एक बुनियादी मानक होता है। सामान्य भाषा में किसी अर्थव्यवस्था में वस्तु एवं सेवा के अंतिम मूल्य योग से जब सभी तरह की सब्सिडी घटा दी जाती है तो हमें जीडीपी का आंकड़ा प्राप्त होता है। वर्तमान समय के जीडीपी की परिभाषा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री साइमन कुज़्नेट ने 1934 में दिया था। भारत में संबंधित विभाग यह आंकड़े दो आधार पर प्रस्तुत करते हैं। पहला स्थिर मूल्य पर और दूसरा वर्तमान मूल्य पर।

स्थिर मूल्यों के आधार पर वास्तविक जीडीपी 2020-21 में -7.3 फ़ीसदी की दर से घटी है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि स्थिर मूल्यों का आधार वर्ष 2011-12 होता है। स्थिर मूल्य पर वास्तविक जीडीपी वर्ष 2020-21 में 135.13 लाख करोड़ रुपए है, जो पिछले वर्ष 2019-20 में 145.69 लाख करोड रुपए थी। वर्ष 2018-19 में यह 140 लाख करोड़ रुपए थी। वर्तमान मूल्य के आधार पर जीडीपी वर्ष 2021-22 में -3 फीसदी की दर से घटी है। 2020 में वर्तमान मूल्य के आधार पर कुल जीडीपी 197.46 लाख करोड़ रुपए है जो कि वर्ष 2019 में 203.51 लाख करोड़ रुपए थी। भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट कोविड-19 की आर्थिक तबाही से पहले की दस्तक दे चुकी थी। वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही से लेकर वर्तमान तक जीडीपी लगातार गिरावट देख रही है। वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8 फ़ीसदी, दूसरी तिमाही में 7 फ़ीसदी, तीसरी तिमाही में 6.6 फ़ीसदी और चौथी तिमाही में 5.8 फीसदी थी। वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 5.4 फ़ीसदी, दूसरी तिमाही में 4.6 फ़ीसदी, तीसरी तिमाही में 3.3 फ़ीसदी और चौथी तिमाही में 3 फीसदी जीडीपी वृद्धि दर हो गई थी। यहां ध्यान देने वाली बात है कि पिछले 2 वर्षों से लगातार जीडीपी वृद्धि दर घट रही थी। कोविड-19 के पहले ही भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 2 वर्षों में 8 फ़ीसदी से 3 फ़ीसदी

की दर पर पहुंच चुकी थी। फिर मार्च 2020 में कोविड-19 से रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन ने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी गिरफ्त में ले लिया। 2020-21 की पहली तिमाही में जीडीपी अप्रत्याशित रूप से -24.4 फीसदी की दर से गिरी, दूसरी तिमाही में -7.4 फ़ीसदी, तीसरी तिमाही में 0.5 फ़ीसदी और चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 1.6 फ़ीसदी थी।

भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत की घटती दर जीडीपी के जारी इन आंकड़ों में भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत की घटती दर भी बड़ी चिंता के रूप में दिखाई पड़ती है। भारतीय अर्थव्यवस्था एक खपत आधारित अर्थव्यवस्था मानी जाती है। कुल जीडीपी का 50 फ़ीसदी से अधिक हिस्सा खपत का होता है। लेकिन वर्तमान समय में देश की आबादी का कुल खपत तेजी से घट रहा है। वर्ष 2019-20 में कुल खपत 83,21,701 करोड़ रुपये की थी, जो वर्तमान में वर्ष 2021-22 में घटकर 75,60,985 करोड रुपए हो चुकी है। अर्थात पिछले वर्ष कुल जीडीपी में खपत की दर 57.1 फीसदी थी, जो घटकर इस वर्ष 56 फ़ीसदी हो चुकी है। साथ ही साथ निवेश में भी कमी आई है। पिछले वर्ष कुल जीडीपी में निवेश का हिस्सा 32.5 फीसदी था जो कि वर्तमान आंकड़ों में घटकर 31.2 फीसदी हो चुका है। आयात और निर्यात के आंकड़ों पर भी प्रभाव पड़ा है। वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2020-21 में निर्यात 1 फ़ीसदी और आयात 2 फीसदी की दर से घटा है।

विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के आंकड़ों पर ध्यान दे तो वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था के बदहाली की तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। कृषि एवं संबंधित गतिविधि की वृद्धि दर 2019-20 की तुलना में वर्ष 2020-21 में तक़रीबन 1 फ़ीसदी की दर से घटी है। वर्ष 2019-20 में जहां वृद्धि दर 4.3% थी, वहीं आज 2020-21 में घटकर 3.6 फ़ीसदी हो चुकी है। इसके साथ ही अन्य आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई है। खनन एवं उत्खनन की वृद्धि दर वर्ष 2019-20 में -2.5 थी, तो वही वर्ष 2020-21 में -8.5 हो चुकी है। मैन्युफैक्चरिंग वर्ष 2019 में -2.4 थी, तो वहीं वर्ष 2020 21 में - 7.2 हो चुकी है। सबसे बड़ा नुकसान निर्माण क्षेत्र को हुआ है। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर वर्ष 2019-20 में 1 फ़ीसदी थी, जो वर्ष 2020-21 में अप्रत्याशित रूप से घटकर -8.6 फीसदी हो चुकी है।

प्रति व्यक्ति आय दर बढ़ने के बजाय एक लाख से कम हो गई प्रति व्यक्ति आय दर के आंकड़ों पर गौर करें तो हम आते हैं कि एक लंबे समय के बाद भारत की प्रति व्यक्ति आय दर बढ़ने के बजाय घटकर एक लाख से कम हो गई है। वर्ष 2019-20 में प्रति व्यक्ति आय ₹1,08,645 थी, जो वर्ष 2020-21 में घटकर ₹99,694 हो गयी है। जहां पर 2019-20 में प्रति व्यक्ति आय दर की वृद्धि 3 फ़ीसदी की दर से थी, वह आज -8.2 फ़ीसदी की गिरावट

में बदल चुकी है। यह आंकड़ा बताता है कि पिछले 1 वर्ष में कोविड-19 की तबाही ने देश के एक बहुत बड़े तबके को गरीबी रेखा के नीचे विस्थापित कर दिया है। हाल ही में इसके संकेत अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट नहीं दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार 1 वर्ष में कुल 23 करोड़ की आबादी गरीबी रेखा के नीचे चली गई है। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार पिछले 1 वर्ष में देश की 97 फीसदी आबादी गरीब हो गई है।

इन आंकड़ों के अध्ययन से यही निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक गहरी मंदी में जा चुकी है। पिछले 3 वर्षों से लगातार जीडीपी घट रही है और बेरोजगारी बढ़ रही है। वर्तमान समय में पेट्रोलियम पदार्थों और खाद्य तेलों में आई बेतहासा वृद्धि ने महंगाई की भी स्पष्ट संकेत देने शुरू कर दिए हैं।

पिछले 1 वर्ष में खाद्य महंगाई 9.1 फ़ीसदी की दर से बढ़ी है। जनता के पास का बजट भी नहीं है कि वह अर्थव्यवस्था में खर्च कर सके क्योंकि कोविड-19 मारी ने एक बड़ी आबादी का स्वास्थ्य खर्च बढ़ा दिया है। कोविड-19 से पहले लोग औसतन 5 फ़ीसदी स्वास्थ्य पर खर्च करते थे जो कि वर्तमान में बढ़कर 11 फ़ीसदी हो चुका है। जीडीपी में गिरावट, बेरोजगारी और महंगाई का यह गठजोड़ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद भयावह हो सकता है।

यहां निष्कर्ष निकालते समय यह भी ध्यान रखना होगा कि जीस जीडीपी के आंकड़ों के आधार पर यह बात कही जा रही है वह तो एक अर्ध सत्य है, क्योंकि भारत एक असंगठित अर्थव्यवस्था है जिसका 94 फ़ीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र में लगा हुआ है। जीडीपी के वर्तमान आंकड़ों में यह असंगठित हिस्सा शामिल नहीं है। एसबीआई की एक रिपोर्ट जिक्र करती है कि पिछले 1 वर्ष के दौरान असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती की वजह से 16000 करोड रुपए की कमी आई है। वर्तमान जीडीपी की गणना एमसीए-21 तकनीकी पैमाने से की जाती है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के कुछ चुनिंदा कंपनियों के आंकड़े लिए जाते हैं। इसलिए यह आंकड़े बहुत स्पष्ट आर्थिक तस्वीर नहीं दिखाते हैं।

वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था को इस गहरी मंदी से निकालने के लिए सरकार एक बड़ा रोल अदा कर सकती है। महज निजी क्षेत्र के भरोसे अर्थव्यवस्था में रिकवरी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। कोविड-19 की समस्या ने एक बड़े पैमाने पर लोगों को बेरोजगार किया है और इसकी वजह से बाजार में मांग की अप्रत्याशित कमी आई है।

यह सरकार ही है जो खर्च बढ़ाकर बाजार में दोबारा मांग पैदा कर सकती है। सरकार को जल्द से जल्द एक बड़े आर्थिक पैकेज के साथ आना चाहिए। एक ऐसा आर्थिक पैकेज जो अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता को सीधा प्रभावित करता हो और रोजगार के अवसर उत्पन्न करने

में सक्षम हो। यह वक्त दीर्घकालिक नहीं बल्कि सूक्ष्मकालिक आर्थिक नीतियों को बनाने का है। ऐसी नीतियां जो छोटे समयावधि में बड़ी मांग पैदा करने में मदद करें।

***Article Link:*** ***https://newstrack.com/opinion/national-statistics-department-released-figures-indian-economy-year-2020-21-270596***

PUBLISHED DATE:- JUNE 15, 2021

## 28. बढ़ती महंगाई के बीच बेहाल अर्थव्यवस्था!

**-- Mr.Vikrant Nirmala Singh**

मिल्टन फ्रीडमैन (Milton Friedman) कहते थे कि महंगाई बगैर किसी कानूनी प्रावधान (legal provision) के लगाया गया एक टैक्स है। यह सच भी है। बल्कि पूरा सच तो यह भी है कि महंगाई (Inflation) एक ऐसा टैक्स है जो आय की सीमा नहीं देखता, यह हर व्यक्ति से वसूला जाता है। इसके दायरे में गरीब और अमीर का वर्गीकरण नहीं आता है। इसलिए महंगाई को अर्थव्यवस्था का वैश्विक अभिशाप भी कहा जा सकता है।

सामान्यतः जब भी अर्थव्यवस्था (Economy) में वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में वृद्धि होती है तो उसे महंगाई कहते हैं। इसकी तकनीकी परिभाषा में एक निश्चित समयावधि को भी जोड़ लिया जाता है और इसे मुद्रास्फीति कहते हैं। लेकिन यह जरूरी नहीं कि वस्तु एवं सेवाओं के निर्माण में लगने वाले खर्च में आयी बढ़ोतरी से ही महंगाई आती है, इसके ढेरों कारण हैं। उदाहरण के लिए अर्थव्यवस्था में मुद्रा संचालन का अधिक प्रभाव, सरकारों की अधिक खर्चे वाली राजकोषीय नीति, किसी विशेष परिस्थिति में मांग वृद्धि आदि भी महंगाई का बड़ा कारण होते हैं।

हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने महंगाई से संबंधित जरूरी आंकड़ों को जारी किया है। बीते सोमवार को जारी इन आंकड़ों के अनुसार भारत की खुदरा मुद्रास्फीति मई के महीने में बढ़कर 6.3 प्रतिशत हो चुकी है जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India) के निर्धारित 6 प्रतिशत की सीमा से अधिक है। खुदरा मुद्रास्फीति की गणना उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर की जाती है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे गए वस्तुओं एवं सेवाओं के औसत मूल्य को बताने वाला सूचकांक है। विगत अप्रैल महीने में यह 4.23 प्रतिशत रही थी। लगभग 6 महीने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि सीपीआई डाटा केंद्रीय बैंक (cpi data central bank) के जरिए तय किए गए 6 फीसदी मानक से ऊपर है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में रघुराम राजन ने यह सुनिश्चित किया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति की अधिकतम दर 6 फीसदी और न्यूनतम दर 2 फीसदी हो सकती है। जारी आकडों से पता चलता है कि उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक भी मई में अप्रैल की तुलना में 1.96 प्रतिशत से बढ़कर 5.01 प्रतिशत हो गई है। आरबीआई (RBI) ने

चालू वित्त वर्ष 2021-22 में सीपीआई मुद्रास्फीति के 5.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आरबीआई को मार्च 2026 में समाप्त होने वाले पांच साल की अवधि के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर को 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनाए रखना है।

## वर्तमान महंगाई के कारण

इस तेज महंगाई वृद्धि के पीछे सबसे प्रमुख कारण खाद्य तेल की कीमतों में आई बड़ी उछाल है। बीते मई में सालाना आधार पर खाद्य तेल कीमतों में 30.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा अंडे की कीमतों में 15.16 फीसद, मांस और मछली में 9.03 फीसदी, फल 11.98 फीसदी और दलहन उत्पादों में 9.39 फीसदी की तेजी देखी गई है। लेकिन वर्तमान स्थिति में महंगाई की सबसे अधिक चर्चा दो वजहों से है। पहला एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में आ रही वृद्धि और दूसरा पेट्रोल एवं डीजल के दामों में हो रही वृद्धि। एलपीजी गैस के आकडों को देखे तो हमें पता चलता है कि पिछले 7 सालों में इसके दाम दोगुने हुए हैं।

1 मार्च 2014 को एक एलपीजी सिलेंडर का दाम 410.5 था, जो अभी वर्तमान में 819 प्रति सिलिंडर है। आज मार्च 2014 की तुलना में 'केरोसिन आयल' 14.96 प्रति लीटर से बढ़कर 35.35 प्रति लीटर हो चुका है। मई 2014 में कच्चे तेलों की बेस प्राइस बिना किसी अतिरिक्त कर के 45.12 रुपए थी और कर को सम्मिलित करते हुए, पेट्रोल 71-72 प्रति लीटर पर बिक्री होती थी। वहीं आज वर्तमान में इसकी बेस प्राइस 26.7 रुपए हैं और विभिन्न करों को शामिल करके पेट्रोल 90 से 100 के बीच में बिक रहा है। कहीं-कहीं तो यह आंकड़ा 100 प्रति लीटर भी पार हो चुका है। वर्तमान में केंद्र सरकार 32.90 प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी पेट्रोल पर और 31.80 प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी डीजल पर वसूल रही है। पिछले 1 वर्ष में इंधन तेल के दामों में 45 से अधिक बार बढ़ोतरी की गई है. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी अलग आर्थिक आंकड़ों में, तेल की बढ़ती कीमतों और विनिर्मित वस्तुओं की लागत के कारण मई महीने में थोक मूल्य-आधारित मुद्रास्फीति 12.94 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है।

## अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

पहली बात तो यह स्पष्ट है कि वर्तमान महंगाई मांग के बढ़ने या अधिक मुद्रा के संचलन से नहीं आई है। इसलिए चिंता का प्रश्न है क्योंकि मांग की वजह से आ रही महंगाई अपने साथ रोजगार और आय के अवसर भी लेकर आती है। ध्यान रखिए कि रोजगार, आय और मांग की वृद्धि के बीच बढ़ रही महंगाई का एक तर्कसंगत बचाव किया जा सकता है लेकिन इन

तीनों के अभाव के बीच महंगाई का बचाव करना तो छोड़िए, इसके प्रभाव को कम करना ही बड़ा कठिन कार्य होता है। वर्तमान परिदृश्य में भारत की आर्थिक वृद्धि दर भी कमजोर हुई है, इसलिए महंगाई का भारतीय जनमानस पर बड़ा नकारात्मक प्रभाव पड़ने जा रहा है।

प्रतिष्ठित एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार खाद्य सामान की कीमत में एक प्रतिशत की वृद्धि की वजह से खाने पर होने वाला खर्च करीब 0.33 लाख करोड़ रुप बढ़ जाता है। ऊपर से सरकार द्वारा लगातार इंधन तेलों पर बढ़ाया जा रहा टैक्स उपभोक्ताओं के जख्मों को और हरा कर रहा है। कोविड-19 की वजह से बेकारी झेल रही जनता लगातार बढ़ रहे कीमतों से गरीब होती जा रही है। यह भी एक आश्चर्य का ही विषय है कि कोविड-19 की भयंकर मंदी और बेकारी के बीच भी वर्ष 2020-21 में केंद्र सरकार ने रिकॉर्ड 2.94 लाख करोड़ रुपए का टैक्स इंधन तेलों के जरिए वसूला है।

सामान्यतः बढ़ती महंगाई को संतुलन में रखने की पूरी जिम्मेदारी भारत के केंद्रीय बैंक 'रिजर्व बैंक आफ इंडिया' की होती है। एक लंबे समय तक चली बहस के बाद यह तय हुआ कि महंगाई को एक निश्चित दायरे में रखा जाएगा। इसके लिए मौद्रिक नीति समिति का निर्माण किया गया। वर्तमान चुनौतियों को देखते हुए आरबीआई मौद्रिक नीति समिति के जरिए यह कर सकती है कि अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाने के लिए नीतिगत दरों में कटौती की जाए लेकिन सबसे बड़ी राहत सरकार ही दे सकती है। वर्तमान समय में सरकार को चाहिए कि जरूरी वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगने वाले कर में कटौती करते हुए जनता को राहत दी जाए। सबसे जरूरी राहत पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों में दी जानी चाहिए। इसका प्रभाव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। वर्तमान में खरीफ फसल की तैयारी कर रहे किसानों को भी महंगे डीजल से सिंचाई करनी पड़ेगी जो कि कहीं से भी हितकारी कदम नहीं है।

***Article Link:- https://newstrack.com/opinion/india-retail-inflation-increased-63-percent-may-month-271781***

PUBLISHED DATE:- JUNE 16, 2021

# 29. मंद पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के बीच शिखर पर विदेशी मुद्रा भंडार!

**- Mr.Vikrant Nirmala Singh**

सन 1991 का वर्ष था। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार महज़ इतना बचा था कि अगले कुछ दिनों तक ही बाह्य भुगतान किया जा सकता था। डॉ मनमोहन सिंह और डा. मोंटेक सिंह अहलूवालिया तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के साथ मंत्रणा कर रहे थे। भारतीय अर्थव्यवस्था एक ऐसे जाल में फंस चुकी थी जहां से आगे अभी सिर्फ अंधेरा ही दिखाई पड़ रहा था। हालत इतने बुरे हो गए थे कि भारत को उस समय आयात करने के लिए बैंकों में मौजूद सोने को गिरवी रखना पड़ा था। सन 1990-91 के दौरान भारत के पास महज 11 अरब डालर ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था, जो कि अगले 3 हफ्ते का आयात पूरा कर सकता था। तब आरबीआई ने 47 टन सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने का निर्णय लिया था। गंभीर होती परिस्थितियों के बीच यह निर्णय लिया गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बंद दरवाजे खोल जाएंगे। लाइसेंस परमिट राज की व्यवस्था को न्यूनतम किया जाएगा और निजी क्षेत्र को बाजार में खुलकर काम करने दिया जाएगा।

आज इस घटना के 30 वर्ष बीत चुके हैं। भारत दुनिया की एक मजबूत और टिकाऊ अर्थव्यवस्था के रूप में मौजूद है। वर्तमान में भारत के पास रिकॉर्ड 600 अरब डालर से अधिक विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। कोविड-19 के इस कठिन दौर में ऐसे आंकड़े अप्रत्याशित है क्योंकि पूरी दुनिया वैश्विक महामारी के संक्रमण से जूझ रही है। जब दुनिया की अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ी हुई है तब भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार हो रही वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। विदेशी मुद्रा भंडार की देखरेख देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के जरिए की जाती है।

पिछले 1 साल में भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में 100 बिलियन डालर से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले साल जून महीने में विदेशी मुद्रा भंडार 500 बिलियन डॉलर था। स्वर्ण भंडार में थोड़ी कमी आयी है। वर्तमान में 50.2 करोड डालर की गिरावट के बाद 37.6 बिलियन डालर का स्वर्ण भंडार मौजूद है। विदेशी मुद्रा भंडार की मामले में भारत से आगे अब रूस, स्विट्जरलैंड, जापान और चीन है। वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार वृद्धि दर को देखते हुए यह उम्मीद लगाई जा रही है कि आने वाले वक्त में पांचवें स्थान पर काबिज भारत रूस को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में विदेशी मुद्रा भंडार रखने के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच जाएगा।

लेकिन इसके बाद स्विट्जरलैंड, जापान और चीन को पीछे छोड़ने के लिए एक दशक से भी अधिक वक्त लग सकता है। वर्तमान में पहले स्थान पर काबिज चीन के पास 3330 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। दूसरे स्थान पर काबिज जापान के पास 1378 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है और तीसरे स्थान पर काबिज स्विट्जरलैंड के पास 1070 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में सर्वाधिक हिस्सा डॉलर का है। यह 62.7 फ़ीसदी के आसपास बनता है। इसके बाद यूरो 20.2 फ़ीसदी और येन का 4.9 फ़ीसदी हिस्सा है। विदेशी मुद्रा भंडार किसे कहते हैं?

विदेशी मुद्रा भंडार को विदेशी मुद्रा एवं आरक्षित निधियों के भंडार के रूप में जाना जाता है। सामान्यतः विदेशी मुद्रा भंडार में केवल विदेशी रुपए, विदेशी बैंकों की जमा पूंजी, विदेशी ट्रेजरी बिल, अल्पकालिक अथवा दीर्घकालिक सरकारी परिसंपत्तियों, सोने के भंडार, विशेष आहरण अधिकार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भंडार स्थिति आदि को शामिल किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार का बढ़ना किसी भी देश की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति के लिए बेहद मजबूत पैमाना होता है। यह किसी अर्थव्यवस्था के स्वस्थ होने का संकेत देता है। तेजी से मजबूत होते विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से देश बाहरी निवेश को आकर्षित करते हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार में चार पहलू शामिल होते हैं। पहला विदेशी परिसंपत्तियां यानी कि विदेशी कंपनियों के शेयर, डिवेंचर इत्यादि जो विदेशी मुद्रा के रूप में मौजूद हैं। दूसरा स्वर्ण भंडार होता है जो किसी देश के केंद्रीय बैंक के पास मौजूद होता है। तीसरा आईएमएफ के पास रिजर्व ट्रेंच और चौथा विशेष आहरण अधिकार (स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स) होता है। आईएमएफ की रिजर्व ट्रेंच वह मुद्रा होती है जिसे हर सदस्य देश अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को प्रदान करता और इसका उपयोग सदस्य देश किसी आपातकाल की स्थिति में करता है।

## रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार के पीछे क्या कारण है?

भारत की विदेशी मुद्रा भंडार की वृद्धि के पीछे का प्रमुख कारण भारतीय शेयर बाजार में विदेशी कंपनियों एवं विदेशी निवेशकों के जरिए किए जा रहे पोर्टफोलियो निवेश और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में हो रही वृद्धि है। हाल के वर्षों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में तकरीबन 3 बिलियन डालर से अधिक के शेयर खरीदे हैं। विदेशी निवेशकों द्वारा पिछले वर्ष रिलायंस इंडस्ट्री की सहायक कंपनी जिओ में अकेले लगभग ₹97000 करोड़ का निवेश किया गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार में मौजूदा स्थिरता और बढ़ोतरी की एक और वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में आ रही भारी कमी भी है। हाल के वर्षों में खाड़ी देशों के बीच तेल

आपूर्ति के संदर्भ में छिड़ी जंग ने कच्चे तेल के दामों में भारी कमी लाई है। कोविड-19 के दौरान ठप्प पड़ी अर्थव्यवस्था की वजह से कच्चे तेलों की मांग में भी गिरावट आई जिसके चलते आयात भी काफी कम हुआ है, इस वजह से भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में कम खर्च हुआ है। भारत सबसे अधिक विदेशी मुद्रा भंडार कच्चे तेल के आयात में खर्च करता है। कच्चे तेल के आयात पर भारत 1 वर्ष में तकरीबन 100 बिलियन डालर से अधिक खर्च करता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयात करने वाला देश है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के क्या है फायदे?

विदेशी मुद्रा भंडार में हो रही यह अप्रत्याशित वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था के नजरिए से बहुत फायदेमंद साबित होने वाली है। पहला फायदा तो यह है कि विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक को भारत के आंतरिक एवं बाहरी वित्तीय जरूरतों के प्रबंधन में एक बड़ी मदद मिल रही है। दूसरा फायदा है कि तेजी से बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से विदेशी मुद्रा बाजार में भारतीय रुपए में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा। इसका तीसरा फ़ायदा यह है कि विदेशी मुद्रा भंडार की वृद्धि की वजह से अब भारत आने वाले 2 साल तक के आयात बिल का भुगतान करने में सक्षम हो गया है।

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चारों तरफ से घिरी मोदी सरकार के लिए विदेशी मुद्रा भंडार में हो रही वृद्धि एक राहत के रूप में दिखाई पड़ता है। वर्ष 2014 की तुलना में आज वर्ष 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार ठीक दो गुना हो चुका है। वर्ष 2014 में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 316 बिलियन डॉलर का था जो कि वर्तमान में बढ़कर 605 बिलियन डालर हो चुका है। निश्चित ही कोविड-19 की महामारी के आगे विदेशी मुद्रा भंडार का एक सुनहरा सूर्य है। जैसे-जैसे विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति मजबूत होती जाएगी, ठीक वैसे ही भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक पटल पर उभरती जाएगी।

***Article link:- https://newstrack.com/opinion/indian-economy-foreign-exchange-reserves-at-peak-amid-slowing-indian-economy-271921***

PUBLISHED DATE: JUNE18, 2021

# 30. जल संकट के प्रति सरकारी उदासीनता।

**--Mr Ravijendra Rai**

राजस्थान में 6 वर्षीय बालिका की दुखद मृत्यु हो जाना तथा उसकी नानी का जल के अभाव में बेहोश होना, एक बार फिर भारत में आने वाली एक बड़ी चुनौती की ओर इशारा कर रहा है। आज हम एक ऐसी स्थिति से जूझ रहे हैं जहां हमें इसका निर्धारण करना है कि जल प्रबंधन के लिए हमारी नीति क्या होगी? नहीं तो जल प्रबंधन तथा जल संरक्षण के अभाव में अर्थव्यवस्था तथा कृषि पर संकट तो आएगा ही अपितु मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। हाल ही में राजस्थान की 6 वर्षीय बच्ची का पानी के अभाव में निधन हो जाना, इस समस्या की ओर इंगित करता है।

देश के अधिकांश हिस्सों में जल संकट एक विकराल समस्या है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा तथा कर्नाटक जैसे राज्य सूखे की त्रासदी झेल रहे हैं। राजस्थान में पीने के पानी का संकट खड़ा है तो अन्य राज्यों में सिंचाई तथा फैक्ट्री में उपयोग हेतु पानी की समस्या है। कृषि मंत्रालय की वर्ष 2014-15 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बोई गई फसल का कुल रकबा 14.08 करोड़ हेक्टेयर था, वहीं सिंचित जमीन केवल 6.53 करोड़ हेक्टेयर थी। यानी 7.55 करोड़ हेक्टेयर जमीन असिंचित थी। यहां देश के नीति-निर्धारकों को ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जबकि वे अपनी राजनीति में ही व्यस्त हैं।

राजस्थान में 6 वर्षीय बालिका की मृत्यु के मामले में बीजेपी ने कांग्रेस नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार पर निशाना साधा किंतु वे भूल गए कि उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाकों तथा बुंदेलखंड में सूखे ने हाहाकार मचाया हुआ है, जबकि वहां उन्हीं की सरकार है। इस समय सभी नेताओं और पार्टियों को सियासी रोटियां सेकना बंद करके जल संकट पर विचार करना चाहिए। यह भारत का ही नहीं अपितु वैश्विक महत्व का मुद्दा है। जल संरक्षण पर गंभीर विचार ना करने का ही दुष्परिणाम है कि इजराइल से 40 से० मी० वर्षा वाले देश में जल का कोई अभाव नहीं है, जबकि भारत जैसे भारी वर्षा वाले देश में सूखे की स्थिति है।

भारत में जल संकट का प्रमुख कारण सरकारी नियोजन व नीतियों की कमी, उद्योगों का निजीकरण, औद्योगिक तथा मानव अपशिष्ट, भ्रष्टाचार एवं अनुचित जल दोहन है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2050 तक भारत में जल की समस्या और अधिक विकराल होने वाली है क्योंकि वर्ष 2050 तक भारत की जनसंख्या 1.6 बिलियन होने का अनुमान है /धरती के दर्द से किसानों से लेकर उद्योग तक बदहाल-

वर्षा व मानसून के समय हमारे देश के अधिकांश इलाके बाढ़ से जूझते हैं, उसके बाद वर्ष भर सूखे की त्रासदी से। अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि दोनों के कारण किसानों की दशा बदहाल

है। वर्ष 2010 में बाढ़ के कारण कुल 19,490 करोड रुपए की क्षति हुई, जिसमें 1393.85 करोड रुपए की फसल का नुकसान हुआ था। (स्रोत-केन्द्रीय जल समिति)

जल के कुप्रबंधन का सबसे बड़ा प्रतिकूल प्रभाव कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2010 में 15,986 किसानों ने आत्महत्या की थी और वर्ष 2014 में 12,307 किसानों ने आत्महत्या की थी। किसानों की आत्महत्या के प्रमुख कारणों में (एनएएसओ के अनुसार) प्राकृतिक आपदा जैसे सूखे के कारण फसल नष्ट होना, दिवालियापन आदि प्रमुख कारण हैं। सूक्ष्म अध्ययन करें तो पता चलता है कि दिवालियापन का कारण भी फसल नष्ट होना ही है जो कि जलसंकट अथवा बाढ़ के कारण होता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष 500 बीसीएम (बिलियन क्यूबिक मीटर) जल का उपयोग कारखानों में किया जाता है। 10 बीसीएम जल का उपयोग प्रसंस्करण कारखानों (प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज) तथा 30 बीसीएम जल का उपयोग प्रशीतन(रेफ्रिजरेशन) के लिए किया जाता है। जल का उपयोग मुख्यतः गारमेंट तथा टैक्सटाइल इंडस्ट्री में डाइंग तथा धुलाई आदि के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके अलावा पैट्रोलियम रिफायनरी, रासायनिक उत्पादों व उर्वरक के कारखानों, तथा कागज की फैक्ट्रियों में पानी का बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया जाता है। जल के अभाव में भारतीय उद्योगों पर बहुत बड़ा दुष्प्रभाव पड़ सकता है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था अस्त व्यस्त हो सकती है। जल संकट के कारण उद्योगों में कमी, लागत दर में वृद्धि, लाभ में कमी, जीडीपी में गिरावट, विकास दर में कमी तथा प्रति व्यक्ति आय में कमी हो सकती है।

वर्तमान में केंद्र तथा राज्य सरकारों को जल प्रबंधन के प्रति सजग होकर एक नीति तैयार करनी होगी तथा उसी के तहत कार्य करके जल प्रबंधन को भारत में सुदृढ़ एवं सुनिश्चित करना होगा। समस्या का हल जनजागरण ही है, अतः सरकार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा जनता को जल प्रबंधन तथा जल के बचाव के प्रति सजग करना होगा।

***Article link: http://www.fetc.org.in/government-apathy-towards-water-crisi/***

PUBLISHED DATE:- JUNE 18,2021

# 31. अर्थव्यवस्था के लिए चिंतनीय है आरबीआई की सालाना रिपोर्ट

**--Mr.Vikrant Nirmala Singh**

हर वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं पर केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक आफ इंडिया अपनी सालाना रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। बीते महीने आरबीआई ने अपनी सालाना रिपोर्ट जारी की है। यह सालाना रिपोर्ट भारतीय अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बेहद विश्वसनीय मानी जाती है। इस रिपोर्ट के जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक तस्वीर को देखा और समझा जा सकता है।

रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन कहा करते थे कि केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में उनका कार्य एक वोट लेना या फेसबुक पर लाइक हासिल करना नहीं होता है बल्कि बिना आलोचना की परवाह किए बगैर सही कार्य करना होता है। रघुराम राजन का यह कथन केंद्रीय बैंक के हर गवर्नर पर लागू होता है।

इसलिए हमेशा से केंद्रीय बैंक सरकारों के दबाव से अलग पारदर्शी कार्य करने के लिए जाना जाता है। इसके जरिए प्रस्तुत की जाने वाली सालाना रिपोर्ट, अर्थव्यवस्था पर अध्ययन करने वाले समूह के लिए हमेशा से एक मजबूत बुनियाद के रूप में काम करती रही है।

## आरबीआई की सालाना रिपोर्ट में क्या है मौजूद?

वर्ष 2020-21 की सालाना रिपोर्ट में आरबीआई ने कोविड-19 की वैश्विक महामारी का जिक्र करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में अप्रत्याशित सिकुड़न को स्वीकारा है। आरबीआई की सालाना रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित कुछ चुनिंदा महत्वपूर्ण तथ्य उपलब्ध है।

1. भारतीय अर्थव्यवस्था एक खपत आधारित अर्थव्यवस्था मानी जाती है। कुल जीडीपी में इसका तकरीबन 55 फ़ीसदी से अधिक का हिस्सा होता है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016-17 के बाद स्कूल खबर में नियमित गिरावट आई है। वर्ष 2016-17 में खपत पर होने वाले कुल खर्च की वृद्धि दर 7.8 फ़ीसदी थी जो वर्ष 2020-21 में -7.1 फ़ीसदी हो चुकी है। इसका अर्थ है कि बढ़ रही बेकारी की वजह से आय में आई गिरावट ने खपत को प्रभावित किया है।

2. भारतीय व्यवस्था में निवेश घटा है। वर्ष 2016-17 में निवेश की दर 3.7 फ़ीसदी थी जो कि वर्ष 2020-21 में – 12.9 फ़ीसदी हो चुकी है।

3. कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन में वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2020-21 में गिरावट आई है। वर्ष 2016-17 में जहां वृद्धि दर 6.8 फीसदी थी, वहीं आज 2020-21में यह 3 फ़ीसदी पहुंच चुकी है।

4. निर्माण क्षेत्र को भी बड़ी चपत लगी है। वर्ष 2016-17 में निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 5.9 फ़ीसदी थी जो वर्ष 2020-21 में अप्रत्याशित – 10.3 फ़ीसदी हो चुकी है।

5. कोविड-19 की इस तबाही ने सबसे बुरा प्रभाव होटल और ट्रांसपोर्ट जैसे क्षेत्र में दिखा है। वर्ष 2019 में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 6.4 फ़ीसदी थी, जो आज -18 फ़ीसदी हो चुकी है।

6. पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे की सालाना रिपोर्ट के अनुसार श्रम बल भागीदारी दर वर्ष 2018-19 में 37.5 फ़ीसदी थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से आंकड़ों का हवाला देते हुए आरबीआई ने लिखा है कि मार्च 2021 में श्रम बल भागीदारी दर 40.2 फ़ीसदी थी। इसका मतलब यह हुआ कि हर 100 लोगों में से 40 लोग काम करना चाहते हैं। मार्च 2021 में भारत की बेरोजगारी दर 10 फ़ीसदी के करीब है।

7. वित्त वर्ष 2021-22 में आरबीआई ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 10.5 फ़ीसदी लगाया है। पिछले वर्ष का अनुमान भी यही था।

8. आरबीआई ने जिक्र किया है कि बैंकों की कर्ज देने की स्थिति ठीक है, लेकिन अक्टूबर 2020 में क्रेडिट ग्रोथ रेट 3 साल के न्यूनतम 5.1 फ़ीसदी पर पहुंच चुकी थी। अगले महीनों में कर्ज वृद्धि दर बढ़कर मार्च 2021 में 5.6 फ़ीसदी हो गई। इस बढ़ोतरी के पीछे का कारण आरबीआई और सरकार की आसान कर्ज नीति है। खुद आरबीआई ने पिछले 1 वर्ष में लिक्विडिटी बढ़ाने के ढेरों उपाय किए हैं। रेपो रेट 1 वर्ष से 4% की दर पर बना हुआ है।

9. बैंकिंग फ्रॉड के मामलों में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 25 फ़ीसदी की कमी आई है। पब्लिक सेक्टर के बैंकों में होने वाले बैंकिंग फ्रॉड में बड़ी गिरावट देखी गई है। तो वहीं निजी बैंकों के संदर्भ में बैंकिंग फ्रॉड मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। प्राइवेट सेक्टर बैंकों में बैंकिंग फ्रॉड 18.4 फ़ीसदी से बढ़कर 33 फ़ीसदी हो चुका है।

10. आरबीआई ने सर्विस सेक्टर में आई गिरावट को आजाद भारत के इतिहास में सबसे अप्रत्याशित घटना के रूप में जिक्र किया है। वर्ष 2016-17 ने सर्विस सेक्टर की वृद्धि का 8.1 फ़ीसदी थी। वर्ष 2020-21 में इसकी वृद्धि दर -8.4 फ़ीसदी हो चुकी है। आरबीआई रिपोर्ट की क्या है मायने?

आरबीआई की सालाना रिपोर्ट भारतीय अर्थव्यवस्था के बदहाल सूरत की व्याख्या करती है। सर्विस सेक्टर, खपत, आयात और निर्यात आदि जैसे हर पैमाने पर भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट दर्ज की जा रही है। साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में बचत की दर भी लगातार घट रही है।

भारत की बचत दर 15 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है। केंद्रीय सांख्यिकी संस्थान के जरिए जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में बचत दर वर्ष 2012 (36%) की तुलना में घटकर 34.63 हो चुकी थी। वर्तमान रिपोर्ट को देखकर यही कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आगे की डगर अभी चुनौतियों से भरी हुई है। कोविड-19 का संकट कितने समय तक बना रहेगा, इस तथ्य पर भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार निर्भर करता है।

***Article Link:*** ***https://newstrack.com/opinion/national-statistics-department-released-figures-indian-economy-year-2020-21-270596***

PUBLISHED DATE:- JUNE 18,2021

# 32. शेयर बाजार में उछाल के पीछे का क्या है रहस्य?

**- Mr.Vikrant Nirmala Singh**

एक प्रचलित कहावत है कि सबसे अक्लमंद वही है दुनिया में जो यह जानता है कि वह बहुत दूर तक नहीं देख सकता है। शेयर बाजार के संदर्भ में आरबीआई वर्तमान में शायद यही कहना चाहता है। आरबीआई ने अपनी सालाना रिपोर्ट में शेयर बाजार बबल का जिक्र करते हुए निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। इसका अर्थ यह हुआ कि शेयर बाजार में दिख रही तेजी वास्तविक नहीं है। इसलिए निवेशकों को वर्तमान तेजी के आधार पर भविष्य की तेजी समझ निवेश में सावधानी बरतनी चाहिए।

असल में शेयर बाजार दुनिया की सबसे आशावादी जगह है। यहां होने वाली बढ़ोतरी भविष्य में बड़ी बढ़ोतरी के रूप में देखी जाती है। लेकिन वर्तमान तेजी पर आरबीआई कुछ भी गलत नहीं कह रहा है। यहां खुद ध्यान देने वाली बात है कि जब अर्थव्यवस्था के सभी पैमाने एक लंबी और गहरी मंदी का संकेत दे रहे है, ठीक उसी दौरान शेयर बाजार सबसे उच्चतम स्तर पर कैसे पहुंच चुका है? आश्चर्यजनक तथ्य तो यह है कि मार्च 2020 की तुलना में आज शेयर बाजार में 100 फ़ीसदी की उछाल आयी है। यह बड़ा उछाल तब संभव हुआ है जब कोविड-19 की वजह से भारत समेत दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाएं तबाह पड़ी है।

अब मैक्रो इकोनॉमिक्स पर नजर बनाकर रखने वाला अर्थशास्त्री शेयर बाजार के उभार को स्वीकार नहीं करेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि वास्तविक अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार, दोनों एक दूसरे का विरोध करते दिख रहे हैं। वर्ष 2020-21 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर -7.3 फ़ीसदी है। अर्थव्यवस्था पिछले 2 वर्षों में 8 फ़ीसदी से गिरकर -7.3 फ़ीसदी की दर पर पहुंच चुकी है। अर्थव्यवस्था में बेकरी दर चार दशकों के सबसे उच्चतम स्तर पर है, खपत घट रही है, निवेश घट रहा है, बाजार में मांग घट रही है लेकिन शेयर बाजार हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है।

इस अप्रत्याशित घटना पर इंडिया टुडे के संपादक अंशुमान तिवारी बताते हैं कि हर्षद मेहता स्कैम के बाद बाजार को रिकवर करने में 18 महीने लगे थे। डॉट कॉम बबल के बाद बाजार को रिकवर होने में 26 महीने लगे थे। वैश्विक वित्तीय संकट 2008 से बाजार को रिकवर होने में 20 महीने लगे। लेकिन कोविड-19 की वैश्विक समस्या से भारतीय बाजार को रिकवर होने में महज 8 महीने लगे, जबकि यह पिछले 100 वर्षों का सबसे बड़ा संकट है। इसलिए

अर्थशास्त्रियों को यह पूरी घटना अविश्वसनीय दिखाई पड़ती है लेकिन शेयर बाजार की दृष्टि से देखें तो यह बहुत अप्रत्याशित भी नहीं है। वर्तमान का शेयर बाजार शायद वास्तविक अर्थव्यवस्था से अलग हो चुका है। इसलिए जीडीपी नकारात्मक हो जाने पर भी यह सकारात्मक बना हुआ है।

**आरबीआई ने शेयर मार्केट के उछाल को बबल क्यों कहा?**

अपनी सालाना रिपोर्ट में आरबीआई ने लिखा है कि शेयर बाजार में जारी उछाल अप्रत्याशित है। इसके प्रमुख कारण तरलता बढ़ाने वाली मौद्रिक नीति एवं सरकार की उदार राजकोषीय नीति है। साथ ही साथ कोविड-19 टीकाकरण अभियान ने निवेशकों के अंदर एक सकारात्मक ऊर्जा पैदा की है, जिस वजह से वह लगातार बाजार में निवेश कर रहे हैं। आरबीआई का कहना है कि अर्थव्यवस्था में जारी सुधार और वित्त बाजार की संपत्तियों के कीमत में एक बहुत बड़ा अंतर दिखाई पड़ रहा है। कंपनियों के शेयर कीमतों में वृद्धि तो हो रही है लेकिन वास्तविक संपत्तियों की कीमतों में वृद्धि की दर बेहद कम है। आरबीआई ने स्पष्ट लिखा है कि अर्थव्यवस्था में 8% से अधिक की सिकुडन होने जा रही है इसलिए शेयर बाजार में इतनी उछाल वास्तविक नहीं है। यह एक बबल है जो आने वाले वक्त में फटेगा और निवेशकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

आरबीआई ने शेयर बाजार के इस बबल के पीछे के दो प्रमुख कारणों का जिक्र किया है। पहला कारण अत्यधिक मुद्रा आपूर्ति और दूसरा विदेशी निवेश को बताया है। कोविड-19 की तबाही से अर्थव्यवस्था को बाहर निकालने के लिए पिछले वर्ष सरकार ने बड़ा आर्थिक पैकेज जारी किया था, जो कुल 20 लाख करोड़ रुपए का था। वर्तमान में इसका एक बड़ा हिस्सा बाजार में जारी हो चुका है, जिसकी वजह से शेयर बाजार में निवेश बढ़ोतरी दिख रही है। दूसरी तरफ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता को देखते हुए विदेशी निवेशक वैश्विक स्तर पर भारतीय बाजार में निवेश कर रहे हैं। यह निवेश शेयर बाजार के पोर्टफोलियो के जरिए किया जा रहा है। जिस तरीके से पिछले छह महीनों में शेयर बाजार ने लंबी उड़ान भरी है, उसने विदेशी निवेशकों को भारत की तरफ और आकर्षित किया है।

वित्त वर्ष 2020-21 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश रिकॉर्ड 31.7 बिलियन डॉलर का रहा है जो कि वर्ष 2012-13 के बाद सर्वाधिक है। उस दौरान 25.8 बिलियन डॉलर का विदेशी पोर्टफोलियो निवेश रहा था। भारत की विदेशी मुद्रा भंडार को भी देखें तो पाते हैं कि यह रिकॉर्ड 605 बिलियन के स्तर पर पहुंच चुका है, जिसमें एक बड़ी हिस्सेदारी विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की है।

## अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति बढ़ी

कोविड-19 संकट के बाद से ही अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए तरलता (लिक्विडिटी) को बढ़ाने के तमाम प्रयास किए गए हैं। आरबीआई ने खुद बड़े स्तर पर यह कार्य किया था। आज इसी का परिणाम है कि अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति बढ़ी हुई है, जिसकी वजह से संपत्तियों का मूल्य बढ़ा हुआ दिख रहा है जो कि वास्तविक नहीं है। लेकिन यहां यह जान लेना जरूरी है कि वर्तमान में दी जा रही तमाम वित्तीय मदद भविष्य में जारी नहीं रहेंगी। निकट भविष्य में बाजार को संतुलित रखने के लिए आरबीआई लिक्विडिटी को कम करने का प्रयास भी करेगा और तब यह संभव है कि बाजार में ढलान देखने को मिले।

आरबीआई ने बबल की चेतावनी पीई (प्राइस अर्निंग) अनुपात को देखते हुए भी दिया है। पीई (प्राइस अर्निंग) अनुपात बताता है कि 1 रुपए की कमाई पर निवेशक कितना रुपया निवेश करना चाहते हैं। सामान्यता पीई अनुपात 25 के आस पास होता है। 25 के ऊपर जाने के बाद यह गिरने लगता है। पिछले अगस्त महीने से लेकर अभी तक यह अनुपात 30 के ऊपर बना हुआ है। फरवरी और मार्च महीने में तो यह 40 के स्तर को भी पार कर गया था। इसका ज्यादा होना यह बताता है कि निवेशक अधिक महंगें दामों पर शेयर खरीद रहे हैं। इसलिए आरबीआई का यह विश्लेषण निवेशकों को एक चेतावनी है। निवेशकों को आने वाले वक्त में सावधानी बरतनी होगी। निवेशकों को चाहिए कि वह अपने निवेश में विविधता लाएं।

***Article Link- https://newstrack.com/business/stock-market-secret-behind-the-boom-in-the-stock-market-272248***

PUBLISHED DATE: - JUNE 20,2021

# 33. नोट छापकर अर्थव्यवस्था क्यों नहीं चलाई जाती?

**-Mr Vikrant Nirmala Singh**

किसी भी अर्थव्यवस्था की एक बुनियाद मुद्रा होती है। देश में मुद्रा छापने की पूरी जिम्मेदारी केंद्रीय बैंक के पास होती है। केंद्रीय बैंक केंद्र सरकार के परामर्श से कार्य करता है। भारत में भी यही व्यवस्था है। अगर आप सामान्यतः चर्चाओं को ध्यान दें तो अक़्सर यह सुनने को मिल जाता है कि वर्तमान विषम परिस्थिति में सरकार को नोट छापकर अर्थव्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाना चाहिए। हम अक्सर यह सवाल सुनते रहते हैं कि देश की करोड़ों आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है तो क्यों नहीं सरकार पैसे छाप कर इनकी मदद करती है? आपको अगर इस सवाल के जवाब में कहा जाए कि नोट छाप कर गरीबी दूर करने की इस नीति से कोई फायदा नहीं होगा और गरीब तबका गरीब ही रहेगा तो यह जवाब एक बड़ी आबादी को हैरतअंगेज लगेगा। पैसा आने से कोई गरीब ही कैसे सकता है? परंतु यह सत्य है। केंद्रीय बैंक और सरकार बेहद विलक्षण परिस्थितियों में नोट छापने के प्रस्ताव पर विचार करती है। लेकिन ऐसा क्यों? क्या रहस्य है कि सरकार और केंद्रीय बैंक नोट छापने की नीति से बचना चाहते हैं?

## मुद्रा के अतिरिक्त छपाई में क्या दिक्कत है?

सबसे पहला कारण है महंगाई। अत्यधिक नोट छाप कर अर्थव्यवस्था चलाना एक किस्म की महंगाई है। अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति के बढ़ने के साथ ही महंगाई दस्तक दे देती है और रुपए की खरीद शक्ति (परचेसिंग पावर) घट जाती है। इस घटना को एक उदाहरण के रूप में समझते हैं। 1000 लोगों के एक कस्बे में आधी आबादी गरीब है। सरकार यह निर्णय लेती है कि वह नोट छाप का आधी आबादी को देगी और गरीबी से बाहर निकालेगी। वह प्रति व्यक्ति ₹5000 प्रति महीना देने का निर्णय लेती है। यानी कि 25 लाख रुपया सालाना (500×5000= 25,00,000) मुद्रा आपूर्ति उस कस्बे में बढ़ जाएगी। अब क्या होगा? सब के पास पैसे होंगे। सब बाजार में वस्तु खरीदने जाएंगे। बाजार में मांग बढ़ेगी और बढ़ती मांग को देखकर विक्रेता वस्तुओं के दामों में वृद्धि करेगा और ₹100 की चीज ₹150 और ₹200 में बिकने लगेगी। बिना आपूर्ति बढ़ाए वस्तुओं के दामों में वृद्धि की वजह से रुपए की खरीद शक्ति घट जायेगी। आप 1 रुपए से पहले जितना सामान खरीद पाते थे अब उतना नहीं खरीद पाएंगे। इसकी वजह से पैदा हुई महंगाई आपके आर्थिक स्तर में कोई सुधार नहीं करेगी, जबकि आपको सरकार से मुफ्त पैसे भी मिल रहे होंगे। यानी आप की वास्तविक आय पूर्व की भांति ही बनी हुई है। इस घटना की वज़ह से लेकिन बाजार में महंगाई आ चुकी होगी।

अब इस नीति का दूसरा प्रभाव समझिए। 1 वर्ष के अंदर अप्रत्याशित मांग की वृद्धि को देखते हुए उत्पादकों और विक्रेताओं ने आपूर्ति बढ़ाने का निर्णय ले लिया क्योंकि उनको पिछले वर्ष

लाभ हुआ था। लेकिन वह यह नहीं जानते हैं कि सरकार इस वर्ष नोट नहीं छाप रही है। अब यह आधा आबादी दोबारा अपनी पुरानी स्थिति में होगी। यानी कि सीमित आय। लोग अब महंगे दामों पर वस्तु नहीं खरीदेंगे। जो वह पिछली बार अचानक से हुई आय वृद्धि की वजह से कर पा रहे थे। इसका परिणाम यह होगा कि एक समय के बाद बाजार में सुस्ती आ जाएगी। मंदी जैसी स्थिति को देखते हुए विक्रेताओं को दाम घटाने पड़ेगें और कम दाम पर वस्तुओं को बेचना पड़ेगा। यानी कि उनको घाटा होने लगेगा। इस स्थिति को देखते हुए वह आने वाले वर्ष में रिस्क लेने के बजाय अपनी जमा पूंजी को बचाने का प्रयास करेंगे। परिणामस्वरूप बाजार में निवेश घटने लगेगा। बाजार सुस्ती एवं मंदी की तरफ बढ़ जाएगा।

इस उदाहरण से हम दो चीजें बहुत स्पष्ट समझते हैं कि नोट छापने की नीति महंगाई लाती है और अगर यह नियमित नहीं की गई तो मंदी और सुस्ती लाती है। यानी कि दोनों ही तरीके के अपने नुकसान हैं। नियमित रूप से नोट छाप कर बाजार में मांग पैदा करने की विधि महंगाई को सर्वोच्च स्तर पर ले जाएगी तो अनियमितता सुस्ती की तरफ। इस घटनाक्रम को समझने के लिए दुनिया में ऐसे तमाम उदाहरण मौजूद हैं। अधिक नोट्स छापने की विधि की वजह से जिंबाब्वे, ग्रीस, वेनेजुएला आदि जैसे देश दिवालिया घोषित कर दिए गए। इसलिए कोई भी अर्थव्यवस्था नोट छाप कर अमीर नहीं हो सकती है। वर्तमान समय में अमेरिका एक अच्छा उदाहरण है। अमेरिका ने 2020 में महामारी के तुरंत बाद 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अतिरिक्त छापे जो कि उनके जीडीपी का तकरीबन 15 फ़ीसदी था। अमेरिका के केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने वर्तमान समय में महंगाई की आहट का जिक्र किया है। अब इसका प्रभाव दुनिया के अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर दिखने की बात कही जा रही है।

## तो क्या मुद्रा की छपाई बिल्कुल नहीं होनी चाहिए?

ऐसा नहीं कि नोट बिल्कुल नहीं छापा जा सकता है। हर वर्ष एक संतुलित स्तर पर नोट छापे जाते हैं और अर्थव्यवस्था चलाई जाती है। लेकिन इसकी बुनियाद में उत्पादन होना चाहिए। बीते मई महीने में कोटक महिंद्रा बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय कोटक ने सरकार और आरबीआई को नोट छापने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि परिस्थितियां ऐसी हो चुकी है कि अगर अब नोट नहीं छापा गया तो कब छापा जाएगा। तो क्या भारत ऐसी परिस्थिति में है जहां नोट छाप कर अर्थव्यवस्था को चलाया जा सकता है? वर्तमान समय को देखते हुए इसका जवाब हां होगा। क्योंकि वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था में उत्पादन मौजूद है लेकिन मांग नहीं है और वर्तमान महंगाई आपूर्ति और मांग की वजह से नहीं आई है। इसके अलग कारण है। इसलिए सरकार और केंद्रीय बैंक छोटी अवधि के लिए नोट छापने की नीति पर काम कर सकते हैं। लेकिन यह कार्य बेहतरीन वित्तीय प्रबंधन के बीच किया जाना चाहिए, ताकि महंगाई को एक सीमा से बाहर ना निकलने दिया जाए।

इसके लिए सरकार अपनी महत्वकांक्षी योजनाओं का सहारा भी ले सकती है। जैसे बड़े राजमार्गों का निर्माण। इस कार्य के लिए अगर सरकार नोट छापने की नीति पर विचार करती

है तो एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि देश के लिए एक संपत्ति तैयार होगी और अतिरिक्त मुद्रा के बदले कुछ उत्पादन हो रहा होगा। इसी क्रम में मनरेगा का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह योजना ग्रामीण स्तर पर पैसा पहुंचा सकती है। इस योजना के जरिए गांव की आधारभूत संरचना को संवारने का कार्य किया जा सकता है और लोगों के हाथ में पैसा पहुंचाया जा सकता है।

वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का पहिया थम गया है। इसको एक मजबूत धक्के की जरूरत है जो सरकार ही दे सकती है। सरकार अगर ऊपर की दोनों योजनाओं पर विचार करें तो ऐसा किया जा सकता है। साथ ही साथ लोगों के हाथों में सीधे पैसा उपलब्ध कराने पर भी विचार करना चाहिए। नीचे की 30 करोड़ गरीब आबादी को 1500 रुपए का भुगतान प्रति महीने करना चाहिए। इसके लिए सरकार को 2,70, 000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। यह कुल जीडीपी का तकरीबन 1.5 फिसदी होगा। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था का पहिया फिर दोबारा चालू हो जाएगा। जब लोगों के हाथ में पैसा जाएगा तो बाजार में मांग करेंगे। जब बाजार में मांग करेंगे तो उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। उत्पादन में बढ़ोतरी होने से निवेश में वृद्धि होगी। निवेश में वृद्धि होने से नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और अर्थव्यवस्था में आय सृजन होगा। इससे बाजार में मांग बनेगी और यह चक्र दोबारा चलने लगेगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी आर्थिक समस्या रोजगार और आय का ना होना है। साथ ही साथ आरबीआई अर्थव्यवस्था में सुधार के बीच मुद्रा प्रवाह को रोकने के प्रयास भी कर सकता है जिससे अप्रत्याशित महंगाई ना आए। सरकार को चाहिए कि वर्तमान समय में राजकोषीय घाटे की परवाह किए बिना ऐसी किसी बड़ी राजकोषीय नीति का ऐलान करें।

***Article Link:- http://www.fetc.org.in/why-economy-cant-run-by-printing-money/***

PUBLISHED DATE: JUNE 23,2021

# 34. Covid-19 and its impact on our education sector

**--Mr Ankur Dubey**

“Education is the basic right of every individual”. Due to the pandemic we are forced to think about its applicability. Is it only the right of the privileged section? Is it right to force one to choose between food and school?

In November 2019, almost two years ago, a virus outbreak took place in Wuhan city of China. The covid-19 virus has since affected millions of people around the world. No one knew that this would aggravate the situation like this and push the world into a bleak future.

Today, every sector is worried about their own losses. Economists are talking about the economy, Businessmen are talking about their investments and business while politicians are trying to score points, claiming that they have taken the best possible steps and the situation is under control.

However, no one is talking about the education sector and losses that the students are facing, the cognitive skill, consistency, and the pace they are losing. All the other sectors have more or less found their pace and are recovering. It is claimed by the government that the students are studying through online platforms. This cannot be denied however there are certain issue that needs to be considered, like poor connectivity in rural India, lack of finances to afford mobile/laptops and internet connection for classes.

The pandemic has also resulted in many exams getting postponed and canceled. The results are prepared based on the past performance of the students, depriving them of a chance of actually improving and testing their learning.

According to the report by the World Bank, it was almost seven years after the internet was first thrown open to the public that more than 1% of India’s population used the internet. It took another nine years for this figure to cross 10%. In the next six years this population grew by 24% – from 10% in 2011 to 34% in 2017. Another data from the Telecom Regulatory Authority of India shows that the internet has penetrated even deeper into society after 2017. By the end of 2019, there were about 54 internet subscribers per 100 people. This does not necessarily mean that 54% of Indians use the internet because one person can be using more than one internet connection. In absolute terms, there were 719 million internet subscribers in India by the end of 2019. As of January 2021, approximately 45% of India’s population uses internet.

Internet can work as a valuable tool to expand the reach of quality education to every individual. It can also help by bringing the best faculties and teachers from across the world. However, this needs proper implementation and active participation of faculties.

The Central Board of Secondary Education (CBSE) has initiated a survey to understand the impact of the Covid-19 pandemic on teaching, learning, and assessment processes, and the socio-economic conditions of its affiliated schools across the country. The virtual survey, which started on June 2 and concluded on June 20, focuses on the teaching and learning practices adopted by the schools during the lockdown. In a letter to all its affiliated schools on Wednesday, CBSE director of academics Joseph Emmanuel said, "The insights obtained will help the board to propose and create support systems for schools in the current academic session and future policy formulations." This type of initiative should be taken by our government to resolve the hurdles of our online education system.

The pandemic has increased the gap between the rich and the poor, the underprivileged communities are loosing every day, and we cannot let them loose their chance at a better future. Education should be compulsory and free for all, irrespective of their economic and social background; the underpriviledged should not have to choose between their basic necessities and the education of their children. The Government must take proper step to overcome this crisis. It should make a care fund and allot money & appeal to the common populace to contribute to this fund through which the government can provide the mobile phones through a fair set of channels to the needy ones.

It should also ensure proper internet connectivity in rural areas. When the pandemic started our institutes and even our government was not prepared for the sudden change, it has been almost 2 years and we still don't have proper tools for online classes. Its High time, those in power must pay attention to the state of education in our country.

***Article Link:*** ***http://www.fetc.org.in/covid-19-and-its-impact-on-our-education-sector/***

PUBLISHED DATE: JUNE 21, 2021

# 35. कृषि की बुनियादी समस्याओं से दूर हैं तीनों नए कृषि कानून!

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

पिछले वर्ष जून महीने में सरकार ने अध्यादेश के जरिए तीन कृषि कानून लाए थे जो अभी भी विवाद का विषय बने हुए हैं। इन तीनों अध्यादेश को संसद से पारित कर कानून तो बनाया जा चुका है लेकिन सुप्रीम कोर्ट, किसान संगठन और सरकार के बीच में फंसे तमाम मसलों ने इसे अभी लागू होने नहीं दिया है।

सरकार और किसान संगठनों के बीच मतभेद ने इस पूरे प्रकरण को ऐसे मोड़ पर छोड़ दिया है, जहां सरकार झुकने को तैयार नहीं है और किसान संगठन आंदोलन वापस लेने को तैयार नहीं हैं। इस टकराव के बीच वर्तमान कृषि आंदोलन की सबसे बड़ी जीत यह है कि इस एक घटना ने कृषि से जुड़े तमाम पहलुओं को केंद्रीय विमर्श का मुद्दा बना दिया है। चाहे कृषि मंडियों में सुधार का मुद्दा हो या फिर एमएसपी को कानूनी रूप देने का मामला हो। एक लंबे अरसे से मुख्यधारा मीडिया से गायब रहे किसानों ने अपनी एक बड़ी जगह बना ली है। समय के साथ जैसे-जैसे यह आंदोलन बढ़ता गया, ठीक वैसे ही किसानों ने तीनों कानूनों में खामियों को और जरूरी कृषि सुधारों को देश के बड़े तबके तक पहुंचाने में सफलता हासिल कर ली है।

कृषि कानूनों के संदर्भ में चल रहे विवाद के बीच पहला तथ्य तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि किसान कृषि सुधारों के खिलाफ नहीं है। वह लंबे अरसे से चाहते हैं कि कृषि क्षेत्र में जरूरी नीतिगत सुधार किए जाएं। इसलिए उनको कृषि सुधारों के खिलाफ ना देखते हुए वर्तमान कानूनों में व्याप्त कमियों के खिलाफ देखा जाना चाहिए। इसी से जुड़े दूसरे तथ्य को भी समझना होगा कि कृषि क्षेत्र में लंबे समय से एक बड़ी त्रासदी चल रही है। सड़कों पर दिख रहा किसानों का यह गुस्सा एक लंबे समय से सरकारी उपेक्षा की देन है। यह विषय कांग्रेस बनाम भाजपा या किसी भी राजनीतिक दल के रूप में नहीं है ब्लकि पिछले कई दशकों से देश के किसान परेशान थे और नए कानूनों ने उनके गुस्से को सड़क पर ला दिया है।

किसानों की वीभत्स स्थिति का अंदाजा इस तथ्य से लगाना चाहिए कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से लेकर वर्तमान समय के बीच तकरीबन 3.50 लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। वर्ष 2014 से 2018 के बीच में कुल 57,345 किसानों ने आत्महत्या की थी। यानी कि प्रतिवर्ष 11,469 किसान और प्रतिदिन 31 किसानों ने आत्महत्या की थी। इतनी बड़ी संख्या में किसानों की आत्महत्या यह बताती है कि कृषि संकट एक लंबे

समय से चल रही समस्या है जिसका समाधान सरकारों ने कभी ईमानदारी से करने का प्रयास नहीं किया है। समितियां बनती रहीं और उनकी रिपोर्ट आती रही लेकिन किसानों की आत्महत्या वर्ष दर वर्ष बढ़ती ही रही है।

कृषि समस्याओं के अध्ययन से पता चलता है कि पूरे कृषि संकट की बुनियाद में तीन प्रमुख कारण है। अगर इन तीन समस्याओं पर कार्य कर दिया जाए तो कृषि संकट को बड़े स्तर पर सुधारा जा सकता है।

1. पहली समस्या फसलों के विक्रय मूल्य के इर्द-गिर्द घूमती है। आज भी किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिलता है। सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से नीचे उनकी फसलों की खरीदारी की जाती है, जिसकी वजह से किसान हमेशा घाटे में रहते हैं (शांता कुमार समिति के अनुसार महज 6 फ़ीसदी किसानों को ही एमएसपी मिलती है) और फसलों के मूल्य निर्धारण में सही फार्मूले का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। हाल ही में सरकार ने फसलों पर एमएसपी बढ़ाने का निर्णय लिया है लेकिन किसान बढ़े हुए एमएसपी से खुश नहीं हैं। इसकी ठोस वजह यह है कि एमएसपी निर्धारण का वर्तमान फार्मूला पूर्ण नही है। सान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने की मांग करते हैं। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का डेढ़ गुना दिया जाना चाहिए और सरकारें दावा भी करती रही हैं कि वह यह कार्य रहीं हैं। लेकिन किसान इस दावे पर हमेशा से ही सवाल उठाते रहे हैं। किसानों का कहना है कि स्वामीनाथन आयोग के अनुसार, फसलों के दाम सीटू यानी कॉम्प्रीहेंशन कॉस्ट प्रणाली के अनुसार तय होने चाहिए। सीटू प्रणाली के अनुसार इनपुट लागत, फैमिली लेबर, जमीन का रेंट और पूंजी पर ब्याज शामिल करने के बाद फसलों की कीमत तय की जाती है। किसानों का कहना है कि वर्तमान केंद्र सरकार ए टू प्लस फैमिली लेबर जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य तैयार करती है, जो कि किसानों के साथ धोखाधड़ी है। आपको यह जानकारी रहे कि एमएसपी का आकलन करने वाली 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' खेती के लागत को तीन हिस्सों में बांटती है। पहला ए2, दूसरा ए2+एफएल और तीसरा सी2।

2. दूसरी समस्या किसानों के ऊपर भारी कर्ज चुकाने की है। यह समस्या किसानों की आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण है। इस समस्या का बड़ा कारण पहली वाली समस्या में है। सही दाम न मिलने की वजह से किसानों को नुकसान होता है और वह खेती करने के लिए कर्ज लेने पर मजबूर होते हैं। लेकिन निकट भविष्य में भी कृषि उनके लाभ का जरिया नहीं बन पाती है और वह एक बड़े कर्ज के बोझ में दब जाते हैं।OCEID-ICRIER की एक रिपोर्ट

के अनुसार वर्ष 2000 से लेकर वर्ष 2017 के बीच सही दाम न मिलने की वजह से किसानों को 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच साल में कृषि कर्ज 61 फीसदी बढ़ कर 11.79 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वर्ष 2013-14 में कुल कृषि कर्ज 7.30 लाख करोड़ रुपये था। आज किसानों की आधी आबादी भारी कर्ज में दबी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में 10.07 करोड़ किसानों में से 52.5 प्रतिशत किसान भारी कर्जे में दबे हुए हैं। हर कर्जदार किसान पर करीब 1.046 लाख रुपये का औसत कर्ज है। किसानों की मांग कर्ज माफी की हमेशा से रही है। लेकिन जब भी किसानों के कर्ज माफी की बात की जाती है तो क्रेडिट कल्चर के नाम पर आलोचना की जाती है। जबकि कारपोरेट कर्ज माफी पर ऐसे किसी क्रेडिट कल्चर की बात नहीं की जाती है। किसान से कर्ज वसूली की प्रक्रिया भी भयावह है। कॉरपोरेट क्षेत्र की तुलना में किसान अगर कर्ज नही चुका पाता है तो उसके लिए कर्ज रिकवरी के नियम बहुत सख़्त बनाए गए हैं। स्थिति इतनी नाजुक है कि कर्ज न चुकाने की स्थिति में किसानों के ऊपर क्रिमिनल चार्ज लगा दिए

3. तीसरी समस्या कृषि क्षेत्र में आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के अभाव का है। सरकारों के उदासीन रवैये का ही परिणाम है कि आधी आबादी को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र जरूरी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित है। सिंचाई व्यवस्था का हाल इस तथ्य से समझिए कि आजादी के 75 वर्ष होने को हैं और आज भी देश की 60 फ़ीसदी कृषि बारिश पर निर्भर करती है। सच तो यह है कि सरकारों ने कभी हर खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य पर ईमानदारी से कार्य ही नही किया है। इसलिए आज भी सूखे की स्थिति में देश के किसानों को पीड़ा से गुजरना पड़ता है।

फसलों के भंडारण के लिए सरकार कभी जरूरी संरचना तैयार ही नहीं कर सकी। आज भी खेतों से 20-20 किलोमीटर दूर गोदाम बने हुए हैं, जहां छोटे और मझोले किसान अनाज को पहुंचाने में असमर्थ होते हैं। अनाज की खरीद बिक्री के लिए मंडी इनके खेतों से दूर शहरों में बनाईं गई है। यह जानकर आश्चर्य होगा कि देश में 42000 मंडियों की जरूरत है और वर्तमान में महज़ 7000 मंडियां मौजूद है।

अब तीनों ही कृषि कानून उपरोक्त समस्याओं के समाधान की बात नहीं करते हैं बल्कि एक समानांतर निजी बाजार जरूर बनाने की वकालत करते दिखते हैं। सवाल यही है कि किसानों की बुनियादी समस्याओं को सुलझाएं बिना समानांतर निजी बाजार बनाकर किसी समस्या का हल कैसे किया जा सकता है? वैश्विक स्तर पर भी कोई एक उदाहरण मौजूद नहीं है जहां

निजी क्षेत्र ने कृषि संकट को दूर कर दिया हो। भारत में बिहार एक सबक के रुप में मौजूद है। हमारे नीति-निर्माताओं को चाहिए कि किसानों की बुनियादी समस्याओं को पहले ठीक किया जाए और तब किसी नए और बाजार आधारित सुधार की वकालत की जाए। इन्हें यह समझना जरूरी है कि किसान आईसीयू में है और आप बुखार की दवा से समस्या को ठीक करना चाहते हैं।

**Article link:** ***https://newstrack.com/opinion/farm-law-three-new-agricultural-laws-are-away-from-basic-problems-of-agriculture-272770***

PUBLISHED DATE-JUNE 23,2021

# 36. दुनिया में तेजी से बढ़ रही है आर्थिक असमानता!

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

आर्थिक असमानता (Economic Inequality) एक लंबे समय से चली आ रही एक जटिल समस्या है। पहले राजा-महाराजाओं के समय में यह खाई देखने को मिलती थी। बाद के समय में ब्रिटिश उपनिवेश के दौरान भी आर्थिक असमानता व्याप्त थी। वर्तमान समय में पूंजीवाद के वर्तमान एकाधिकार स्वरूप के रूप में आर्थिक असमानता एक गहरी समस्या के रूप में बनी हुई है।

हम अक्सर सुनते रहते हैं कि देश की 1 फ़ीसदी आबादी के पास 50 फ़ीसदी संपत्ति है। किसी अन्य देश में 70 फ़ीसदी संपत्ति वहां की 1 फ़ीसदी आबादी के पास है। इसी तरह से भिन्न-भिन्न आंकड़े हमें मिलते रहते हैं। लेकिन यहां प्रश्न उठता है कि आखिर यह आंकड़ा निर्धारित कैसे किया जाता है? अगर आय असमानता व्याप्त करती है तो फिर इसके मापने का पैमाना क्या है? कोई आधार तो मौजूद है जिसके अनुसार यह कहा जा सकता है कि किसी देश में या किसी हिस्से में आर्थिक असमानता मौजूद है। आईए समझते हैं कि आय असमानता के मापने का पैमाना क्या है और इसके क्या प्रभाव हो सकते हैं।

## क्या हैं आय असमानता मापने के पैमाने

अर्थशास्त्र में असमानता को मापने के लिए दो प्रमुख सिद्धांतों का इस्तेमाल किया जाता है। पहला है लोरेंज कर्व और दूसरा गिनी कॉएफिशिएंट (गुणांक) । लॉरेंज कर्व (वक्र) आर्थिक असमानता को विजुअल रूप में दिखाता है तो वहीं गिनी कॉएफिशिएंट संख्या में बताता है। लॉरेंज कर्व का सिद्धांत प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मैक्स ओ लॉरेंज ने 1905 में दिया था। आय असमानता को समझने और दर्शाने के लिए लॉरेंज ने वक्र (कर्व) का इस्तेमाल किया था। यह कर्व कुल आबादी और कुल आय के बीच में संबंध बताता है। इस सिद्धांत के अंतर्गत बनने वाले ग्राफ से स्पष्ट होता है कि कितने प्रतिशत आबादी के पास कितनी प्रतिशत आय मौजूद है। दुनिया में कोई भी देश इस सिद्धांत के हिसाब से समुचित आय वितरण के पैमाने पर खरा नहीं उतरता है। गिनी कॉएफिशिएंट (गुणांक) का सिद्धांत इतालवी सांख्यिकीविद और समाजशास्त्री कोराडो गिनी ने सन् 1912 में दिया था। यह आय असमानता को संख्या में मापने का कार्य करता है। गिनी गुणांक तय करने में लॉरेंज कर्व की भूमिका होती है।

**आय असमानता के आंकड़े क्या कहते हैं? (Income Inequality Statistics)** आय असमानता पर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। हर वर्ष यह संस्था दुनिया में मौजूद विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक असमानताओं पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सबसे अमीर 1% लोगों के पास 6.9 बिलियन लोगों की तुलना में दोगुने से अधिक धन है। ज्ञात हो कि दुनिया की कुल आबादी तकरीबन 7.7 बिलियन है। आय असमानता लैंगिक आधार पर भी देखी जा सकती है। आय के आधार पर महिला और पुरुष के बीच एक गहरी खाई बनी हुई है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों के पास दुनिया की संपत्ति का 50% अधिक है, और 22 सबसे अमीर पुरुषों के पास अफ्रीका की सभी महिलाओं की तुलना में अधिक धन है।

ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं द्वारा किए गए अवैतनिक देखभाल कार्य का अनुमान $10.8 ट्रिलियन प्रति वर्ष का है जो कि दुनिया की अधिकतर अर्थव्यवस्थाओं से कई गुना है। भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में यह ढाई गुना अधिक है। महिलाएं दुनिया के गरीब परिवारों की सबसे बड़ी आबादी है। उन्हें हमेशा से पुरुषों की तुलना में कम आय और कम संपत्ति हासिल होती रही है। रोजगार के अवसरों में भी महिलाओं की भागीदारी हमेशा से कम रही है। एक बहुत बड़ी महिलाओं की आबादी को अपने पूरे जीवन काल में गैर वेतन एवं कम भुगतान वाले कार्यों को करना पड़ता है। दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को यह समझना चाहिए कि महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किए बिना एक सार्वभौमिक एवं संतुलित अर्थशास्त्र का निर्माण नहीं किया जा सकता है।

## भारत के संदर्भ में क्या है आंकड़े?

अंतरराष्ट्रीय संस्था ऑक्सफैम के अनुसार भारत की 10 फ़ीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 74.3 फ़ीसदी हिस्सा मौजूद है। यानी बची हुई 90 फ़ीसदी आबादी के पास महज 25.7 फ़ीसदी हिस्सा ही राष्ट्रीय संपत्ति का मौजूद है। इस रिपोर्ट के अनुसार 1 वर्ष में चोटी के 1 फ़ीसदी लोग की संपत्ति 46 फ़ीसदी बढ़ गई, लेकिन नीचे से 50 फ़ीसदी आबादी की संपत्ति महज 3 फ़ीसदी बढ़ सकी। महिलाओं के संदर्भ में आय असमानता के मामले में भारत की स्थिति बेहद निम्न स्तर की है। यह रिपोर्ट बताती है कि एक घरेलू महिला को किसी तकनीकी आधारित कंपनी के सीईओ के बराबर कमाने में कुल 22,277 वर्ष लग जायेंगे।

यह आंकड़े भारत में मौजूदा आर्थिक असमानता को दिखाते हैं जो यह बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में वेल्थ का केंद्रीकरण महज कुछ चुनिंदा हाथों में है। यह जानकर आश्चर्य होगा कि कोविड-19 की भयंकर आर्थिक तबाही के बीच जब हमारी 97 फ़ीसदी आबादी पहले की तुलना में गरीब हो गई और तकरीबन 23 करोड़ आबादी गरीबी रेखा के नीचे चली गई,

ठीक उसी दौरान देश के 100 बड़े पूंजीपतियों की संपत्ति में 12,97,882 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई थी। ऑक्सफैम रिपोर्ट के अनुसार लॉकडाउन के दौरान इन पूंजीपतियों की संपत्ति में 35 फ़ीसदी की बढ़ोतरी हुई।

**आय असमानता के क्या प्रभाव है? (Income Inequality Effect)**

आय असमानता के प्रभाव को समझने से पहले इसके पीछे के कारण को समझते हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण सस्ता श्रम है। वर्तमान अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादन और उस पर होने वाले लाभ की तुलना में दिया जाने वाला श्रम बेहद ही न्यूनतम है। यही कारण है कि कंपनी के मालिक और उसके कर्मचारी के आय के बीच कई हजार गुना का अंतर बना रहता है। भारत में शिक्षा की कमी भी इस समस्या की एक मूल जड़ है। सबसे अधिक गरीबी और आय असमानता अशिक्षित तबके में देखने को मिलती है। बढ़ती आर्थिक असमानता के सामाजिक और आर्थिक परिणाम घातक साबित हो सकते हैं। अगर संपत्तियों का केंद्रीकरण ऐसे ही होता रहा तो आने वाले समय में एक बड़ा सामाजिक विघटन देखने को मिल सकता है। वर्तमान समय में पूजीपतियों के खिलाफ तैयार हो रहे एक नकारात्मक मनोविज्ञान को भी आप देख सकते हैं। आर्थिक रूप से असंतुष्ट हो रही आबादी अगर जरूरी आर्थिक अवसरों को हासिल नहीं कर सकी तो एक दिन निश्चित ही विद्रोह कर देगी।

दूसरी तरफ अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि के अनुपात में अगर उसमें रहने वाली आबादी की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होगी तो यह एक अस्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत होता है। कल्पना कीजिए कि 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनने की तरफ बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था की एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है। इस समस्या के समाधान के रूप में हम महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप सिद्धांत का उपयोग कर सकते हैं। बापू ने 1903 में ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया था। ट्रस्टीशिप अर्थात न्यासिता के अनुसार पूंजी का असली मालिक पूंजीपति नहीं बल्कि पूरा समाज होता है और पूंजीपति तो केवल उस संपत्ति का रखवाला है। भारत में ट्रस्टीशिप का एक अच्छा उदाहरण आईटी उद्योग की प्रमुख कंपनी विप्रो के मुखिया अजीम प्रेमजी है। जिन्होंने आधी संपत्ति अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को दान कर दी है । यह फाउंडेशन आज भारत के 6 राज्यों व एक केन्द्र शासित प्रदेश में स्कूली शिक्षा हेतु महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसके साथ ही सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक अवसरों का विकेन्द्रीकरण बना रहे।

***Article Link:*** ***https://newstrack.com/opinion/economic-inequality-income-measuring-scale-statistics-effect-273074***

PUBLISHED DATE- JUNE 25,2021

## 37. पेट्रोल और डीजल के दामों में हो रही वृद्धि के लिए कौन जिम्मेदार है?

**--Mr Vikrant Nirmla Singh**

देश की हर हिस्से में पेट्रोल के दाम 100 रुपए प्रति लीटर पार कर चुके हैं या फिर 100 के आंकड़े के बेहद नजदीक है। मतलब कहा जा सकता है कि 100 रुपए प्रति लीटर अब एक सामान्य दाम है जिस पर पेट्रोल (Petrol) बिक रहा है। आर्थिक तबाही झेल रहे देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि के लिए कौन जिम्मेदार है? निश्चित ही यह सवाल वर्तमान केंद्र सरकार से अधिक पूछा जाएगा, क्योंकि इस सरकार की जब बुनियाद रखी जा रही थी, तो बेतहाशा पेट्रोल और डीजल के दाम का मुद्दा भी मौजूद था। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में चुनावी सभा कर रहे नरेंद्र मोदी (Narendra Modi) ने रैलियों में इसके दामों में कटौती की बात रखी थी। लेकिन उस दौरान किए गए वादों के विपरीत वर्तमान समय में पेट्रोल और डीजल अपने इतिहास के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं।
वर्तमान में यह जब यह सवाल जनता केंद्र सरकार से पूछ रही है तो जवाब के रूप में दो तर्क दिए जा रहे हैं। पहला तर्क है कि सरकार के पास आय नहीं है, इसलिए पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती नहीं की जा सकती है। यह तर्क अपने आप में सरकार की आर्थिक नाकामी को दर्शाता है। ऐसा नहीं कि पेट्रोल और डीजल के दाम कोविड-19 के दौरान ही चर्चा का विषय बने हैं। इसके पहले से ही केंद्र सरकार पेट्रोल और डीजल पर बड़ा टैक्स वसूल रही थी। दूसरे तर्क के रूप में केंद्र सरकार के बहुतायत मंत्रियों और नेताओं ने वर्तमान पेट्रोलियम और डीजल के दामों में हुई वृद्धि के लिए यूपीए सरकार को जिम्मेदार बताया है। इनका कहना है कि यूपीए सरकार के दौरान जारी किए गए ऑयल बॉन्ड का वर्तमान समय में भुगतान करने की वजह से दाम में कटौती नहीं की जा सकती है। अब इस पूरे प्रकरण को समझने से पहले आयल बॉन्ड को समझते हैं।

### ऑयल बॉन्ड क्यों जारी किए जाते हैं?

पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद भारत सरकार तेल कंपनियों से करती है और इनको भुगतान करती है। यह आंकड़ा बहुत बड़ा होता है। इसलिए सरकारें वित्तीय प्रबंधन करते हुए तत्कालिक भुगतान को ऑयल बॉन्ड के रूप में करती हैं। सरकार सब्सिडी के बदले तेल कंपनियों को बॉन्ड्स जारी करती है जो लंबी अवधि के होते थे। यह प्रक्रिया वर्ष 1996-97 से चली आ रही है। यूपीए सरकार के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम $110 प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुके थे और सरकार के ऊपर वित्तीय बोझ बढ़ गया था। तब तत्कालीन सरकार ने राजकोषीय घाटे को कम दिखाने के लिए तेल कंपनियों को नगद भुगतान की जगह नये ऑयल बॉन्ड जारी किए थे। उस दौरान पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों का आम जनता पर प्रभाव ना पड़े इसके लिए सब्सिडी की व्यवस्था होती थी। वर्ष 2014 में नई केंद्र सरकार ने यह व्यवस्था बदल दी और पेट्रोल और डीजल की कीमतों (Petrol

Diesel Prices) का निर्धारण बाजार के हवाले छोड़ दिया। उसी दौरान जारी किए गए ऑयल बॉन्ड को आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है।

## आगामी सालों में ऑयल बॉन्ड का भुगतान का विवरण

तत्कालीन यूपीए सरकार ने 1.31 लाख करोड़ रुपए के ऑयल बॉन्ड जारी किए थे, जिनका भुगतान मार्च 2026 तक करना है। अभी तक दो ऑयल बॉन्ड का भुगतान किया जा चुका है। दोनों ऑयल बॉन्ड की कुल राशि 3500 करोड़ रुपए थी। अगले ऑयल बॉन्ड का भुगतान इसी वर्ष अक्टूबर महीने में करना है, जिसकी कुल राशि 5000 करोड़ रुपए है। आगामी वर्ष 2023 में 22000 करोड़ रुपए के ऑयल बॉन्ड, 2024 में 40000 करोड़ का भुगतान और वर्ष 2026 में 37000 करोड़ के आयल बॉन्ड का भुगतान करना है। वर्तमान में सरकार इन ऑयल बॉन्ड पर तकरीबन 10 हजार करोड़ों रुपए का ब्याज भी चुका रही है।

लेकिन वर्तमान बेतहाशा पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि के लिए प्रथम दृष्टया इन ऑयल बॉन्ड को जिम्मेदार बता सरकार अपनी जवाबदेही से बच रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से लेकर वर्तमान 2021 तक कुल 20.56 लाख करोड़ रुपए पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री से प्राप्त हुआ है। इसी दौरान केंद्र सरकार ने कुल 71,198 करोड रुपए ऑयल बॉन्ड पर ब्याज व मूल के रूप में दिया है। यानी कि कुल हुई आमदनी का महज 3.5 फ़ीसदी हिस्सा ही बॉन्ड्स पर खर्च हुआ है। इसलिए सरकार का यह दावा सही नहीं है कि ऑयल बॉन्ड की वजह से जनता के ऊपर महंगे दामों का बोझ पड़ रहा है। भला इतनी छोटी राशि के भुगतान से इतना बड़ा बोझ कैसे साबित किया जा सकता है।

## सरकार ऑयल बॉन्ड बैंकों को जारी करती है

अब इस पूरे ऑयल बॉन्ड की चर्चा के बीच एक मजेदार तथ्य समझिए। केंद्र सरकार ऑयल बॉन्ड बैंकों को जारी करती है और बैंक तेल कंपनियों का भुगतान कर देते हैं। ये बैंक सरकार के होते हैं और तेल कंपनियां भी सरकार की होती हैं। सरकार हर वर्ष इन्हीं तेल कंपनियों से एक अच्छा डिविडेंड हासिल करती है। अब सवाल यह बनता है कि जनता की हिमायती दिखने वाली वर्तमान केंद्र सरकार क्यों नहीं तेल कंपनियों से डिविडेंड लेने के बजाय डिविडेंड राशि को ऑयल बॉन्ड के भुगतान में इस्तेमाल कर लेती है? लेकिन सरकार यह ना करते हुए पूरा बोझ आम जनता की जेब पर डाल रही है।

यह दावा इस तथ्य से समझिये कि केंद्र सरकार ने 2013 की तुलना में वर्ष 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों पर टैक्स के जरिए होने वाली कमाई में 459% की वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2013 में पेट्रोल और डीजल पर टैक्स के जरिए 52,537 करोड़ रुपए केंद्र सरकार को मिले थे जो 2019-20 में ₹2.94 लाख करोड़ रूपया हो गया था। वर्ष 2020-21 में केन्द्र और राज्य

सरकारों ने पेट्रोल और डीजल पर टैक्स के जरिए कुल 5,25,355 करोड़ रुपए एकत्रित किए हैं। यह 2019-20 की तुलना में 25 फ़ीसदी ज्यादा है। वर्तमान में केंद्र सरकार पेट्रोल पर ₹32.90 प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी तो वहीं डीजल पर ₹31.80 प्रति लीटर वसूल रही है। सरकार ऑयल बॉन्ड बैंकों को जारी करती है अब इस पूरे ऑयल बॉन्ड की चर्चा के बीच एक मजेदार तथ्य समझिए। केंद्र सरकार ऑयल बॉन्ड बैंकों को जारी करती है और बैंक तेल कंपनियों का भुगतान कर देते हैं। ये बैंक सरकार के होते हैं और तेल कंपनियां भी सरकार की होती हैं। सरकार हर वर्ष इन्हीं तेल कंपनियों से एक अच्छा डिविडेंड हासिल करती है। अब सवाल यह बनता है कि जनता की हिमायती दिखने वाली वर्तमान केंद्र सरकार क्यों नहीं तेल कंपनियों से डिविडेंड लेने के बजाय डिविडेंड राशि को ऑयल बॉन्ड के भुगतान में इस्तेमाल कर लेती है? लेकिन सरकार यह ना करते हुए पूरा बोझ आम जनता की जेब पर डाल रही है।

इसलिए पूर्ववर्ती सरकार को जिम्मेदार ठहरा पेट्रोल और डीजल के दामों में हो रही बेतहाशा मूल्यवृद्धि का स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता है। सोचिए अगर पूर्व की सरकार के जरिए लिए गए कर्ज को नई सरकार भुगतान करने के बजाय समस्या बताने लगे तो क्या होगा? अगर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह नयी सरकार आ जाए तो वह फिर मोदी जी कार्यकाल में लिए गए बेतहाशा कर्ज को बहुत सी चुनौतियां का आधार बताने लगेगी।

पिछले 5 वर्ष में भारत का कर्ज 50 फ़ीसदी बढ़ा यह ज्ञात रहे कि वर्तमान केंद्र सरकार के पिछले 5 वर्ष में भारत का कर्ज 50 फ़ीसदी बढ़ चुका है। ऐसे ही क्या वर्तमान में बैंकों के रीकैपिटलाइजेशन के लिए जारी किए गए 25 हजार करोड़ रुपए के बॉन्ड का तर्क देकर नई सरकार बैंकिंग सेक्टर की समस्याओं को नजरअंदाज कर देगी? बिल्कुल नहीं। हमें यह समझना होगा कि बदलते चेहरों के बीच भारत सरकार एक ही होती है। इस तरह के तर्कों से अपनी जवाबदेही नहीं हटाई जा सकती है। जो भी सरकार होगी वह भारत सरकार की पूर्व की देनदारियों की जवाबदेही होगी। इसलिए आज जरूरत है कि सरकार टैक्स कटौती करते हुए पेट्रोल और डीजल के दामों में कमी लानी चाहिए।

**Article Link:** ***https://newstrack.com/opinion/petrol-diesel-ke-dam-petrol-and-diesel-prices-oil-bond-upa-government-273516***

PUBLISHED DATE- JUNE 27,2021

# 38.जनसंख्या नियंत्रण नहीं बल्कि इसका प्रबंधन समय की मांग!

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

जनसंख्या नियंत्रण कानून (Population Control) पर जब भी चर्चा होती है तो इसके पक्ष और विपक्ष में बहुत से तर्क गढ़े जाते हैं। प्रथम दृष्टया तो जनसंख्या नियंत्रण कानून (Population Control Law) को समय की जरूरत बताई जाती है, लेकिन इसके मसौदे पर राय नहीं बन पाती है। देश के विभिन्न राजनीतिक दल भी इस विषय पर एक निश्चित वोट बैंक के हिसाब से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। हाल ही में एक बार फिर इसकी चर्चा असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में चालू हो गई है। तो क्या सच में जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है? स्पष्ट हां या ना के बीच में इस विषय पर स्वस्थ बहस की आवश्यकता है। किसी एक धर्म या मजहब के खिलाफ इस कानून को ना देखते हुए, इसके जरूरी हिस्सों पर चर्चा की जानी चाहिए।

## जनसंख्या वृद्धि के संदर्भ में वैश्विक आंकड़े क्या हैं?

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग ने 'द वर्ल्ड पापुलेशन प्रोस्पेक्ट्स 2017' नाम की एक रिपोर्ट में यह पूर्वानुमान जताया गया था कि वर्ष 2020 में दुनिया की कुल आबादी 8.6 बिलियन, वर्ष 2050 में 9.8 बिलियन और 21वीं सदी के अंत में 11.2 बिलियन पहुंच जाएगी। इस रिपोर्ट के आने के बाद से जनसंख्या वृद्धि (Population Growth) पर बड़ी वैश्विक चर्चा प्रारंभ हो गई।

लेकिन एक रिपोर्ट और है जो थोड़ा विपरित बात करती है। वर्ष 2017 में प्रतिष्ठित पत्रिका 'द लांसेट' (The Lancet) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि दुनिया की आधी आबादी वर्तमान में जन्म दर गिरावट के दौर से गुजर रही है, जो पूर्व की वृद्धि के बिल्कुल विपरीत है। इस पत्रिका ने लिखा है कि मौजूदा जनसंख्या को बनाए रखने के लिए बच्चों की संख्या पर्याप्त नहीं है और कई देशों में बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। जिसमें प्रमुख रुप से ग्रीस, बुल्गारिया, हंगरी, इटली, दक्षिण कोरिया और जापान हैं। इन सभी देशों में टोटल फर्टिलिटी रेट 1.5 फ़ीसदी के आस-पास है। इस रिपोर्ट ने चिंता व्यक्त की है कि दुनिया के विकासशील देशों में भी कम प्रजनन दर की प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है। उदाहरण के लिए चीन और ब्राजील में भी टोटल फर्टिलिटी रेट 2% से कम है।

**कुल प्रजनन दर (टोटल फर्टिलिटी रेट) क्या है?** कुल प्रजनन दर (Total Fertility Rate) एक सीमा रेखा है, जिसके अंदर अगर देश बना रहे तो जनसंख्या को लेकर बहुत चिंता करने

की जरूरत नहीं होती है। यह बच्चों की वह संख्या है जो बच्चे पैदा करने की उम्र में एक महिला के पास औसतन होनी चाहिए। किसी भी देश की आबादी को स्थिर रखने के लिए कुल प्रजनन दर 2.1 फ़ीसदी होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत काम करने वाला जनसंख्या प्रभाग इसे प्रतिस्थापन स्तर की फर्टिलिटी रेट के रूप में देखता है। इसका मतलब क्या होता है कि यदि प्रतिस्थापन स्तर की फर्टिलिटी रेट एक लंबे समय तक बनी रहती है तो देश को जनसंख्या संतुलित करने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। अगर इस स्तर पर किसी देश की आबादी बनी रहे तो संभवत जनसंख्या वृद्धि नहीं होगी।

## भारत की मौजूदा स्थिति क्या है?

वर्ष 2015-16 राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (National Family Health Survey) के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर 2.2-2.5 फ़ीसदी पहुंच गई है। अधिकांश भारतीय राज्य तो कुल प्रजनन दर के मानक से काफी नीचे जा चुके हैं। हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश जैसे 13 राज्यों की टोटल फर्टिलिटी रेट 2 फ़ीसदी से नीचे है। आर्थिक सर्वेक्षण 2018-19 के अनुसार अगले दो दशकों भारत की जनसंख्या वृद्धि में तेज़ गिरावट देख जाएगी। दक्षिण और पश्चिम भारत के राज्यों में जनसंख्या वृद्धि में बड़ी कमी देखी जा रही है। यहां के राज्यों में कुल प्रजनन दर अब 1.4 से 1.6 के बीच पहुंच चुका है। इसका अर्थ है कि इन जगहों पर दो कम बच्चे अच्छे माने जा रहे हैं। 2011 की जनगणना और अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (Census and International Institute of Population Sciences) के शोध के अनुसार, वर्ष 2031 तक भारत में जनसंख्या की वृद्धि दर घटकर 1 फ़ीसदी हो जाएगी और 2041 यह 0.5 फीसद रह जाएगी। यानी भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में दुनिया के विकसित देशों के बराबर पहुंच जाएगा। अब जनसंख्या नियंत्रण के संदर्भ में एक और अहम पहलू समझते हैं। केरल और पंजाब में कुल प्रजनन दर 1.6 फ़ीसदी जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में कुल प्रजनन दर क्रमश 3.4 और 2.7 फ़ीसदी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, वर्ष 2014-15 में 10 वर्ष से ऊपर की आयु की केवल 22.8% महिलाएं ही बिहार में स्कूल गईं। उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा 32.9 फ़ीसदी था। इसके विपरीत केरल में 72.2 फ़ीसदी और पंजाब में 55.1 फीसदी महिलाओं ने स्कूली शिक्षा हासिल किया। यानी कि स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं करने वाली महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं और शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाओं के बीच यह आंकड़ा 1.7 बच्चों का है। यह विश्लेषण हमें जनसंख्या नियंत्रण में शिक्षा के महत्व को समझाता है।

## जनसंख्या नियंत्रण नहीं बल्कि प्रबंधन की जरूरत

आंकड़ों का अध्ययन करने पर हम यही निष्कर्ष निकालते हैं कि भारत को वर्तमान में जनसंख्या नियंत्रण से कहीं ज्यादा जरूरत जनसंख्या प्रबंधन की है। हर समस्या के लिए बढ़ती आबादी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है बल्कि इसके बेहतर प्रबंधन और उपयोग पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

## भारत में बेरोजगारी की समस्या (Unemployment Problem in India)

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2021 से 2031 के बीच भारत की 97 करोड़ आबादी और 2031 से 2041 के बीच लगभग 42 करोड़ आबादी काम करने की ऊर्जा से भरपूर होगी। इसके लिए भारत को अगले दो दशकों में प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ रोजगार की जरूरत पड़ेगी। लेकिन वर्तमान समय में भारत की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। रोजगार देने में असफल हो चुकी सरकारें अब जनसंख्या विस्फोट को अपनी असफलता का कारण बता रही हैं। भारतीय युवा रोजगार मांगने की जगह पर जनसंख्या नियंत्रण के संप्रदायिक पहलुओं को अधिक दिलचस्पी से चर्चा का केंद्र बना रहा है। लेकिन वह इस तथ्य से वाकिफ नहीं है कि आने वाली दो दशकों में भारत की जनसंख्या पूर्व में किए गए तमाम प्रयासों की वजह से बिल्कुल नियंत्रित स्थिति में होने जा रही है। सरकार अगर परिवार नियोजन की योजनाओं को ऐसे ही मजबूती के साथ चलाती रही तो जनसंख्या वृद्धि कोई समस्या नहीं है।

आज जरूर जनसंख्या प्रबंधन पर सवाल करने का है। सरकारों से यह पूछा जाना चाहिए कि वह आने वाले 20 वर्ष में प्रतिवर्ष डेढ़ करोड़ आबादी को रोजगार कैसे दिलाएंगे? उनसे नए रोजगार अवसरों का ब्लूप्रिंट मांगा जाना चाहिए। मौजूदा फर्टिलिटी रेट के आधार पर वर्ष 2041 तक भारत की युवा आबादी का अनुपात अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच जाएगा और इसके बाद भारत के बुढ़े होने की शुरुआत होगी। वर्तमान प्रजनन दर के आधार पर दक्षिण भारत के राज्यों में बुढ़ापा 2030 से ही शुरू हो जाएगा। एक नागरिक के रूप में हमें और हमारी मुखिया के रूप में सरकार को यह समझना चाहिए कि अगर आबादी के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया तो भारत अपनी सबसे बड़ी युवा पीढ़ी को व्यर्थ कर देगा। जनसंख्या नियंत्रण कानून के बेवजह शोर-शराबे के बीच हमें अपनी आबादी के उचीत प्रबंधन की जरूरत है।

***Article Link:- https://newstrack.com/opinion/population-control-law-growth-total-fertility-rate-global-statistics-273888***

PUBLISHED DATE- JUNE 29,2021

# 39. भारत में बढ़ते बलात्कार और यौन उत्पीड़न के मामले चिंताजनक

**--Mr Ravijendra Rai**

“यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवताः।” अर्थात जहां स्त्रियों का आदर होता है वहां देवता वास करते हैं। इस श्लोक से भारतीय संस्कृति तथा दर्शन में नारी की महत्वता का ज्ञान होता है। भारत में युगों-युगों से नारी सदैव पूजनीय रही है किंतु धीरे-धीरे मध्यकाल में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति में गिरावट आई। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो भारत में स्त्रियों के प्रति अपराधों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। आए दिन स्त्रियों के प्रति अपराधों के नए रिकॉर्ड स्थापित हो रहे हैं।

**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)** के आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में वर्ष 2019 में हर रोज औसतन 88 महिलाओं का बलात्कार हुआ और देश भर में 32,033 मामले दर्ज किए गए इनमें से 11% मामले दलित समुदाय से थे। जबकि वर्ष 2018 में 33,356 बलात्कार हुए, यानी कि औसतन हर रोज 91 मामले दर्ज किए गए। यह आंकड़े बेहद भयानक और चौंकाने वाले हैं कि भारत में प्रति 16 मिनट में एक महिला का बलात्कार होता है। यह बात विभीषिका का विषय इसलिए भी है क्योंकि भारत में 17.9% मामले अपहरण के हैं और 21.8% मामले रेप के इरादे से हमला करने के हैं। कई मामलों में बलात्कार पीड़ितों की हत्या कर दी जाती है या उनकी मृत्यु हो जाती है। राज्यों के तर्ज पर यदि आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 में राजस्थान में सबसे अधिक 5,997 मामले, उत्तर प्रदेश में 3,065 मामले, मध्य प्रदेश में 2,485 मामले दर्ज हुए। इसके अलावा महानगरीय शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु में रेप की ज्यादा घटनाएं हुई। वर्ष 2019 में अकेले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 1,253 बलात्कार दर्ज हुए।

यह आंकड़े और भयानक प्रतीत होते हैैं क्योंकि यह आंकड़े केवल आधिकारिक दर्ज मामलों के हैं। जबकि अधिकांश मामलों में पीड़िता अथवा उसका परिवार शिकायत दर्ज ही नहीं करवाता क्योंकि उन्हें न्याय न मिलने, समाज में बदनामी होने का डर लगता है या उनको दोषियों द्वारा धमकाया जाता है। कुछ मामलों में पुलिस और प्रशासन की नकारात्मक छवि भी प्रभावी दिखाई देती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार 91.1% यौन हिंसा के केसों में शिकायत दर्ज नहीं की जाती।

देश में महिला सुरक्षा बीते दो दशकों से काफी संवेदनशील मुद्दा रहा है और इस पर जमकर राजनीति भी की जाती है। 2014 के लोकसभा चुनाव तथा उसके पश्चात यूपी एवं अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा था। हालांकि आंकड़ों तथा रिपोर्टों पर गौर फरमाएं तो यह स्पष्ट पता चलता है कि देशभर में महिलाओं और उनकी सुरक्षा एक चिंताजनक विषय है। महिलाएं बाहर तो बाहर अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। एनसीआरबी

के अनुसार वर्ष 2000 में दर्ज बलात्कारों में से 14,420 बलात्कार महिला के ज्ञात लोगों द्वारा अथवा करीबियों द्वारा ही किया गया था, जिसमें से पिता या परिवार के सदस्यों द्वारा 363, रिश्तेदारों द्वारा 990, पड़ोसियों द्वारा 4,345 तथा अज्ञात लोगों द्वारा 8,722 रेप के मामले थे। इसके अतिरिक्त प्रेमी द्वारा शादी का झूठा वादा करके यौन शोषण करने के मामले भी बहुतायत हैं। अपने कार्यालयों में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। यह वह महिलाएं हैं जो शिक्षित तथा जागरूक हैं, फिर भी इनके साथ ही कर्मचारियों एवं उच्च पदाधिकारियों द्वारा इनका यौन शोषण होता है। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस कर्मचारियों, जेल कर्मियों तथा अस्पताल प्रशासन या कर्मियों द्वारा भी महिलाओं से बलात्कार किया जाता है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में दर्ज कुल मामलों में से 5 पुलिस, 13 प्रशासनिक अधिकारियों, जेल कर्मियों/प्रशासन द्वारा 24, अस्पताल कर्मचारियों द्वारा 4 और महिला के अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मचारियों द्वारा 182 बलात्कार के मामले दर्ज हुए।

महिलाओं के साथ हुए बलात्कार का एक बड़ा हिस्सा अवयस्क बालिकाओं के ऊपर होता है। वर्ष 2019 में 16 वर्ष से कम आयु की 790 बालिकाओं से बलात्कार किया गया। मानसिक रूप से कमजोर महिलाओं से 393 एवं दिव्यांग महिलाओं से 116 रेप के केस सामने आए। मासूम बालिकाओं पर ऐसे जघन्य अपराध भारतीय कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हैं। यह उन सभी प्रयासों को जो आधी आबादी के सशक्तिकरण के लिए हो रहे हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करती है।

देश में बलात्कार के मामले अचंभित और डरा देने वाले हैं। सरकार व प्रशासन के तमाम वादों और दावों को यह आंकड़े खोखला साबित करते हैं। भारत में अधिकांश बलात्कार पीड़ितों की हत्या कर दी जाती है या उनकी मृत्यु हो जाती है। पुलिस में शिकायत और कार्यवाही पर पीड़िता या उसके सम्बन्धियों की हत्या कर दी जाती है। कानून ही नहीं अपितु हमारे सभ्य समाज में भी नैतिकता की दृष्टि से इस प्रकार की घटनाएं निंदनीय, नृशंस, अवांछनीय, वीभत्स, अक्षम्य, शर्मनाक और दण्डयोग्य अपराध है।

देश में बलात्कार जैसी घटनाओं को कम करने के लिए सरकारों द्वारा कई प्रयास किए गए हैं। महिला हेल्पलाइन, पिंक बस सेवा, राजधानी दिल्ली में डीटीसी बसों में कुछ विशेष बसें चलाना जिनमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए कमांडो तैनात होते हैं, मेट्रो तथा रेल में महिलाओं के लिए अलग कोच की व्यवस्था आदि अनेक कार्य बलात्कारों और छेड़छाड़ को नियंत्रित करने के लिए किए गए हैं। बाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम (पास्को एक्ट) को संशोधन द्वारा और अधिक मजबूत किया गया है। इसके अलावा पीड़िता को त्वरित न्याय हेतु देशभर में 1,023 फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की गई है। हांलाकि अभी भी पीड़िताओं को त्वरित तथा उचित न्याय नहीं मिल पाया है। मार्च 2020 को स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार, जिला और अधीनस्थ अदालतों में विचाराधीन मामले 2018 में 26.1 मिलियन से बढ़कर जनवरी 2020 में 31.7 मिलियन (22.8 मिलियन आपराधिक मामले व 8.9 मिलियन सिविल मामले शामिल) हो गई, जो 21% की वृद्धि है।

सरकारों द्वारा बलात्कार पीड़ितों के संरक्षण तथा उनको समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए मुआवजा, भरण-पोषण भत्ते तथा कई पुनर्वास योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा निर्भया फंड की सन 2012 में स्थापना की गई जो रेप पीड़ितों को स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से थी। इस फंड से 'शुभ', 'वन स्टॉप सेंटर' और 'सखी' जैसी योजनाएं संचालित होती हैं। क्षेत्र तथा सरकारी कार्यालयों में भी आंतरिक समितियां बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण व लैंगिक अत्याचार रोकना तथा इससे संबंधित शिकायतों का निपटारा करना है। देश में बढ़ते बलात्कार के मामलों से स्पष्ट है कि सरकार के उपर्युक्त सभी कदम अपर्याप्त हैं। सरकार को बलात्कारों की रोकथाम के लिए कड़े कानून बनाने होंगे, पुलिस सुरक्षा दुरुस्त करनी होगी एवं व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने होंगे। त्वरित न्याय हेतु फास्ट ट्रैक कोर्टों की और अधिक स्थापना करनी होगी तथा उनके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना होगा तभी महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा शोषण रोकने में सफल हो सकेंगे।

***Article link:-*** ***http://www.fetc.org.in/women-empowerment-ncrb-increasing-rapes-in-india/***

PUBLISHED DATE -JULY 2, 2021

# 40.भारत का आर्थिक पैकेज असफल क्यों हो रहा है?

**-- Mr Vikrant Nirmala Singh**

आर्थिक मंदी के जिस दौर से भारत गुजर रहा है वह दुनिया में सबसे अलग स्वरूप धारण किए हुए है। भारत की आर्थिक मंदी में ध्यान देने वाली बात यह है कि वर्तमान में बढ़ी हुई महंगाई बाजार के मांग की वजह से नहीं आई है, बल्कि सरकार की नीतियों की वजह से आई है। ताजा उदाहरण घरेलू गैस के दामों में 25 रुपये की वृद्धि का है। ऐसा कहना कि मांग की वजह से महंगाई नहीं आयी है के पीछे एक ठोस प्रमाण भी मौजूद है। जब हम जीडीपी के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं तो पाते हैं कि भारत की खपत दर लगातार गिर रही है। वह खपत दर गिर रही है जो भारत की अर्थव्यवस्था में 50 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी रखती है। खपत दर का लगातार गिरना यह बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मांग और आय में कमी आई है। वहीं दूसरी तरफ बेरोजगारी भी तेजी से बढ़ रही है। अब मौजूदा आर्थिक समस्या को दुरुस्त करने का जो सही तरीका हो सकता है, वह खपत को बढ़ा कर किया जा सकता है। लेकिन वर्तमान में सरकार इसके ठीक विपरीत मांग आधारित समस्या के समाधान के लिए आपूर्ति आधारित नीतियों को बना रही है।

20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज का क्या हुआ? सरकार ने पिछले वर्ष लॉकडाउन की वजह से मंद पड़ी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज का ऐलान किया था। यह राशि भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में एक बहुत बड़ी राशि थी। लेकिन आज जब एक वर्ष बाद हम देखते हैं तो पाते हैं कि इसका बहुत प्रभाव अर्थव्यवस्था पर नहीं है। आज बेरोजगारी दर 9 फीसदी पहुंच चुकी है। जीडीपी दर वर्ष 2020-21 में -7.3 फीसदी हो चुकी है। लोगों की आय में कमी आई है। देश की 97 फीसदी आबादी पहले की तुलना में गरीब हुई है। इसलिए 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज के औचित्य पर सवाल करना वाजिब है।

आपको याद होगा कि पिछले वर्ष जारी किए गए आर्थिक पैकेज में सबसे अधिक सुनाई देने वाले शब्द थे- आत्मनिर्भर भारत, 20 लाख करोड़, वोकल फॉर लोकल, जीडीपी का 10 फीसदी, दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा राहत पैकेज आदि। लेकिन यह आर्थिक पैकेज कर्ज आधारित पैकेज था जो अर्थव्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने में कामयाब नहीं हो सका। पिछले आर्थिक पैकेज में कर्ज, गारंटी या किसी अन्य वित्तीय उपाय के जरिए 16.60 लाख करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान था। साथ ही साथ सब्सिडी या नकद के रूप में 3.68 लाख

करोड़ रुपए का प्रावधान था। यह आर्थिक पैकेज भारत सरकार के खजाने पर महज जीडीपी का 1 फीसदी ही भार देने वाला था। इसलिए कर्ज की बुनियाद पर लाया गया यह आर्थिक पैकेज अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में असफल रहा।

नए आर्थिक पैकेज में क्या खामियां हैं? हाल ही में बीते दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बार फिर 6,28,993 करोड़ रुपए के नए आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली गलतियों से ना सीखते हुए यह आर्थिक पैकेज भी कर्ज की बुनियाद पर बनाया गया है। इस आर्थिक पैकेज में सरकार ने कोरोना से प्रभावी आर्थिक क्षेत्रों के लिए 1.10 लाख करोड़ रुपए की कर्ज गारंटी और 1.50 लाख करोड़ रुपए की आपात कर्ज गारंटी देने का प्रावधान किया है। 25 लाख छोटे कारोबारियों को 1.25 लाख रुपए तक का सस्ता कर्ज देने की बात की गई है। साथ ही साथ स्वास्थ्य संकट को हल करने के लिए सरकार ने 50000 करोड़ रुपये के अतरिक्त कर्ज गारंटी का प्रावधान किया है। अब जब इस नए आर्थिक पैकेज के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं तो पाते हैं कि इस पैकेज में भी 90 फीसदी हिस्सा कर्ज के प्रावधानों से भरा हुआ है।

तो अब सवाल उठना लाजिमी है कि मंदी के दौर से गुजर रही अर्थव्यवस्था के लिए जारी किए गए आर्थिक पैकेज की बुनियाद कर्ज के ऊपर क्यों रखी गई? यह सवाल भी पूछा जाना चाहिए कि पहले से एनपीए की परेशानी झेल रहे बैंकों से नए कर्ज के जरिये अर्थव्यवस्था कैसे चलाई जा सकती है?

## भारतीय अर्थव्यवस्था का हल क्या है?

भारतीय अर्थव्यवस्था एक गहरी मंदी में जा चुकी है जहां पिछले चार तिमाही के आंकड़े नेगेटिव रहे हैं। प्राथमिक तौर पर अध्ययन करने पर यही जानकारी प्राप्त होती है कि वर्तमान समस्या मांग आधारित है। तेजी से बढ़ी बेरोजगारी दर ने लोगों की आय में कमी की है। यानी कि यह वक्त लोगों के हाथ में पैसा पहुंचाने का है। ऐसे में भारत सरकार एक ऐसा जरिया है जो लोगों के हाथों में पैसे पहुंचा कर मांग को बरकरार रख सकती है। लेकिन सरकार अपनी आर्थिक नीतियों में लगातार इसकी अवहेलना कर रही है। तत्कालिक आर्थिक समस्याओं के लिए तत्कालिक समाधान होने चाहिए। सरकार को अपनी नीतियों से तुरंत आम जनता को लाभ पहुंचाने का काम करना चाहिए था लेकिन सरकार ने कर्ज की बुनियाद पर तत्कालिक आर्थिक संकट के लिए एक लंबी आर्थिक नीति का निर्माण करने में मशगूल है।

सरकार को चाहिए कि आबादी के एक बड़े गरीब तबके को हाथों में पैसा दिया जाए। ऐसा करने के दौरान सरकार को राजकोषीय घाटे और महंगाई की चिंता नहीं करनी चाहिए।

वर्तमान समय किसी बड़ी वित्तीय मदद वाली योजना का है। जब लोगों के हाथों में पैसा जाएगा तो वह बाजार में मांग करेंगे और मांग की वजह से बाजार में निवेश भी लौटेगा। निवेश के लौटने के साथ ही नए रोजगार अवसरों का सृजन होगा जो बेरोजगारी की समस्या को कम करेगा। रोजगार प्राप्त करने वाले लोगों के पास एक निश्चित आय होगी जिसे बाजार में खर्च करेंगे और बाजार में मांग का संतुलन बनने लगेगा।

***Article Link: https://newstrack.com/politics/economic-news-why-india-economic-package-failing-274798***

PUBLISHED DATE -JULY 4, 2021

# 41. LGBTQ+: We too are humans

**--Miss Garima Singh**

**"It is absolutely imperative that every human being's freedom and human rights are respected, all over the world." - Jóhanna Sigurðardóttir**

The word queer or LGBTQ+ is often used to refer to non-binary, non-gender-conforming, or homosexual people. Often grouped, the LGBTQ+ community in itself is a heterogeneous community consisting of Lesbian, Gay, Bisexual, Transgender, Asexual etc. It is important to acknowledge different groups to protect their individual and group identity.

According to UNHRC, there are 60 Lakh transgender in India. However, Census 2011 counted for only 4.8 lakh Trans genders. This vast mismatch is due to stigma, patriarchal and social barriers. Unfortunately, only 30000 are registered with the Election Commission of India. The rest are treated as ghost citizens and are subjectively deprived of social, economic, and political rights.

A report by IPSOS, a global public research platform, on LGBTQ+ pride 2021 revealed that 2% of India's population identified as other than male or female. The same report, in regards to sexual orientation, shows that 9% of the Indian population identified themselves as bisexual, 3% as either gay or lesbian (i.e., homosexual), 2% as Asexual and 1% as pansexual. A major part of the country's people, i.e., 17% do not consider themselves to be binary/ heterosexual.

## Trans people and Covid

The pandemic of Covid 19 has exacerbated the problems faced by vulnerable sexual minorities. During the first wave of covid- 19, the Trans community faced issues in quarantine facilities and healthcare as there were no inclusive centers for Tran's people. Manipur was the only state that set up a distinct quarantine center for Tran's people. According to the cowin dashboard, only about 56,060 people out of the 4, 87,803 members of the Trans community have received the vaccination.

## Recent Developments

In the last decade, significant social and legislative efforts have been taken for their inclusion, such as:

- In Nalsa vs Union of India (2014) case, Supreme court declared transgender people as 'the third gender' and upheld that their fundamental rights

- In 2018, Section 377 was scrapped by the apex court and decriminalized consensual same-sex relationships between two adults.
- In February 2021, the Allahabad court ruled that no one could be fired from work because of their gender identity or sexual orientation.
- In April 2021, the Madras High court banned forced sex selection surgeries on intersex infants, making it 1st in Asia to do so.
*In June of 2021, Madras High Court also banned "conversion therapy"
- National Council for Transgender.
- Transgender Person Act, 2019

**Challenges of LGBTQ+**

1. No self-identity: Even today, a person of this vulnerable section needs a district collector's certificate pronouncing them as transgender people.
2. As per UNESCO 2019 report, this socially rejected community faced multi-level bullying. The forms of bullying varied from physical to sexual abuse. Among those who were bullied only 18% complained and fewer were heard. Most teachers, especially in rural India, are not trained or empowered to respond to anti-LGBT bullying. In many cases, teachers participated in bullying. According to the same report, teachers would often beat and berate male students for acting feminine.
3. As per a 2019 report by the International Commission of Jurists (ICJ), "Educational and training opportunities are often denied to LGBTQ persons due to harassment, bullying, and violence," This leaves a lasting impact on the students, often leading them to skip classes or dropping out of school and education altogether.
4. Triple Jeopardy: Due to subjective realization of objective reality, this community is deprived of mainstream education, access to resources, job opportunities and eventually forced to live in rampant poverty.
5. The Constitution of India Prohibits discrimination against any person, but there is no anti-discriminatory law for the LGBTQ population.
6. Corrupt data: In absence of solid reliable data, policy makers fail to justify their demands.
7. majority of laws in India are drafted in a manner that only recognizes 'male' or 'female' and hence LGBTQ+ population are left out from the ambit of legal protection.
8. According to a 2014 research by the World Bank named "The Economic Cost of Stigma and the Exclusion of LGBT People: A Case Study of India", homophobia cost India approximately 0.1 to 1.7 % of its GDP. This includes the cost of employment and health discrimination. It costs India close to $31 billion a year in loss of labor productivity, educational achievement and healthcare cost to LGBT people

9. No Representation in national legislative houses they are excluded from the political domain (restricted rights of collectivism, restricted rights and political participation.

10. Fractured legal provisions: Our legal provisions only cater to the needs of the male and female community. It doesn't undertake the LGBTQ+ community as a party. In addition, acts that are specially framed for the transgender community have several limitations.

**The way forward**

The main challenge faced by the LGBTQ+ community in India is societal barriers like non-acceptance and discrimination. To create an inclusive and accepting environment for the LGBT+ community, the following area should be focused on to solve this is through education and awareness.

1. Education and Public Awareness Programs.
2. Social, Economic and Political Representation
3. Making appropriate changes in legal language
4. Efficient data management
5. Attitudinal change in society
6. Effective and Efficient implementation of beneficial services.

LGBTQ+ has already suffered a lot, now these needs to change. It can't be denied that legislatures, executives and judiciary have taken numerous efforts to bring this ignored community into the mainstream. However, still multiple essentials steps need to be undertaken. After governmental intervention and judicial activism, now civic societies and education institutions have a greater role in removing the patriarchal stigma and redefining the Trans people as god's creatures, not a disease. Gender equality measures need a strategically broad vision because the essence and meaning of gender equality remain incomplete when it fails to take into account the sufferings and problems of the LGBTQ community.

***Article link: http://www.fetc.org.in/lgbtq-we-too-are-humans/***

PUBLISHED DATE JULY 4, 2021

# 42. क्या भारत अत्यधिक विदेशी कर्ज की समस्या से जूझ रहा है?

--**Mr Vikrant Nirmala Singh**

फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट (Franklin D. Roosevelt) कहते थे कि हमारा राष्ट्रीय ऋण एक आंतरिक ऋण है, जो न केवल राष्ट्र का बल्कि राष्ट्र के लोगों का भी है। यदि हमारे बच्चों को इस पर ब्याज देना हो तो वे उस ब्याज का भुगतान स्वयं करेंगे। यह आंतरिक ऋण हमारे बच्चों को गरीब या राष्ट्र को दिवालियेपन (Bankruptcy) में नहीं डालेगा। यह बातें किसी देश के आंतरिक कर्ज के संदर्भ में कही गई थी। लेकिन विश्व बैंक (world Bank) के अनुसार, जब किसी देश का कर्ज कुल जीडीपी के अनुपात में 77 फीसदी से ज्यादा हो जाता है, तो दीर्घकाल में उस अर्थव्यवस्था के लिए समस्या का कारण बन जाता है। 77 फीसदी के अनुपात के बाद अगर एक प्रतिशत भी कर्ज बढ़ता है तो देश की आर्थिक वृद्धि दर तकरीबन 1.5 फ़ीसदी की दर से घट जाती है।

कोई भी अर्थव्यवस्था दो स्तर पर कर्ज लेती है। पहला आंतरिक ऋण (Internal debt) और दूसरा विदेशी (बाह्य) ऋण (Foreign Debt)। आंतरिक ऋण वह ऋण होता है जो देश के अंदर ही मौजूद स्रोतों से लिया जाता है। उदाहरण के लिए रिजर्व बैंक (RBI), कॉर्पोरेट हाउस, देश के अंदर मौजूद बैंकों, बीमा कंपनियों इत्यादि। विदेशी ऋण (बाह्य) देश के बाहर मौजूद स्रोतों से लिया जाता है। उदाहरण के लिए किसी देश के जरिए अपने मित्र देशों से कर्ज, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं (आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक आदि) से और एनआरआई इत्यादि से लिया जाता है।

## भारत की क्या स्थिति है?

रबीआई (RBI) की सालाना रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2021 तक भारत का कुल बाहरी कर्ज 570 बिलियन डॉलर था। पिछले 1 वर्ष में कुल बाहरी कर्ज की राशि $11.5 बिलियन डॉलर बढ़ी है। भारत का वर्तमान में कुल कर्ज 147 लाख करोड़ रुपए का है। वर्ष 2021-22 के लिए सरकार ने कुल 12 लाख अतिरिक्त कर्ज लेने का फैसला बजट के जरिए किया है। यानी कि कुल कर्ज की राशि 159 लाख करोड़ हो जाएगी। ध्यान रहे कि भारत की जीडीपी (India GDP) कुल 200 लाख करोड़ रुपए की है।

आईएमएफ (IMF) के अनुसार, भारत का कुल कर्ज जीडीपी के अनुपात में 90 फीसदी पहुंच चुका है। कोविड-19 के पहले यह अनुपात 74 फ़ीसदी हुआ करता था। वर्ष 2014 से

2019 के बीच भारत का कुल विदेशी कर्ज 118 अरब डालर बढ़ा है। वर्ष 2014 में भारत का कुल विदेशी कर्ज 446 बिलियन डालर था।

## बढ़ते कर्ज के खतरे क्या हैं?

विदेशी कर्ज के साथ दो प्रमुख जोखिम होते हैं। पहला है कि इन ऋणों पर लगाए जाने वाले ब्याज दरों में कभी भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो सकते हैं। जब कभी भी ब्याज दरें बढ़ती हैं, तो देशों को उच्च ब्याज भुगतान करने में समस्याएं आती हैं। दूसरा जोखिम कर्ज लेने वाले देश की मुद्रा के कमजोर होने में है। ऐसी स्थिति में निकट भविष्य में कर्ज के भुगतान की राशि लिए गए कर्ज की राशि से अधिक हो जाती है।

राजकोषीय घाटे (Fiscal Deficit) से जूझ रही अर्थव्यवस्था के लिए बाहरी कर्ज बेहद चिंताजनक साबित हो जाते हैं। भुगतान समय पर कर्ज और उस पर लगने वाले ब्याज की अदायगी के लिए कई देश दूसरे देशों से कर्ज ले लेते हैं। राजकोषीय घाटे से जूझ रही अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह क्रम सा बन जाता है। कर्ज लिए देश को अगले वर्ष फिर ब्याज भुगतान और ऋण भुगतान के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। इस वजह से सरकार को फिर से घाटे का सामना करना पड़ता है और एक और बाहरी ऋण लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

कर्ज ना चुका पाने की स्थिति में देश को दिवालियापन या फिर अधिक जोखिम वाली सूची में डाल दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं उस देश की साख रेटिंग को घटा देती हैं। उच्च मात्रा में विदेशी ऋण लेने वाला देश संभावित उधारदाताओं के बीच परेशानियों का सामना करता है। लगातार बढ़ते कर्ज को देखते हुए कई देश और संस्थाएं उधार देने के लिए तैयार नहीं होते हैं। एक लंबे समय तक कर्ज न चुका पाने की स्थिति में संबंधित देश को दिवालिया घोषित कर दिया जाता है जिसे सॉवरेन डिफॉल्ट के रूप में जाना जाता है।

वहीं आंतरिक कर्ज के साथ सबसे बड़ी समस्या कर्ज के एनपीए हो जाने की है। भारत इस समस्या से बुरी तरह जुझ रहा है। भारत के बैंकों का कुल एनपीए तकरीबन ₹10 लाख करोड़ के पास है। आज भारतीय बैंक एनपीए की वजह से कर्ज देने की शर्तों और जटिल बना रहे हैं। लेकिन सरकार अपनी आर्थिक नीतियों के जरिए लगातार अर्थव्यवस्था में संतुलन बनाए रखने के लिए कर्ज आधारित नीतियां बनाती है। अगर आप आंकड़ों पर गौर करें तो पाएंगे कि पिछले कुछ वर्षों में बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ रेट कम हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ पिछले 4 साल की सबसे न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है। वर्तमान में बैंकों ने 100 लाख करोड़ से ऊपर का कर्ज दे रखा है।

लेकिन भारत के संदर्भ में कर्ज की स्थिति बहुत चिंताजनक नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकार्ड 600 अरब डॉलर डालर से अधिक है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी भारत अपनी देनदारियों को पूरा कर सकता है। साथ ही साथ भारत का विदेशी व्यापार भी तेजी से बढ़ने की वजह से यह समस्या बहुत गंभीर नहीं दिखती है। हाल के वर्षों में भारत में विदेशी पूंजी का एक बड़ा निवेश देखा जिसकी वजह से भारत कर्ज की वजह से आने वाली समस्याओं से अभी काफी दूर है।

***Article Link:*** ***https://newstrack.com/opinion/foreign-debt-on-india-internal-debt-rbi-india-gdp-275373?infinitescroll=1***

PUBLISHED DATE - JULY 5, 2021

# 43.एक माडल गांव के क्या पैमाने होते हैं?

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

भारत गांवों का देश है और इसके गांव सामुदायिक जीवन के सबसे श्रेष्ठ उदाहरण होते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहा करते थे कि अगर गांव खत्म हो गए तो भारत समाप्त हो जाएगा। यही कारण था कि वह आजादी के पश्चात भारत के विकास की संरचना गांव को केंद्र बनाकर करना चाहते थे। इसी संदर्भ में उन्होंने ग्राम स्वराज की बात की थी। बापू के ग्राम स्वराज की बुनियाद में बौद्धिक और नैतिक उन्नति, समानता, संरक्षकता, विकेंद्रीकरण, स्वदेशी, स्वावलंबन, सत्याग्रह, सभी धर्मों में समानता और पंचायती राज जैसे पहलु मौजूद हैं।

आजादी के बाद भारतीय लोकतंत्र तो बढ़ा लेकिन विकास के उस क्रम में ग्रामीण आधारित विकास की व्यवस्था दिखाई नहीं पड़ती थी। एक लंबे समय के बाद संविधान के 73वें संशोधन के जरिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया गया। भारत के विकास का आधार गांवों से होकर गुजरे इसके लिए 2004 में पंचायती राज मंत्रालय का निर्माण किया गया। गांधी जी भी मानते थे कि सच्चा लोकतंत्र केंद्र में बैठकर राज्य चलाने वाला नहीं होता, यह तो गांव के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से चलता है। पंचायती राज व्यवस्था के मूल में भी यही था। गांव को उनकी खुद की सरकार और नीतियां बनाने के लिए इस व्यवस्था का निर्माण किया गया।

ग्राम स्वराज का विषय एक बार पुनः चर्चा में कोविड-19 की वैश्विक महामारी की वजह से ग्राम स्वराज का विषय एक बार पुनः चर्चा में आ गया है। इसका कारण बना पहला लाकडाउन। पहले लाकडाउन की वजह से एक बहुत बड़ी आबादी शहरों से गांव की तरफ आती दिखाई पड़ी थी। शहर से गांव की तरफ होने वाले पलायन ने हमारी ग्रामीण विकास के पैमानों पर कई सवाल खड़े किए। यह पूछा जाने लगा कि इतनी बड़ी आबादी के विस्थापन का क्या कारण रहा है? क्या हमारी पंचायती राज व्यवस्था सही मायनों में गांव को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है? क्यों लोगों को उनके गांव में ही रोजगार नहीं मिल सका? आखिर गांव के विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? क्या गांव का प्रधान या मुखिया ही गांव के विकास के लिए पूर्णतः उत्तरदाई है? ऐसी तमाम सवालों ने ग्रामीण विकास को एक बार पुनः चर्चा का केंद्रीय विषय बना दिया। लोग मॉडल या आदर्श गांव की चर्चा करने लगे जो खुद में विकास के जरूरी पैमानों को पूरा करता दिखे। रोजगार के अवसर, पर्यावरण संरक्षण, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा के अवसर आदि जैसे पहलुओं को शामिल किए हो। ऐसे गांव की

कल्पना की जाने लगी जो खुद से रोजगार के अवसरों को उत्पन्न कर सके और स्वावलंबी रहे।

## एक आदर्श गांव कैसा होना चाहिए?

एक आदर्श गांव के संदर्भ में सैकड़ों पैमाने बताए जा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह कौन सी आदर्श व्यवस्था है जो किसी गांव को मॉडल गांव के रूप में परिभाषित कर सकती है? वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और माडल गांव के सलाहकार डॉ हीरा लाल बताते हैं कि एक मॉडल गांव की पृष्ठभूमि में गांव का चौमुखी विकास शामिल होता है। बांदा जिले के जिलाधिकारी के रूप में डॉ हीरा लाल की चर्चा पूरे देश में होती रही है। देश के गांव को एक मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का यह पूरा आईडिया उन्होंने बांदा जिले के अपने कार्यकाल के दौरान ही तैयार किया था।

वो बताते हैं कि अपनी संस्था मॉडल गांव के अंतर्गत वह विलेज मेनिफेस्टो के माध्यम से गांव में विकास का एजेंडा स्थापित करते हैं एवं गांव से ही चेंजमेकर को तैयार कर गांव के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करते हैं। हर गांव में लोगों को विलेज मेनिफेस्टो से जोड़ना, गांव में चेंजमेकर तैयार करना करना और गांव में किसान उत्पादक संघ की स्थापना करना कि एक मांडल गांव बनाने का बुनियादी पैमाना है।

## मेनिफेस्टो- गांव के विकास का एक ख़ाका

विलेज मेनिफेस्टो एक घोषणापत्र है जो प्रत्याशियों के जरिए नहीं बल्कि गांव के हर सदस्य के जरिए जारी किया जाता है। इस मेनिफेस्टो के माध्यम से गांव के हर व्यक्ति को विकास का एक ख़ाका समझाया जाता है। इस घोषणापत्र के जरिए गांव के विकास से जुड़े प्रमुख मुख्य मुद्दों को गांव के बीच रखा जाता है। इसमें प्रमुख रूप से सफाई, पढ़ाई, दवाई, बिजली-पानी, रोजगार, विपणन, संवाद, जैविक उत्पाद, आत्मनिर्भर गांव, वृक्षारोपण, महिला विकास, गांव स्थापना दिवस जैसे 25 बिंदुओं को शामिल किया गया है। वह आगे बताते हैं कि गांव के प्रधान के भरोसे ही सिर्फ गांव का विकास नहीं सोचा जा सकता है। इसलिए हर गांव में चेंजमेकर बनाने की जरूरत है। चेंजमेकर वह व्यक्ति होता है जो किसी सामाजिक समस्या का समाधान एक रचनात्मक तरीके से करता है। चेंजमेकर अपने गांव के विकास का एजेंडा स्थापित करने में प्रभावशाली भूमिका निभाता है। डॉ हीरा लाल बताते हैं कि किसी भी गांव की आजीविका की बुनियाद कृषि से जुड़ी होती है इसलिए बिना कृषि को शामिल किए एक आदर्श गांव नहीं बनाया जा सकता है। उनका कहना है कि कृषि सबसे बड़ा उद्योग है और किसान सबसे बड़ा उघमी। उनका मानना है कि किसान उत्पादक संगठन के रूप में हर

गांव में समूह बनाने की जरूरत है। इस संगठन की वजह से किसानों को बेहतर सौदेबाजी करने की शक्ति मिलती है और वह अपनी उपज का अच्छा मूल्य प्राप्त कर पाते हैं। किसान उत्पादक संगठन बेहतर विपणन अवसरों के लिए कृषि उत्पादों का एकत्रीकरण करते हैं और व्यवसायिक गतिविधियों को विस्तारित करते हैं। डॉ हीरा लाल के मॉडल गांव अभियान को बड़े स्तर पर सराहा भी जा रहा है। हाल ही में नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने इनके प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सभी को प्रेरणा लेने की सलाह दी है।

## भारत की अर्थव्यवस्था गांव से होकर गुजरती है

21वीं सदी का भारत बिना गांव को विकास की मुख्यधारा में शामिल किए बगैर 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है। विश्व की सबसे अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने का रास्ता भारत के गांव से होकर गुजरता है। भारत की 65 फ़ीसदी से अधिक आबादी गांव में रहती है यानी कि भारत का 65 फ़ीसदी सामर्थ्य गांव में मौजूद है। इसलिए आज भारत को वैश्वीकरण से ग्राम स्वराज की तरफ वापस लौटने की जरूरत है। इसके लिए गांव को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने की जरूरत है। गांव विकास का एक ऐसा हिस्सा है जो संसाधनों से भरा हुआ है। आज जरूरत इन संसाधनों के समुचित इस्तेमाल की है। गांव को एक मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए सामूहिक जन भागीदारी को सुनिश्चित करना कि एक अहम पहलू होता है। आज जरूरत है कि गांव आधारित विकास मॉडल को तैयार कर गांव को स्वावलंबी बनाया जाया। अगर भारत के गांव को हम नई तकनीक और नए विकास के पैमानों से जोड़ने में सफल हो गए तो हमारी 90 फ़ीसदी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। जिस दिन भारत के गांव अपने विकास के एजेंडे को खुद स्थापित करेंगे उस दिन सही अर्थों में बापू के ग्राम स्वराज की स्थापना होगी।

***Article link:- https://newstrack.com/opinion/india-country-of-villages-what-are-the-scales-of-a-model-village-275541***

PUBLISHED DATE-JULY 10, 2021

# 44. कोविड-19 के दौरान भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका

**--Mr Vipin Vihari Ram Tripathi**

कोविड-19 के प्रभाव का आकलन महज स्वास्थ्य या अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। इस संकट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के प्रभाव का भी आकलन किया है। केन्द्र और राज्य सरकारों का क्या प्रर्दशन रहा है के साथ-साथ यह समय संस्थाओं के मुल्यांकन का भी रहा है। सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग, मानवाधिकार आयोग जैसे तमाम संस्थाओं ने इस दौरान निराश और प्रयास दोनों किया है।

जब देश में कोरोना की सुनामी क़हर बनकर टूट रही थी तब देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां जनसभा कर चुनावी हुंकार भर रही थी। कोरोना के तेज़ी से बढ़ते मामलों को देखते हुए भी चुनाव आयोग ने जिस प्रकार पहले विधानसभा चुनाव और फिर पंचायती राज चुनाव कराएं उससे चुनाव आयोग की कार्यशैली और दूरदृष्टि पर स्वाभाविक प्रश्न उठते है। शायद चुनाव आयोग आइसोलेशन में था। इस दौरान केरल हाई कोर्ट को तल्ख टिप्पणी करते हुए यह तक कहना पड़ा कि क्यों ना चुनाव आयोग पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। कोरोना की दूसरी लहर ने हमारे सामने दो बड़े प्रश्न खड़े किए थे। पहला, जब देश में दवाओं, आक्सीजन, एम्बुलेन्स आदि की गुहार लगायी जा रही थी तब क्या सरकार अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा कर पाई? दूसरा, क्या विपक्ष का काम सिर्फ़ संसद में चिल्लाना, पेपर उड़ाना और माइक तोड़ना ही है? दोनों प्रश्नों के जवाब एक ही है "नहीं"। विश्व के सबसे संवेदनशील देशों में शुमार भारत ने इस कोरोना काल में संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को देखा है। इस दौरान हमने अपनों को अपने सामने दम तोड़ते देखा है। लाशों को गंगा में बहते देखा है। जन प्रतिनिधियों को दवाओं की जमाखोरी करते देखा है। प्रधान सेवक को विडीओ कॉन्फ़्रेन्स में मास्क लगाते देखा है । विपक्ष को ट्विटर पर आरोप - प्रत्यारोप लगाते देखा है।

जब शासन- प्रशासन की व्यवस्था धराशायी होती दिख रही थी ऐसे समय में न्यायालय ने संवैधानिक मूल्यों को आगे रखते हुए इस महामारी में जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उसे आने वाले दशकों में याद रखा जाएगा। लेकिन यह भी याद रखना होगा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहली लहर के दौरान मजदूरों के मानवाधिकारों का संरक्षण करने में विलंब कर दिया था। लेकिन दूसरी लहर के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी भूमिका का सबसे सर्वोत्तम उदाहरण पेश करते हुए संकट के दौरान ऑक्सिजन सप्लाई, दवाओं, एम्बुलेंस, अनाथ बच्चों,

जेलों की भीड़ को कम करने को लेकर जो ऐतिहासिक दिशानिर्देशों जारी किए है, इससे ना सिर्फ़ हज़ारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली बल्कि सत्ता को न्यायालय की खनक का भी आभास हुआ।

## सुप्रीम कोर्ट और वैक्सीन पॉलिसी

वर्तमान समय में आप महसूस करेंगे कि सरकार की कोविड-19 के खिलाफ नीतियां सुप्रीम कोर्ट के जरिए तय हो रही है। अप्रैल महीने में केंद्र सरकार ने बिना ठोस तैयारी के राज्य सरकारों को 18-44 वर्ष की आयु के लोगों के वैक्सिनेशन की पूरी ज़िम्मेदारी दे दी। राज्य सरकारों को वैक्सीन का इंतज़ाम भी ख़ुद बख़ुद करने को निर्देशित किया गया। वैक्सीन के जो नये दाम केंद्र ने जारी किए वो भी पहले के मुक़ाबले काफ़ी ज़्यादा थे। ऐसे में जब राज्य सरकारों ने राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय वैक्सीन निर्माताओँ से वैक्सीन के लिए गुहार लगायी तो उन्हें ख़ाली हाथ लौटना पड़ा। कई राज्यों को तो अपने कई वैक्सीनेशन सेंटर तक बंद करने पड़े। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस चिंताजनक स्थिति को देखते हुए मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार की वैक्सीन नीति को कटघरे में खड़ा किया। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस चंद्रचूड, जस्टिस नागेश्वर राव और जस्टिस रविंद्र भट वाली बेंच ने सरकार की नीति को प्रथम दृष्टया तर्कहीन और मनमाना पाया। साथ ही कोर्ट ने सरकार को संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 की मूल अवधारणा के अनुरूप वैक्सिनेशन नीति बनाने को दिशानिर्देशित किया। सरकार की दलीलों को दरकीनार करते हुए कोर्ट ने सरकार को दुबारा से एक वैक्सिनेशन पॉलिसी पर विचार करने को कहा। फलस्वरूप केंद्र सरकार को 21 जून से वैक्सिनेशन की ज़िम्मेदारी फिर से अपने कंधों पर लेनी पड़ी।

### कोरोना से हुई मौत में मुआवजे नहीं

30 जून को सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम (एनडीएमए) में कोविड जैसी बीमारियों से मृत्यु होने मुआवज़े का कोई प्रावधान नहीं है। हलफ़नामे में ये भी बताया की अभी सरकार के मौजूदा संसाधनों को देखते हुए सरकार इतनी बड़ी संख्या में लोगों को मुआवज़ा देने की स्थिति नहीं है। हालाँकि जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एम.आर. शाह की बेंच ने इस दलील को कमजोर माना और पीड़ित परिवारों को न्यूनतम राहत के रूप में मुआवज़े देने को निर्देशित किया है। कोर्ट ने 6 हफ़्तों के अंदर एनडीएमए को मुआवजे की राशि तय करने का कार्य दिया गया है। इस फ़ैसले से उन लोगों को बहुत सहारा मिलेगा जिन्होंने अपने परिवार के भरण पोषण करने वाले को खोया है। मुआवज़े की राशि समय तय करेगा लेकिन इस फ़ैसले ने एक बार फिर न्यायपालिका के महत्व को उजागर किया है।

**न्यायालय का हस्तक्षेप कितना उचित?**

सुप्रीम कोर्ट संविधान के संरक्षक की भूमिका भी अदा करता है। जब भी विधायिका और कार्यपालिका अपने संवैधानिक दायित्वों में अप्रभावी रवैया, राजनीतिक बाध्यता या लेटलतीफ़ी करती हैं तो न्यायपालिका इन कमियों को दूर करने के लिए आगे आती है। पिछले चार दशकों में न्यायिक सक्रियता से न्यायालय ने कार्यपालिका और विधायिका को समय समय पर सामाजिक स्वतंत्रता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, थर्ड जेंडर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर नज़ीर फ़ैसले सुनाए हैं। इससे लोगों का विश्वास न्यायपालिका में और बढ़ा है। हालाँकि कई मामलों में न्यायिक सक्रियता का दायरा इतना ज़्यादा बढ़ जाता है कि वो विधायिका और कार्यपालिका के कामों में आवश्यकता से अधिक हस्तक्षेप करना शुरू कर देती है। दरअसल सामाजिक हितों के आदेश कब नीतिगत मामलों में तब्दील हो जाते हैं इसका अनुमान कठिन है। ऐसे में संविधान की मूल भावना शक्ति पृथक्करण का सिद्धांत आहत होता है और लोकतंत्र के तीनों स्तंभों में टकराव की स्थिति पैदा होती है। ऐसे में ये समझना ज़रूरी है कि भारत जैसे लोकतंत्र को और मज़बूत करने में विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका की बराबर और प्रभावी भूमिका है। इसलिए न्यायालय को न्यायिक सक्रियता और न्यायिक अति सक्रियता के बीच की दूरी को समझना होगा और लोकतंत्र की मूल संरचना से चलते हुए अपनी भूमिका निर्धारित करनी चाहिये। साथ ही साथ केंद्र सरकार को भी अपने दायित्वों को समझना चाहिए कि हर विषय पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी का सामना ना करना पड़े। अगर कोविड-19 के दौरान जरूरी व्यवस्थाओं को सुचारू ढंग से सरकार ने चलाया होता और टीकाकरण की नीति सुनियोजित तरीके से बनाई होती तो शायद सुप्रीम कोर्ट की आलोचनाओं से बचा जा सकता था। लेकिन एक लोकतंत्र के रूप में न्यायपालिका और विधायिका के बीच में नीतियां का यह टकराव जनता के हित में भी देखा जा सकता है।

***Article Link: https://newstrack.com/opinion/role-of-indias-democratic-institutions-during-covid-19-276651***

PUBLISHED DATE: JULY 12,2021

## 45 . Fiscal Deficit and Disinvestment- Two Edged Sword

**-Miss Muskan Chaurasia and Swati Kumari**

*"A king or Ruler is the one who creates and acquires wealth, protects and distributes it for a common goal. "*

***– Nirmala Sitharaman Union Budget 2021-22)***

Budget is one of the most Buzz creative documents of any country. The entire country keenly waits for this single document to determine many of their financial clearings the year ahead. James Wilson was the one who created India's first Budget in 1860. Budget day is like a World cup final. The entire nation sticks to television, newspapers, electronic media etc., to get the update. There are several questions on a budget day like how many benefits were allocated to various sections of society? Is it favourable to print notes?

What is the fiscal deficit to GDP? Does budgetary deficit comprise disinvestment? And many more. Finance Minister Ms. Nirmala sitharaman has presented the first-ever paperless budget in Indian history on 1 February 2021 to promote the vision of Digital India in light of covid-19.

**Budgetary Deficit or Conventional Deficit**

The term deficit means shortfall or indebtedness. Simply it is the difference between earning and spending. Budgetary deficit or compensatory spending is the gap between all the receipts and expenditures for both revenue and capital. It is a large concept, including revenue deficit, fiscal deficit, primary deficit and monetised deficit. In contemporary India, the idea of the budgetary deficit is no more in existence.

The fiscal deficit has a short and long term impact on the Indian economy, i.e. it boosts spending, develops infrastructure, increases the rate of inflation, accumulates more debt, and depreciates the value of the rupee and so on. In India, The Fiscal Responsibility and Budget Management (FRBM) Act 2003, sets a fiscal target for the government to maintain financial discipline in the economy.

As per the FRBM Act, 2003, the centre needs to limit the fiscal deficit to 3% of the country's GDP by March 31, 2021. At the same time, the government's debt should be restricted to 40% of GDP by 2024-25. Currently, the debt ratio is 90% of GDP. India is facing a fiscal deficit for over the last 40 years. In FY 2020-21, it had been

estimated at 3.5% of GDP, but due to the Covid-19 pandemic, the target for the fiscal deficit was revised to 9.5% of GDP due to persistent lockdown, fall in revenue and increased public expenditure.

However, the actual fiscal deficit stood at 9.3% slightly lower than the revised estimates. In the current FY 2021-22, fiscal deficit has been targeted at 6.8% of GDP and through amendment of FRBM act fiscal deficit is targeted to be kept below 4.5% of GDP by 2025-26.

Keeping in mind the fiscal numbers, in FY 2021-22, the government of India proposed an expected disinvestment target of Rs 1.75 lakh crore, which is less than the previous target of 2.1 lakh crores for 2020-21. Due to the unforeseen disruptions caused by the pandemic last year, there is a clear doubt of those targets being met.

This year finance minister Nirmala Sitharaman announced the government's disinvestment plans in Air India, Shipping Corporation, Container Corporation, privatisation of a general insurance company and two public sector banks and others. She said, 'barring four strategic sectors, PSUs in all other sectors will be divested, keeping in mind strategic and non-strategic sectors'.

**Tracing backwards historical footprints.**

From independence till the 1980s, socialism was the front guiding wheel driving the Indian economy, following Gandhian and Nehruvian models for policy formulations and economic developments. Then, with Mrs Indira Gandhi elected as prime minister for the third tenure; India steadily took steps towards a free-market-based economy evident from the 6TH five-year plan.

Around the world, it was also a time-frame when the Soviet Union was collapsing, and with it the possibility for economic growth following the socialistic principles as well. Furthermore, with the liberalisation, privatisation and globalisation [LPG] reform of 1991, India officially moved more towards a free market economy.

**Capitalism cares for profit only?**

The capitalist economic model is one in which government hardly produces anything. Its role is restricted to merely the administration and regulation of markets, and that's precisely what the government is presently trying to achieve.

The capitalistic system runs on various principles, 'profit' being one of its central characters, and efficiency is regarded as the cause and effect of capitalistic decisions. Most of the holdings of the PSUs were loss-making, inefficient and running on debt,

further enlarging governments deficits, thus left the government with no other alternative but to divest.

**Making 'public-sector-undertakings [PSU] private.'**

In India, PSUs and the orientation of social welfare schemes are considered the crown jewels of the Indian government's 'socialistic legacy'. With the introduction of new economic policy, the Indian government privatised PSUs by selling off part of its equities through disinvestment, thereby keeping control of some strategic sectors with itself only. It can be of three types-minor disinvestments [government retains 51% or more of its shareholdings], significant disinvestment [sells majority, retains some], and privatisation [complete handing over].

All the money raised through disinvestment is channelized to national investment funds. The term 'strategic disinvestment' is gaining wide popularity these days. It implies carefully and legally analysing, evaluating the government's assets and disinvesting some part of it so that it no longer remains any burden; rather it remains beneficial for the government. That's why the Central government in some recent budgets announced the target of strategic disinvestment.

**Motives behind disinvestments**

For the past few consecutive years, the government is extensively focusing on disinvestments, and that makes us a little curious to know the reasons behind it. Some of the main reasons behind disinvestment are:-

• To raise funds for upgrading, expanding and modernising of PSUs.

• To introduce competition in the market,

• To foster innovation, thereby expanding markets,

• To transfer any commercial liability, both economic [government will no longer bear employee liability on a pension, retirement expenses etc.] and market risks [bearing losses due to fluctuations in interest rates etc.]. And, most importantly

• To meet the budgetary needs of the government and to reduce the fiscal deficits.

Here one thing to note is, it makes sense when the government plans to disinvest loss-making and inefficient units, but surprisingly the list includes profit-making ones also. It clearly states the government's intentions to withdraw/limit itself from doing business.

The governments' participation in the market should be limited because of the simple reason that 'government comes and government goes' but 'economy, institutions and development plans must be permanent' if India aspires to become a superpower in the arena of the global economy.

**Conclusion: -**

In India, the central government's inclination towards the capitalistic economy is evident and not entirely welcomed by many. The reason lies in the drawbacks of capitalist systems where workers have to face exploitation; society gets divided based on the haves and have nots.

The government should strive to minimise its drawbacks so that the Indian economy can reap the benefits of maximum efficiency [output] and minimum [inputs] wastage from the capitalistic model. Disinvestment is inevitable and sooner or later government will minimize its presence in business except in strategic areas.

It is evident from the policy of all successive governments post-reform era. Inadequate revenue receipts and booming public expenditure makes it compulsory for government to sell off the loss-making and inefficient PSUs. However, there should always be a check on private sectors to ensure public welfare as the people of India is still not in a position to face the harsh truth of an open market economy.

***Article link: http://www.fetc.org.in/economy-finance-disinvestment-fiscal-deficit-and-disinvestment-two-edged-sword/***

PUBLISHED DATE - JULY 14, 2021

# 46. Rise of a new sector: The Blue Economy

**--Miss Aditi Jaiswal**

Ocean that covers 70% of the globe remains a vital part of our life. More than 80% of the ocean is still unexplored. The ocean surrounds India on its three sides, and around 30% of its population living in the coastal areas, having a coastal line of approximately 7,517km. It is home to nine coastal states and 1,382 islands.

The ocean is a prominent factor affecting the economy and lives of many people in the country. The fisheries, aquaculture, tourism, blue trade, minerals (seabed extractive activities), food, energy, marine biotechnology and bioprospecting etc., are major economic activities relating to the Blue Economy. Additionally, the seabed mineral extraction activities have made India self-reliant in minerals such as Copper, lead, zinc, limestone, mica, coal etc.

The Geological Survey of India (GSI) emphasizes offshore survey and exploration by Systematic Geological Mapping of 2.159 sq. Km of Indian Exclusive Economic Zone (EEZ), including 0.158 sq. km of Territorial Waters of India, since 1985.

## What is Blue Economy?

According to the World Bank, the blue economy is the “sustainable use of ocean resources for economic growth, improved livelihoods, and jobs while preserving the health of the ocean ecosystem.”

The Blue Economy is a growing concept which promotes better stewardship of our ocean or ‘Blue’ resources while reducing the environmental risks.

## Reasons to invest in the Blue Economy

• The worldwide ocean economy is valued at around US$1.5 trillion per year.

• 80% of the global trade, by volume, is carried by sea.

• 350 million jobs worldwide are linked to fisheries.

• By 2025, it is estimated that 34% of crude oil production will come from offshore fields.

• Aquaculture is the fastest-growing food sector and provides about 50% of fish for human consumption.

## Employment Generation in India by the Blue Economy

Among various activities, the fisheries sector solely provides livelihood to about 16 million fish farmers at the primary stage and almost twice that number along the value chain. The government investment in this sector will have immense potential to double the fish farmers' incomes.

The shipping sector is also one of the key livelihood providers in the blue economy. India has one of the largest merchant shipping fleets among the developing countries and ranks 17th globally. The number of Indian seafarers employed on Indian and foreign flag vessels crossed over two lakh in 2018, showing an unprecedented increase of 35% over the previous year.

Seaports are also a significant source of employment. Unlike India's major ports, jobs in smaller ports have increased from 1,933 in 2003 to 19,102 in 2017 (Blue Economic Working Group Report 4).

In Kerala, the total number of jobs created by the sector between 2009 and 2012 turned out to be around 23%. In 2016, the total share of tourism in Tamil Nadu's employment was more than 22% and 23% in Karnataka's.

This sector has been among the worst-hit due to the Covid-19 crisis. Nonetheless, coastal states are re-strategizing to attract local and domestic tourists, focusing on single or small groups interested in adventure and eco-tourism. It can help the economy to recover from the consequences of Covid-19.

It will eventually promote a renewable and clean way for energy generation reducing waste and encouraging recycling of materials. It can restore & protect the marine ecosystem as well.

## Government Plans to boost the Blue Economy.

The Blue Economy is among the top ten core dimensions of growth in 'The Vision of New India by 2030'. Niti-Aayog has set up a panel to better coordinate and integrate the GOI's initiatives in the Blue Economy.

### Deep Ocean Mission

It is an initiative taken by the Ministry of Earth Sciences (MoES) and approved by the Cabinet Committee on Economic Affairs (recently) to support India's Blue Economy.

The mission deals with exploring the deep ocean for resources and develops deep-sea technologies for sustainable use of ocean resources. It is to be implemented at an estimated cost of Rs. 4,077 crore for five years in phases, the first phase's estimated cost is Rs. 2823.4 crores for three years, i.e., 2021-2024.

The technologies required for the research are planned to be indigenized in collaboration with the private industries. A research vessel will be developed in an Indian shipyard for deep ocean exploration (Marine Biology). It will not only boost employment opportunities but also spur the growth of the Indian Industry.

**A Sustainable and Equitable Blue Recovery to the COVID-19 Crisis Report (India-Norway)**

The fourth meeting of the Indian-Norway Task Force was held on 9th June 2021, i.e., the World's Ocean Day. The Task Force was created in 2019. The report focuses on five prominent actions to boost the blue economy.

Besides investment in protecting the marine ecosystem and aquaculture, it also focuses on zero-emission maritime transport, sewage infrastructure for coastal communities and sustainable ocean-based renewable energy.

Recently, India-Norway Integrated Ocean Management & Research has also been established to promote the expansion of ocean industries.

Research commissioned by the standardized panel co-chaired by Norwegian PM for sustainable blue economy shows that every dollar invested in key ocean activities (like blue trade, decarbonizing international shipping, seafood production, scaling up wind power, conserving & restoring mangroves) yields [five times in return and often more.

Indian & Norwegian business plans to create job opportunities while investing in green technologies. For example, Norwegian companies Kongsberg Maritime & Wilhelmsen have contracted Cochin Shipyard to build two zero-emission autonomous ferries.

The vessels will replace 2 million km of truck transport, saving 5,000 tons of CO2 emission annually. Port of Oslo and JNPT in Maharashtra are starting collaboration for sustainable ship recycling.

**Two key MoUs have also been signed-**

One, Norwegian University NTNU and DG Shipping agreed to establish a maritime knowledge cluster soon. Two, Norwegian company Greenstat & the Indian Oil Corporation set up a Center of Excellence on Hydrogen.

**Conclusion**

The Blue Economy is indeed a sector that can add up to the country's GDP (currently estimated at 4.1%) and better economic condition. India is the third-largest fish producing and second-largest aquaculture fish producing country globally (NFDB 2020).

The government should invest in providing the required infrastructure for skill development in the blue economy sectors. This can be done by financially supporting the initiatives and programs that focus on expanding human resource for the sectors of blue economy. The level of awareness of employment opportunities in the blue economy needs to be increased both at the central and state levels.

This can be done by conducting frequent sessions with the target audience at both the school and university levels. The investment done in this sector can be very beneficial. Current economic trends have been degrading ocean resources. The government should boost this sector, keeping a balance between the economy and the environment.

***Article link: http://www.fetc.org.in/rise-of-a-new-sector-the-blue-economy/***

PUBLISHED DATE –JULY 15, 2021

# 47.UP Election 2022: क्या आगामी यूपी चुनाव में बेरोजगारी होगा एक अहम मुद्दा?

**-Mr Vikrant Nirmala Singh**

भारत चुनावों के उत्सव का देश है। हमारे यहां चुनाव बड़े से बड़े संकट की कड़वी यादों को पीछे छोड़ देते हैं। आज कोविड-19 के बाद सबसे अधिक चर्चा उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव की होने लगी है। उत्तर प्रदेश में छोटी से लेकर बड़ी घट रही घटनाओं को सीधे 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़ा जा रहा है। गंगा के सबसे बड़े हिस्से को धारण करने वाला यह प्रदेश हमेशा से राजनीति का केंद्र बिंदु बना रहा है। देश को 9 प्रधानमंत्री देने वाला उत्तर प्रदेश राजनीतिक रूप से हमेशा समृद्ध रहा है। यहां विधानसभा में कुल 403 सीटें और लोकसभा में 80 सीटें मौजूद है।

आगामी विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां चालू कर दी है। विशेष तौर पर भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनी तैयारियों को किसी भी अन्य दल की तुलना में अधिक रफ्तार दे दी है। जनसंख्या नियंत्रण कानून के जरिए योगी आदित्यनाथ समाज के बहुत बड़े प्रगतिशील तबके को जाति और धर्म से अलग एक नया वोट बैंक तैयार करना चाहते हैं। बड़े विज्ञापनों के जरिए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान प्रबंधन में अनियमितता और उत्तर प्रदेश में व्याप्त बेरोजगारी की समस्या अभी भी सरकार के लिए एक बड़ी चिंता का सबब बना हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्ष निश्चित तौर पर कोविड-19 के दौरान का कुप्रबंधन और असंतोष का रूप लेती बेरोजगारी को एक बड़ा मुद्दा बनाने जा रहा है। कोविड-19 के वर्तमान आंकड़ों के आधार पर दो उत्तर प्रदेश की सरकार खुद को बेहतर बता जरूर सकती है लेकिन बेरोजगारी के मुद्दे पर वह अभी भी चौतरफा घिरी हुई है.

## योगी सरकार में रोजगार की स्थिति क्या है?

2017 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, जिसका नाम लोक कल्याण संकल्प पत्र था। इसके संकल्प पत्र के अनुसार भाजपा नहीं अगले 5 वर्षों में 70 लाख रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर पैदा करने का वादा किया था। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश में स्थापित हर उद्योग में 90 फ़ीसदी नौकरियों को प्रदेश के युवाओं के लिए आरक्षित करने की बात कही गई थी। सरकार बनने पर वादा किया गया था कि 90 दिनों के

भीतर प्रदेश के सभी सरकारी पदों के लिए पारदर्शी तरीके से भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 7 फ़ीसदी के नजदीक है। सरकार बनने के बाद से अभी तक 3.75 लाख सरकारी पदों पर रोजगार सृजन किए गए जोकि किए गए वादी से बेहद कम है। लेकिन वर्तमान योगी आदित्यनाथ की सरकार के लिए अच्छी बात यह है कि वह पूर्व की सरकारों (सपा और बसपा) से इस मुद्दे पर आंकड़ों में बेहतर दिखाई पड़ते हैं क्योंकि वर्ष 2007 से वर्ष 2017 तक महज 2,91,000 सरकारी नौकरियों का सृजन हुआ था। योगी सरकार के 5 वर्षों का यह आंकड़ा पूर्ववर्ती 10 वर्षों पर भारी है।

मार्च 2017 में यूपी की बेरोजगारी दर 17.50 फीसदी थी, वहीं यह आज 7 फ़ीसदी के नजदीक है। पिछले 5 सालों में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिस विभाग में 1,37,253, शिक्षा विभाग में 121000, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 28622, यूपी लोक सेवा आयोग में 22168, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन बोर्ड में 19917, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्यांण में 8556, माध्यमिक शिक्षा विभाग में 14436, यूपीपीसीएल में 6446, उच्च शिक्षा में 4988, चिकित्सा शिक्षा विभाग में 1112, सहकारिता विभाग में 726, नगर विकास में 700, सिंचाई एवं जल संसाधन में 3309, वित्त विभाग में 614, तकनीकी शिक्षा में 365, कृषि में 2059, आयुष में 1065 पदों पर भर्तियां की हैं। उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी बड़ी समस्या क्यों? उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी एक शाश्वत सत्य है और सरकार को इसके गंभीर परिणाम भी देखने को मिल सकते हैं। वर्तमान राज्य सरकार पूर्व की सरकारों से तुलना करके बेरोजगार युवाओं को सांत्वना नहीं दे सकती है। आज उत्तर प्रदेश सरकारी नौकरियों के मामले में बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। तमाम भर्तियां कोर्ट में फंसी हुई है और तमाम सरकारी रिक्त पदों पर भर्तियों की प्रक्रिया तेज नहीं हो पाई है। युवाओं का गुस्सा इस घटना से समझा जा सकता है कि बीते 5 जून 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर युवाओं ने यूपी बेरोजगार दिवस के रुप में मनाया था। शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, उर्जा जैसे कई महत्वपूर्ण विभागों में वर्तमान समय में 5 लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं। बेरोजगार युवा लगातार इन पदों को भरने की मांग कर रहे हैं। बेरोजगारी की समस्या इतनी विभत्स है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो का आंकड़ा बताता है कि हर घंटे एक बेरोजगार युवा आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है।

वर्तमान योगी सरकार बेरोजगारी के खतरे को भांपते हुए लगातार मीडिया में आंकड़ों को जारी कर रही है। इसके जरिए वह रोजगार ना उत्पन्न करने के आरोप को नकारना चाहती

है। हाल ही में यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट लिमिटेड के सर्वे का हवाला देकर सरकार ने 2.60 करोड़ लोगों को एमएसएमई इकाइयों में रोजगार मिलने का दावा किया है। इस सर्वे की सत्यता पर बहुत कुछ तो कहा नहीं जा सकता है लेकिन सरकार डैमेज कंट्रोल में लगी हुई है। युवाओं में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए दिसंबर 2021 तक एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का वादा किया गया है लेकिन समस्या यह है कि कोविड-19 की महामारी के बीच यह प्रक्रिया निर्धारित समय पर कैसे पूरी की जाएगी? चुनाव आयोग की अधिसूचना के बाद आचार संहिता लागू हो जाएगी जिसकी वजह से सरकार कोई भी नया कार्य करने में असक्षम होगी। इसलिए यह चुनाव बेरोजगारी का होगा और चुनाव में युवा यह सवाल जरूर पूछेंगे कि सरकार 5 साल तक खाली पड़े रिक्त पदों पर नियुक्ति क्यों नहीं कर पाई?

***Article link: https://newstrack.com/opinion/up-election-2022-important-issue-upcoming-up-elections-unemployment-center-politics-277598***

PUBLISHED DATE –JULY 16, 2021

# 48.यूपी विधानसभा चुनाव में क्या है एक्सप्रेस-वे की राजनीति?

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

उत्तर प्रदेश की राजनीति का एक दिलचस्प पहलू यहां राज्य सरकारों के जरिए बनाए जाने वाले एक्सप्रेस-वे का है। आगरा से दिल्ली के बीच एक्सप्रेस-वे बनाने वाली मायावती अपना अगला चुनाव हार गयी। लखनऊ से आगरा तक एक्सप्रेस-वे बनवाने वाले अखिलेश यादव विधानसभा चुनाव हार गए। अब नजर इन दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों से बड़ा एक्सप्रेस-वे बनाने वाले वर्तमान मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ पर टिकी हुई है। खैर पूर्व की घटनाएं संयोग भर मात्र थी और राजनीति में कोई भी चीज स्थाई नहीं होती है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक्सप्रेस-वे खूब चर्चा में रहने वाला है।

यह तो तय है कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का एक अहम पहलू प्रदेश के एक्सप्रेस वे बनने जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी होने का तमगा अखिलेश की समाजवादी पार्टी के पास है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मीडिया साक्षात्कार में एक चर्चा सामान्य तौर पर हमेशा मौजूद रही है कि "हमने एक्सप्रेस-वे बनवाएं"। समाजवादी पार्टी का छोटा से बड़ा हर नेता एक्सप्रेस-वे की चर्चा अपनी उपलब्धि के रूप में करना नहीं भूलता है। यही कारण है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक्सप्रेस-वे खूब चर्चा में रहने वाला है। 2007 से 2012 के बीच मुख्यमंत्री रही बहन मायावती जी के कार्यकाल में दिल्ली से आगरा के बीच 165 किलोमीटर के आगरा एक्सप्रेस-वे बना था। फिर अखिलेश यादव की सरकार में आगरा से लखनऊ तक 302 किलोमीटर का एक्सप्रेस-वे तैयार किया गया था। वर्तमान की योगी सरकार भी दो बड़े एक्सप्रेस-वे को इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लेगी।

एक्सप्रेस-वे की इस राजनीति के बीच जान एफ केनेडी का एक कथन याद आता है। वह कहा करते थे कि अमेरिका की सड़कें इसलिए अच्छी नहीं है कि यह एक समृद्ध देश है बल्कि अमेरिका इसलिए समृद्ध है क्योंकि इसके पास अच्छी सड़कें है। किसी भी देश या राज्य के विकास में सड़कों की बड़ी भूमिका होती है। सिर्फ यात्रियों के चलने की एक जगह नहीं होती है बल्कि अर्थव्यवस्था को चलाने की एक बहुत महत्वपूर्ण कड़ी होती है। केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल तो पूरे देश में बिछाने का कार्य हमेशा से कर ही रही है लेकिन राज्य सरकारों ने भी क्षेत्र में अपने कदम तेजी से बढ़ाएं हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसके संदर्भ में 15 वर्षों में प्रयास किए हैं। अखिलेश यादव और बहन मायावती के कार्यकाल

को देखें तो कुल 467 किलोमीटर के एक्सप्रेस-वे बनाए गए थे। वहीं योगी आदित्यनाथ की सरकार में कुल 641 किलोमीटर के एक्सप्रेस-वे बनाए गए हैं। प्रसिद्ध लेखक शांतनु गुप्ता लिखते हैं कि योगी आदित्यनाथ को एक्सप्रेस-वे मैन कहा जाना चाहिए। इसके पीछे कुछ कारण भी बताते हैं। योगी सरकार के दौरान बन रहे एक्सप्रेस-वे की ढेर सारी जानकारी साझा कर उन्होंने यह दावा किया है।

1.पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 341 किलोमीटर की है। यह एक विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे है जो उत्तर प्रदेश के 9 जिलों को आपस में जोड़ता है। लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर। यह एक्सप्रेस-वे बिहार से थोड़ा पहले समाप्त होता है। इस एक्सप्रेस-वे के चालू होने की निर्धारित तिथि अगस्त 2021 रखी गई है। यह पूर्ण रूप से दिसंबर 2021 तक पूरा कर लिया जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे बिहार के सीमावर्ती गाजीपुर से लखनऊ होते हुए दिल्ली को जोड़ने में सक्षम रहेगा।

2. बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे इस एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 300 किलोमीटर है। यह एक्सप्रेस-वे चित्रकूट से इटावा के बीच तैयार किया जा रहा है जो 7 जिलों से होकर गुजर रहा है। चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा। यह एक्सप्रेस भी दिसंबर 2021 तक चालू हो जाएगा। 3. गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे यही छोटा एक्सप्रेस-वे है जिसकी कुल लंबाई 92 किलोमीटर की है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल के कुछ जिलों को सम्मिलित नहीं कर पा रही था जिसकी वजह से एक लिंक एक्सप्रेस-वे भी बनाया जा रहा है। यह लिंक एक्सप्रेस-वे चार जिलों को जोड़ता है। गोरखपुर, अंबेडकर नगर, संतकबीर नगर, आजमगढ़। यह परियोजना भी अप्रैल 2022 में पूरी कर ली जाएगी। 4. गंगा एक्सप्रेस-वे यह किसी राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही भारत की दूसरी सबसे बड़ी एक्सप्रेस-वे परियोजना है। इसकी कुल लंबाई 600 किलोमीटर की होगी। मेरठ से प्रयागराज के बीच यह एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरेगी। जिसमें मेरठ, हापुर, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल होंगे। इस एक्सप्रेस-वे के लिए 75 फ़ीसदी भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है।

**सड़कों के मामले में योगी सरकार की सबसे बड़ी चुनौती क्या है?**

बड़ी एक्सप्रेस-वे बनवा रही योगी सरकार की सबसे बड़ी चुनौती जिलों की वे सडकें हैं जो गांव कस्बों को जिला मुख्यालय से जोड़ती है। एक्सप्रेस-वे वाली उपलब्धियों के बीच सबसे बड़ी चुनौती राज्य के सामान्य सड़कों की है। जब योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला था उन्होंने 100 दिन के अंदर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया

था लेकिन सरकार की अवधि खत्म होने को है और प्रदेश की हजारों सड़कें गड्ढों से भरी पड़ी हुई है। यह वह सडकें हैं जहां से प्रदेश की निर्णायक आबादी गुजरती है। अभी भी प्रदेश में जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली छोटे कस्बों की सड़कें बड़ी चिंता का सबब बनी हुई है। हाईवे की चकाचौंध से दूर प्रदेश की 90 फ़ीसदी से अधिक आबादी इन्हीं सड़कों से होकर गुजरती। योगी सरकार की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह स्थानीय परेशानीयां एक्सप्रेस-वे के जरिए कैसे संभाल लेगी?

***Article Link: https://newstrack.com/opinion/expressway-politics-in-up-assembly-elections-277835***

PUBLISHED DATE -AUGUST 8, 2021

# 49.आर्थिक चुनौती के बीच भारत में अपर्याप्त टीकाकरण!

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

जहां दुनिया की बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं मंदी के दौर से बाहर आ रही हैं तो वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी एक रोजगार और वृद्धि विहीन अर्थव्यवस्था बनकर रह गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी (CMIE Report) के आंकड़ों के अनुसार, आर्थिक गतिविधियों के सुधार के बावजूद भी 2019 की तुलना में जुलाई 2021 तक 32 लाख सैलरी पाने वाले लोगों की नौकरी (Unemployment) जा चुकी है। जुलाई 2019 में जहां 8.6 करोड़ सैलरी पाने वाले लोग रोजगार में लगे हुए थे जबकि जुलाई 2021 में यह आंकड़ा 7.64 करोड़ लोगों का हो गया है।

आर्थिक सुधार की एक बड़ी जिम्मेदारी सरकारी बैंकों के कंधों पर है। ऐसा इसलिए क्योंकि कोविड-19 के आर्थिक नुकसान से उबरने के लिए भारत सरकार के 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज का 90 फ़ीसद हिस्सा कर्ज आधारित था, तो इस पैकेज को लागू करने की बड़ी जिम्मेदारी सरकारी बैंकों की बनी। इसी क्रम में सरकारी बैंक अर्थव्यवस्था में वित्तीय तरलता बनाए रखने के लिए सरकार के आदेश पर सामान्य शर्तों पर आसान कर्ज उपलब्ध करा रहे हैं । इसलिए सवाल उठता है कि जब अर्थव्यवस्था को बैंकों की खासी जरूरत है तब निजीकरण जैसे तकनीकी काम में समय क्यों लगाया जा रहा है?

बैंकों के सन्दर्भ में भारत की आर्थिक नीति पूर्व में भी बड़ी दिलचस्प रही है। पहले बैंक निजी क्षेत्र के ही हुआ करते थे । लेकिन इनकी पहुंच सीमित और कुलीन वर्ग तक ही थी। जनसामान्य तक बैंकिंग सुविधा ले जाने के उद्देशय से सन 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। तब निजी बैंकों पर यह सवाल उठता था कि ये अपनी जरूरी जिम्मेदारी नहीं निभाते थे। बाकी 6 अन्य बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण (banko ka rashtriyakaran) 1980 में कर दिया गया।

वर्तमान में एक बार फिर बैंकों के सन्दर्भ में नीति बदली जा रही है। इस वित्तीय वर्ष के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनिवेश के जरिए 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाने के प्रावधानों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की घोषणा भी की थी। यानी कि हम इतिहास में पुनः लौट रहे है।

हमेशा से संकटकाल में पब्लिक सेक्टर बैंकों (public sector banks) ने एक मह्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार की कोई भी वित्तीय योजना जो बैंकों के जरिए संचालित होती है उसमें 95 फ़ीसदी से अधिक की हिस्सेदारी सरकारी बैंकों की रही है। उदाहरण के रूप में 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' (Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana) भारत सरकार की एक बेहद सफल और महत्वपूर्ण योजना रही है। इसके अंतर्गत जीरो बैलेंस पर लोगों के बैंक खाते खोले गए। इस पूरी योजना की सबसे बड़ी चुनौती खातों के ऐक्टिव रहने की थी और साथ ही साथ एक खाते को मैनेज करने पर आने वाले ख़र्चे की देख-रेख भी करनी थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस योजना के अंतर्गत कुल 43.94 करोड़ बैंक खाते खुले हैं। जिसमें से महज 1.28 करोड़ खाते निजी बैंकों ने खोले, यानी कि कुल खातों का महज 3 फीसदी। ऐसा इसलिए क्योंकि बहुत से निजी बैंक न्यूनतम बैलेंस के नाम पर इस देश के एक बड़े हिस्से का महीने की कुल आमदनी रखते हैं। स्वाभाविक था कि निजी बैंक घाटे पर जाकर मुफ्त खाते नहीं खोलेंगे। लेकिन यहां सरकारी बैंकों ने आगे आकर भारत की एक बड़ी संख्या को बैंकिंग के दायरे में लाने का काम किया। यही हाल अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, फसल बीमा योजना आदि जैसी ढेरों सरकारी योजनाओं का है जहां सरकारी बैंकों ने निजी बैंकों से बेहतर कार्य किया है। इसलिए सवाल उठता है कि निजीकरण के बाद क्या ये बैंक आमजन की जरूरी योजनाओं के साथ न्याय कर पाएंगे?

**तो क्या सरकारी बैंक सिर्फ लाभ का विषय है?**

जवाब है नहीं। सरकारी बैंकों को ढेरों योजनाओं के भार से गुजरना पड़ता है। जिसमें सबसे ज्यादा कॉर्पोरेट कर्ज माफ़ी जैसी चीज़े प्रभाव की होती हैं। जब सरकारी योजनाओं और एनपीए के बोझ से बैंकों की स्थिति बिगड़ती है तो सरकार इनमें बजट से पैसा लगाकर उबारने का काम करती हैं। लेकिन हाल के वर्षों में ये तरकीब सफल नहीं हुई है। वर्तमान केंद्र सरकार ने ही अपने कार्यकाल के दौरान तकरीबन दो लाख करोड़ रुपए से अधिक पूंजी बैंकों को दी है । लेकिन फिर भी सरकारी बैंक घाटे में चल रहे है।

बैंकों की स्थिति को सुधारने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार "चार का एक" जैसी योजना पर काम कर रही है। इसके अंतर्गत पिछले कुछ सालों में सरकारी बैंकों का एक-दूसरे के साथ विलय कर संख्या को इकाई में लाने का प्रयास किया जा रहा है। आज सरकारी बैंकों की संख्या 28 से घटकर 12 हो चुकी है। सरकार को लगता है कि विलय और निजीकरण के जरिए बड़े बैंक तैयार हो जाने

से बैंकिंग कमियाँ दूर हो जाएगी। रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर वाईवी रेड्डी कहते थे कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण का निर्णय एक राजनीतिक फ़ैसला था, इसीलिए इनके निजीकरण का फ़ैसला भी राजनीति ही करेगी। वर्तमान में मौजूदा राजनीति ने तो मन बना लिया है। बाकी भविष्य पर छोड़ते हैं।

***Article link:- https://newstrack.com/opinion/bank-privatization-india-nijikaran-the-banking-laws-amendment-bill-2021-modi-sarkar-employees-strike-indian-economy-297747***

PUBLISHED DATE: 09 DECEMBER, 2021

# 57.Desh Ka GDP: क्या जीडीपी के आंकड़े मंदी से बाहर आने के संकेत हैं?

**--Mr Vikrant Nirmala Singh**

जीडीपी (GDP of India) के आकडों ने हमेशा आर्थिक बहसों (Economic Debates) को जन्म दिया है। संतुलित विकास (Balanced Development) की चर्चा के बीच नए दौर के अर्थशास्त्री (Economist) इसे आर्थिक विकास (Economic Development) नापने का सही पैमाना नहीं मानते हैं। इनके अनुसार जीडीपी मानव विकास सूचकांक (Human Development Index) को शामिल नहीं करता है। बहरहाल एक वास्तविकता यह भी है कि आर्थिक विकास को नापने का जीडीपी सबसे कारगर तरीका भी है।

हाल ही में मौजूदा वित्त वर्ष 2021-22 ( FY Year 2021-22) के लिए भारतीय अर्थवयवस्था (Indian Economy) के जीडीपी आंकड़े (GDP figures) जारी किए गए हैं। ये आंकड़े दूसरी तिमाही के अनुमान हैं। इस तिमाही में जीडीपी दर के 8.4 फ़ीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। इन आंकड़ों के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian Economy) में सुधार को समझने के लिए हमें इसकी तुलना पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही से करना होगा। साथ ही साथ यह भी देखना होगा कि अर्थव्यवस्था महामारी (Corona Pandemic) के पूर्व वाले स्तर की तुलना में कहां खड़ी है। तभी संभव है कि मंदी के बाद के आर्थिक सुधार को समझा जा सकता है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार के संकेत

कोविड-19 की महामारी (covid-19 pandemic) से पहले कुल जीडीपी 35.60 लाख करोड़ रुपए की थी, जबकि जारी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 35 लाख करोड़ रुपए है और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 32 लाख करोड़ रुपए की थी। यानी कि जीडीपी के कुल आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार की तरफ संकेत कर रहे हैं।

लेकिन फिर भी कोविड-19 के पहले वाली अर्थव्यवस्था बनने में अभी वक्त लगेगा । क्योंकि रोजगार (Employment), मांग, महंगाई (Dearness) जैसे पैमानों पर भारतीय अर्थव्यवस्था नकारात्मक दिखाई पड़ रही है। साथ ही साथ जीडीपी की गणना संगठित क्षेत्र के आंकड़ों से होती है। इसमें असंगठित क्षेत्र को शामिल नहीं किया जाता है। इसलिए भारत जैसी अर्थव्यवस्था जिसका 94 फ़ीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र से आता है, वहां जीडीपी को बहुत बेहतर पैमाना नहीं माना जा सकता है।न आंकड़ों में कृषि क्षेत्र उम्मीद के रूप में दिखाई पड़ रहा है कोविड-19 (COVID-19) के कठिन समय में भी यह कृषि क्षेत्र ही था जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था में उम्मीद को जिंदा रखा था। वर्तमान

में इसकी वृद्धि दर 4.5 फ़ीसदी है जो कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के 3 फ़ीसदी से काफी बेहतर है। विनिर्माण क्षेत्र रोजगार के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जारी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इसकी वृद्धि दर 7.5 फ़ीसदी है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह -7.2 फिसदी था। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी सुधार आया है। जारी आंकड़ों के अनुसार वर्तमान वृद्धि दर 5.5 फ़ीसदी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह -1.5 फ़ीसदी थी।

अब चर्चा उस हिस्से की जिसे भारतीय अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी माना जाता है। यानी की खपत।भारत की जीडीपी में खपत की हिस्सेदारी 55 फ़ीसदी है। इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत के लोगों ने कुल 19.50 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह पिछले साल की तिमाही से बेहतर है। पिछले साल यह आंकड़ा 17.93 लाख करोड़ रुपए का था। लेकिन अभी भी यह कोविड-19 से पहले वाली स्थिति की तुलना में तकरीबन एक लाख करोड़ रुपए कम है। कुल जीडीपी की हिस्सेदारी में देखें तो खपत का प्रतिशत स्थिर रहा है। वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में जहां यह 54.4 फ़ीसदी था वहीं जारी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 54.5 फ़ीसदी है।

**मंदी से निकलने के लिए सरकार की बड़ी भूमिका होती है**

किसी भी मंदी से निकलने के लिए सरकार की बड़ी भूमिका होती है। जब अर्थव्यवस्था के अन्य पहलू नकारात्मक प्रदर्शन कर रहे होते हैं तब सरकार अपने बजट से पैसा लगाकर अर्थव्यवस्था को गति देती है। लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इस वर्ष की तिमाही में सरकारी का कुल खर्च 3,61,616 करोड़ रुपए का है, जोकि वर्ष 2019-20 की तुलना में तकरीबन 70,000 करोड़ रूपए कम है। वर्ष 2019 की दूसरी तिमाही में कुल सरकारी खर्च 4,34,571 करोड़ रुपए रहा था। यानी कि संकट के समय सरकार का खर्च कम हुआ है।

इन तमाम आंकड़ों के अध्ययन से एक तथ्य स्पष्ट होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दोबारा रफ्तार पकड़ रही है। कुछ चुनिंदा सेक्टर को छोड़ दें तो हर मोर्चे पर यह बेहतर कर रही है। अगर इन जीडीपी आंकड़ों की वृद्दि के साथ ही रोजगार में वृद्धि हो जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था के दिन बेहतर हो जाएंगे। साथ ही हमें महंगाई को एक तय सीमा के दायरे में रखना होगा। क्योंकि महंगाई बिना कानून के एक ऐसा टैक्स है जिसे देश के हर नागरिक को देना पड़ता है।

***Article Link:** https://newstrack.com/opinion/desh-ka-gdp-indian-economy-news-in-hindi-today-gdp-of-india-fy-year-2021-22-human-development-index-corona-pandemic-article-by-vikrant-nirmala-singh-2021-12-09-298430*

PUBLISHED DATE:20 DECEMBER, 2021

# 58.UP Election 2022: विश्वनाथ धाम परियोजना पर काशी क्या कहती है, देखें Newstrack की रिपोर्ट

**-Mr Vikrant Nirmala Singh**

UP Election 2022: आगामी उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में 'काशी' पूर्वांचल की राजनीति का केंद्र होगा। स्थानीय सांसद के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की सौगात काशी को दी है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर'। बाबा विश्वनाथ दरबार को विस्तार देकर गंगा के सम्मुख करने की इस परियोजना का उद्घाटन श्री नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को किया है।

इस दौरान देश के संत समाज के साथ ही बीजेपी शासित प्रदेशों के सभी मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे हैं। हमेशा से काशी के दो मुख्य परिचय रहे हैं, एक बाबा विश्वनाथ और दूसरी मां गंगा। इस योजना के पूर्व में बाबा विश्वनाथ संकरी गालियों के मध्य निवास करते थे, लेकिन 800 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई इस योजना ने गंगा और शिव को एक धारा में बांधने का कार्य किया है। इस परियोजना का शिलान्यास 8 मार्च , 2019 को किया गया था।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन पर न्यूजट्रैक की टीम ने काशी में स्थानीय लोगों, राजनीतिक दलों के नेताओं और बाहर से आए श्रद्धालुओं से बात की और इसके सन्दर्भ में एक आम राय जानने का प्रयास किया। सबसे पहले हमारी मुलाकात स्थानीय युवा विजय से हुई। इनके अनुसार इस कार्य से तीर्थयात्रियों को बाबा विश्वनाथ के दर्शन में सुगमता होगी।

साथ ही प्रचुर मात्रा में जगह उपलब्ध होने से सड़कों पर लगने वाली तीर्थयात्रियों की कतारों में कमी आएगी और शहर में जाम की समस्या से निपटने में आसानी होगी। एक और स्थानीय निवासी संजय यादव के अनुसार महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बाद मोदी जी ही ऐसे विभूति हैं जिन्होंने बाबा के स्थान का संरक्षण कर अभूतपूर्व कार्य कर दिखाया है। अब शायद ही शताब्दियों बाद कोई आए जो धर्म विस्तार का ऐसा कार्य कर सके।

आगे कहते हैं कि मोदी जी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण करा कई प्राचीन मंदिरों को कब्जे से मुक्त कराया है और उन्हें नई पहचान दी है। जो लोग आज भी इस पावन कार्य में बुराई ढूंढ रहे हैं वह उस मक्खी की तरह है जो स्वच्छता छोड़कर हमेशा गंदगी में भागती है। आप देखिए कि किसी भी देश की पहचान उसकी सांस्कृतिक धरोहर होती है।

विदेशों में चले जाईए तो पाएंगे कि उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखा है और अगर हमारे प्रधानमंत्री जी देश की एक प्रमुख सांस्कृतिक विरासत को निखारने का

कार्य कर रहे हैं तो इसमें क्या समस्या है? हम काशी के लोग खुश हैं और प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हैं।

आगे हमारी मुलाकात एक और स्थानीय निवासी ए एन मिश्रा से हुई। हमसे बात करते हुए उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कारीडोर का स्थानीय लोगों ने हमेशा से समर्थन किया लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियों ने विरोध करना शुरु कर दिया। परंतु आज प्रोजेक्ट के धरातल पर उतरने के बाद विपक्षी पार्टियों के भी कुछ नेता जैसे स्थानीय सपा एमएलसी शतरूद्ध प्रकाश ने इस प्रोजेक्ट की बहुत तारीफ की है। यह एक अभूतपूर्व कार्य है। आप देख लिजिएगा कि इस कार्य का असर आगामी विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा क्योंकि स्थानीय लोग समझ रहे हैं कि डबल इंजन की सरकार ने काशी के साथ बाबा विश्वनाथ धाम का भी विकास किया है।

मां गंगा योग आरती मंडल समिति के संस्थापक अध्यक्ष अतुल महाराज जी के अनुसार कारीडोर का विचार और व्यवस्था बहुत अच्छी है और इससे आने वाले शिव भक्तों को कई प्रकार की सुविधाओं और सहूलियतों का लाभ मिलेगा। मोदी जी ने बहुत अलौकिक कार्य किया है और यह ऐसा कार्य है जो केवल मोदी जी ही कर सकते थे।

कुछ विपक्षी पार्टियां इसे चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश जरूर कर रहे हैं जो सरासर गलत है। मोदी जी ने जो कार्य किया है वो इस बात का जीवंत प्रमाण है कि ऐसा व्यक्तित्व न कभी हुआ था ना कभी होगा। हां यह सच है कि इस कार्य में कुछ मंदिर तोड़ने पड़े परंतु जिन शिवलिंग या मंदिरों को तोड़ना पड़ा उसका विधि विधान पूर्वक उचित निस्तारण किया गया है।

श्रद्धालुओं से संवाद के दौरान हमारी मुलाकात बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे से हुई। वह भी एक भक्त के रूप में काशी आए थे। उनका कहना था कि किसी भी धर्म में सबसे बड़ी सेवा प्रभु के भक्तों की सेवा होती है। इस प्रोजेक्ट के रूप में मोदी जी ने बाबा के भक्तों का प्रेम और आशिर्वाद हासिल कर लिया है। आने वाली सदियाँ प्रधानमंत्री जी को नव काशी के शिल्पकार के रूप में याद रखेगी। जब भी बाबा विश्वनाथ की भव्यता का जिक्र होगा तो निश्चित ही मोदी जी स्मरण किए जाएंगे।

इस प्रोजेक्ट पर भारतीय जनता युवा मोर्चा वाराणसी के कोषाध्यक्ष सुयश अग्रवाल का कहना है कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर अपने आप में एक ऐतिहासिक परियोजना है क्योंकि आक्रांताओं के आक्रमण से क्षतिग्रस्त विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का काम महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी ने किया था और अब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने किया है।

संकुचित जगह होने के कारण आगंतुकों और धर्मावलंबियों को बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था तथा संकरी गलियां की वजह से सुरक्षा का डर भी हमेशा बना रहता था। प्रधानमंत्री जी ने सोमनाथ तथा रामेश्वरम ज्योतिर्लिंगों की तर्ज पर यहां के धाम का भी विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया है। प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से काशी में पर्यटन और रोजगार को और बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। हिंदू समाज के लिए आज का दिन किसी उत्सव से कम नहीं है। चुकी विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वह अपनी ओछी राजनीति का प्रदर्शन करते हुए बाबा विश्वनाथ से जुड़े विकास कार्य पर भी सवाल उठा रहा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में कई बार काशी आता है और हां यह हो सकता कि उनकी पार्टी 2012 के बाद काशी नहीं आ पाई तो इसलिए काशी की जनता ने उनकी पार्टी को सिरे से नकार दिया है।

काशी विश्वनाथ धाम के विषय पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता संजीव सिंह का कहना था कि मीडिया के जरिए 2022 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर इसकी भव्यता का प्रचार और प्रसार किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े सही इतिहास को पूर्णतः जनता के सामने नहीं रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री जी ने गांधी जी की यात्रा का जिक्र तो किया लेकिन यह भूल गए कि बापू ने काशी विश्वनाथ की गलियों में गंदगी पर कटाक्ष किया था ना कि गलियों को तोड़ने की बात कही थी। आज कहा जाता है कि लोगों ने मंदिरों को अपने घरों में छुपा लिया था जबकि उसका सच यह है कि जब अक्रांताओं ने हमला किया तो लोगों ने मंदिरों को बचाने के लिए दीवारों का निर्माण कर दिया।

यह लोग उन मंदिरों की सेवा करते थे और इन्हें सेवई कहा जाता था। लेकिन इन्हें कब्जेदार कहा गया। इसलिए सवाल बनता है कि अगर इन्होंने जबरन मकान बनाए थे तो फिर इन्हें मुआवजा क्यों दिया गया? कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? आज भी उस इलाके से मिले कितने शिवलिंग लंका थाने पर रखे गए हैं।

भाजपा और प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ धाम की भव्यता का जिक्र तो कर रहे हैं लेकिन वहीं अगल-बगल के वार्डों में जाम हुए नाले इन्हें दिखाई नहीं पड़ते हैं। गंगा को प्रदूषित कर रहे 27 बड़े नालों पर चर्चा नहीं होती है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में राजनीति विभाग के शोधार्थी राणा प्रताप का कहना था कि संस्कृतिक दृष्टिकोण से अलग इस प्रोजेक्ट का अपना एक राजनीतिक संदेश भी है। उत्तर प्रदेश हमेशा से धार्मिक रूप से संवेदनशील रहा है और राम मंदिर के शिलान्यास के बाद बाबा विश्वनाथ धाम का उद्घाटन यह स्थापित करने में सफल हो गया है कि बीजेपी हिन्दू संस्कृति की सबसे बड़ी ध्वजवाहक है। सिर्फ काशी ही नहीं ब्लकि पूर्वांचल की तीन दर्जन से अधिक ऐसी सीटें हैं जहां यह सीधा असर दिखाएगा।

हाल ही में राहुल गांधी ने जो हिन्दू बनाम हिन्दुत्व की बहस चालू की है, यह प्रोजेक्ट बीजेपी को इसमें बढ़त दिलाने का काम करेगा। एक बड़े मतदाताओं के मन में हिंदू स्थल के विकास के रूप में यह स्थापित हो चुका है।

*Article Link:- https://newstrack.com/uttarpradesh/purvanchal/varanasi/up-election-2022-latest-news-kashi-vishwanath-corridor-project-inaugurated-pm-narendra-modi-kashi-vishwanath-dham-project-ground-report-varanasi-ki-taja-khabar-aaj-ki-uttar-pradesh-2021-299728*

PUBLISHED DATE: 22 DECEMBER 2021

# 59.UP Election 2022: क्या CM योगी के काम से खुश लोग या अखिलेश में तलाश रहे विकल्प, देखें भदोही से Newstrack की ग्राउंड रिपोर्ट

-Mr Vikrant Nirmala Singh

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 (UP Election 2022) को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं, एक तरफ नेताजी शहर-शहर, गली-मोहल्ले की खाक छान रहे हैं, तो दूसरी तरफ newstrack.com की टीम पूरे प्रदेश के कोने-कोने पर नजर बनाए हुए है। newstrack.com की हमारी टीम आम जनता के बीच जाकर ये जानने की कोशिश करती है कि राजनीतिक पार्टियां जो दावे और वादे कर रही हैं, क्या वो सच हैं या हवा-हवाई। इसी क्रम में हमारी टीम पहुंची भदोही। हमारे रिपोर्टर ने भदोही जिले के औराई विधानसभा क्षेत्र के लोगों से बातचीत की, जानना चाहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार से वो कितनी खुश है? अगर बदलाव चाहती है तो किस पार्टी को सत्ता में और किस चेहरे को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहेगी।

हमारे रिपोर्टर औराई विधानसभा क्षेत्र के महाराजगंज क्षेत्र में थे।
भदोही (Bhadohi District) यूपी का एक जिला है। जिसका मुख्यालय ज्ञानपुर (Headquarter Gyanpur) में है। पहले यह वाराणसी जिले में था। भदोही जिला, प्रयागराज (Prayagraj) और वाराणसी (Varanasi) के बीच स्थित है। यह जिला प्रयागराज, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर की सीमाओं से सटा है।

भदोही को कालीन उद्योग (carpet industry) के लिए खासकर जाना जाता है। यहां विश्व प्रसिद्ध कालीन बनती है। यहां के लोगों का मुख्य पेशा खेती है। कृषि के बाद कालीन निर्माण उनका दूसरा प्रमुख रोजगार है। भदोही को यूपी के सबसे छोटे जिलों में गिना जाता है। जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र ज्ञानपुर, औराई और भदोही हैं। ज्ञानपुर सीट से निषाद पार्टी के विधायक विजय मिश्रा (Nishad Party MLA Vijay Mishra from Gyanpur seat) हैं। औराई से विधायक दीनानाथ भास्कर हैं। जबकि, भदोही से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी (Bharatiya Janata Party MLA from Bhadohi Rabindranath Tripathi) हैं।

आज newstrack.com की टीम औराई विधानसभा सीट के महराजगंज बाजार में लोगों के बीच उनका मूड जानने पहुंची। इस दौरान लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी। रिपोर्टर- भदोही में चुनावी माहौल कैसा है? यहां से कौन सी पार्टी जीतकर आ रही है? जनता- बीजेपी। रिपोर्टर- स्थानीय स्तर पर काम हुआ है? जनता- यहां सड़कें बनी हैं। पुल बनी है। कई और

विकास कार्य हुए हैं। इस सरकार (योगी आदित्यनाथ की सरकार) से जनता खुश है। संतुष्ट है। बिलकुल, बीजेपी ही जीतेगी। इसी बातचीत के दौरान निषाद पार्टी के विधायक विजय मिश्रा के क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कहा, उनके एमएलए जेल में बंद हैं। इस वजह से उनके यहां विकास कार्य उस तरह नहीं हो पाया है। उस व्यक्ति ने बताया कि ज्ञानपुर सीट से कोई भी उम्मीदवार हो उसकी टक्कर विजय मिश्रा से ही होगी। भले ही वो निषाद पार्टी में रहें या समाजवादी पार्टी में चले जाएं।

रिपोर्टर- महंगाई, बेरोजगारी कोई मदद है कि नहीं? जनता- कोई मुद्दा नहीं है। सरकार सुविधा दे रही है तो महंगाई कहां है। रिपोर्टर- पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के करीब है। रसोई गैस 900 रुपए के करीब है। महंगाई तो है। जनता- बिल्कुल, लेकिन सरकार राशन भी तो दो रुपए किलो दे रही है। उसे भी गिनें। मुफ्त राशन गांवों में मिल रहा है। रिपोर्टर- योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री के तौर पर कैसे लगते हैं? जनता- बहुत अच्छे हैं सौ प्रतिशत वो जीतकर आएंगे और सरकार बनाएंगे। मोदी जी भी एक नंबर के नेता हैं। रिपोर्टर- महंगाई परेशान कर रही है कि नहीं? जनता- जब सरकार मुफ्त में दाल, राशन, चीनी, तेल, मुफ्त आवास, मुफ्त में सड़क सब दे रही है, तो अब क्या लेंगे। सब तो मिल रहा है जनता को। महंगाई है भी तो किसे फर्क पड़ रहा है।

उन्होंने रिपोर्टर से पलटकर पूछा- अब क्या उनका (सीएम योगी) घर अपने नाम करवा लें। इस सरकार में नौकरी के लिए घूस नहीं देना पड़ता है। भ्रष्टाचार नहीं है। अपराधी जेल के अंदर हैं। मां-बेटियां सड़क पर सुरक्षित चल रही हैं। कानून व्यवस्था भी बढ़िया है। जाब्ता को और क्या चाहिए।

रिपोर्टर - (एक अन्य व्यक्ति से) कौन जीत रहा है इस बार विधानसभा का चुनाव? जनता- समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। क्योंकि, वह बीजेपी सरकार की कमियों को उठा रही है। लेकिन स्थानीय तौर पर यहां बीजेपी नेताओं के चमचों के कारण लोगों में नाखुशी है। रिपोर्टर- सरसों का तेल 200 रुपए लीटर है। कैसे नहीं है महंगाई? जनता- जब आप खेती करेंगे, तब आपको पता चलेगा। कृषि प्रधान देश है। समय हमेशा एक जैसा नहीं रहता है। इसलिए सरकार को दोष देना सही नहीं है। लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है। इस दौरान कुछ का खुलकर अपनी बात रखने से बचते रहे।

रिपोर्टर- एक अन्य व्यक्ति से। राशन मिल रहा है? और इस बार किसे वोट देंगे। जनता- राशन मिल नहीं रहा है। अनूठा लग नहीं रहा है। शिकायत पर पहले टी घूमते हैं फिर कहते हैं तुम्हारे दो ही यूनिट हैं, वो भी उठ चुका है। पिछली बार 200 रुपए देकर जुड़वाए थे।

लेकिन अबकी बार फिर बोला, की तुम्हारा नाम कट चुका लिस्ट से। अब ऐसे में क्या करें। मर जाएं क्या? ऐसा नहीं है कि यह उम्मीदवारों को एकतरफा मुकाबला मिलेगा।

बल्कि, देखकर लग रहा की विरोधी भी हैं क्षेत्र में ये कहा 10वीं के छात्र ने रिपोर्टर ने इस दौरान एक 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले समीर नाम के छात्र से बात की। उससे इन्हीं सवालों को जब दोहराया गया तो उसने अखिलेश यादव के पक्ष में सरकार बनने की बात की। अखिलेश यादव अच्छे आदमी हैं। समीर अकेला नहीं था। कई अन्य युवा भी अखिलेश के समर्थन में आगे आए। विधायक जी गायब रहते हैं स्थानीय एक ब्यक्ति से जब ये पूछा गया कि स्थानीय विधायक में क्या कमी है? तो उसने कहा, यहां के विधायक सड़क बनवाते नहीं हैं लेकिन उद्घाटन जरूर कर देते हैं। आम आदमी को 4 महीना 6 महीना परेशानी हो रही है, लेकिन उन्हें कोई फर्क ही नहीं पड़ता। छः महीना बाद सड़क की लीपापोती कर दी जाती है। बस, बन गई सड़क। दीनानाथ भास्कर विधायक भी जब ऐसी बातें करें तो क्या कहा जा सकता है। जो हो रहा है सब ठीक ही है।

रिपोर्टर- भीड़ से, क्या मायावती लड़ाई में हैं या नहीं? जनता- नहीं, बिलकुल नहीं। मायावती की पार्टी में व्यक्ति विशेष मात्र रह गया है। न सिद्धांत रह गया है, न पार्टी है। उस पार्टी में क्या रह गया? यहां देखने को मिला कि कई ऐसी भी लोग हैं जो प्रतिक्रिया तो देते हैं लेकिन किसी एक पार्टी से जुड़े नहीं हैं। इनका लगाव स्थानीय नेताओं से रहा है। वो जिसके समर्थन में जायेंगे, कई है जो उन्हीं को वोट करेंगे। रिपोर्टर- मायावती और कांग्रेस लड़ाई में हैं या नहीं? जनता- एक साथ कई लोग कहते हैं नहीं। ये दोनों कहीं नहीं हैं।

रिपोर्टर- स्थानीय स्तर पर? जनता- आप चुनाव बाद फिर आ जाईयेगा और खुद देख लीजियेगा। धीरे-धीरे जब लोग खुलने लगे तो देखकर साफ समझ में आ गया कि इस विधानसभा सीट पर बीजेपी और समाजवादी पार्टी में ही मुख्य मुकाबला है। इसके अलावा कई अन्य युवाओं की झुंड भी newstrack.com के सामने आई, लेकिन अधिकतर ने योगी आदित्यनाथ के समर्थन में ही अपना पक्ष रखा। योगी आदित्यनाथ के किस काम से वो प्रभावित हैं तो उनका कहना था कि योगी जी ने जिस तरह काम किया है, वह बहुत अच्छा रहा है। इनके शासनकाल में बाहर सुधार आया है। बजे छात्र थे वो बोर्ड की परीक्षाओं और एनसीईआरटी की किताबें मिलन से खुश हैं।

रिपोर्टर- किस क्षेत्र में लग रहा है कि काम नहीं हुआ है। जनता- सभी क्षेत्रों में काम हुआ है, मगर शिक्षा के क्षेत्र में उम्मीद के अनुसार काम नहीं हुआ है। भदोही के तीनों विधानसभा में कोई ऐसा काम नहीं हुआ है जिससे बेरोजगारी दूर हो, लोगों की काम मिले आदि। रोजगार की दिशा में भदोही में कुछ खास काम नहीं हुआ है। इस तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए।

कांग्रेस की जब सरकार हुआ करती थी तब अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बने थे। जिसका बाद की सरकारों ने न रखरखाव किया और न ही मरम्मत आदि की जिससे वो जर्जर हो गया। कई जगह तो ये स्वास्थ्य केंद्र गिर गए। कोई स्वास्थ्य कर्मी तक आपको नहीं मिलेगा। ऐसे में इलाके के लोग कहां जाएं। लेकिन आम लोगों में से एक ने बताया कि एक महीने पहले सीएम योगी आए थे। उन्होंने एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल की घोषणा की है। वहीँ बिजली व्यवस्था पर पूछने पर स्थानीय जनता का कहना है, कि अब यहां किसी को इन्वर्टर की जरुरत नहीं पड़ती है। पर्याप्त बिजली मिलती है। 22-22 गहरे बिजली रहती है। पहले एक हफ्ता दिन और एक हफ्ता रात में बिजली मिलती थी, अब उस दौर से आगे निकल आये हैं।

वहीं, जब एक बुजुर्ग से पूछा गया कि कौन से राजनेता बेहतर हैं तो उनका कहना था कि मोदी-योगी ही बेहतर हैं। सरकार इतना खर्चा जनता के लिए कर रही है, फिर भी अगर महंगाई की ही बात करेंगे तो बेमानी होगी। कई लोगों ने कोरोना के दौरान योगी सरकार के बेहतर प्रबंधन और कुशल काम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा जिस तरह लॉकडाउन रहा और दूसरी लहर में मौतें हो रही थीं, उसमें अगर प्रदेश सरकार काम नहीं की होती तो लाशों का ढेर लग जाता।

newstrack.com की टीम ने भदोही के औराई विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय लोगों से बात की, जिसमें अधिकतर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में दिखे, तो कुछ अखिलेश यादव के। यहां इस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई समर्थक या जनाधार देखने को नहीं मिला।

*Article Link:-https://newstrack.com/uttar-pradesh/purvanchal/bhadohi/up-election-2022-news-in-hindi-today-newstrack-election-survey-aurai-assembly-seat-bhadohi-chunav-2022-public-poll-bhadohi-taja-khabar-aaj-ki-uttar-pradesh-2021-12-22-300008*

## Articles Converted Into Poems

(By Nishit Nukunj)

# लड़ पाएंगे क्या

65 फीसदी जनों की अनदेखी कर

कोरोना से जीत जाएंगे क्या,

जहां बड़े शहर बर्दाश्त नहीं कर पाए

तो गांववाले उससे लड़ पाएंगे क्या?

कोरोना से लड़ने में जांच है जरूरी

लंबी-लंबी कतारों की अलग है मजबूरी

अब रिपोर्ट भी 10 दिन लेट जो आता है

उतने में बेचारे का मौत से भेंट हो जाता है

क्या करे क्या नहीं, एक सवाल तो है

कोरोना है कि टायफाइड भ्रमजाल जो है

डाक्टर है नहीं, दवाखानों से दवा पूछते हैं

खर्चीले हैं शहर, जाने से कदम भी रूकते हैं

अब आप ही बताइए, कोई संगठित व्यवस्था होगी या ऐसे ही जान गंवाएगे क्या????

जहां बड़े शहर बर्दाश्त..........

ये गांधी जी के सपनों का वही ग्रामीण भारत है

74 साल आजादी के पर शिक्षा नदारद है

सब कुछ ठीक है, बस दुविधा यही है

कि गांवों में अब भी मूलभूत सुविधा नहीं है

सरकारी आंकड़ों ने जितने केस छुपाए है

ठीक उतनी ही लाशें गंगा मईया ने बहाए है

पहले चुनाव फिर शादियों में आतिशबाजी

प्रोटोकाल मानने को कहां है कोई राजी

सरकारी खामियों और अव्यवस्था के बीच, टूटती सांसों को फिर बंधाएंगे क्या????

जहां बड़े शहर बर्दाश्त.........

टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट की नीति को आगे बढा सकते हैं

दूसरी ओर सही नियोजन से टीके भी लगा सकते हैं

बस आशा, एनजीओ, आंगनबाड़ी का साथ चाहिए

जागरूक भी हो सभी और हाथों में हाथ चाहिए

यह कटु सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता

इतनी भी देर नहीं, जो अब सुधारा नहीं जा सकता

एक मजदूर-किसान के खून की कीमत आप सरकार को समझाएंगे क्या???

जहां बड़े शहर बर्दाश्त नहीं कर पाए, तो गांववाले उससे लड़ पाएंगे क्या??

## **सरकार ने मारा है!!**

हजारों किलोमीटर चलने वाला मजदूर,

इनकी नजरों में बस एक आवारा है

सच कहूँ तो इन्हें वक्त, हालात, कोरोना ने नहीं, बल्कि सरकार ने मारा है

ये असहाय लोग इन्हें धैर्यवान नहीं लगते

हर रोज़ जान गंवाते, पर इंसान नहीं लगते

यहां बच्चा भी गलती कभी दोहराता नहीं

ऐसे कहते कि जैसे इन्हें कुछ आता नहीं

नोटबंदी की तरह लाकडाउन जो लगाया था

तैयारी थी नहीं, और भीष्ण संकट गहराया था

आखिर 23 करोड़ मजदूर जाएं तो जाएं भी कहां

न अन्न, न धन, न अपने भी साथ मौजूद थे वहां

कुछ आए गाड़ी के नीचे तो कुछ रेल की चपेट में

कुछ कोरोना से जूझे तो कुछ भूखमरी के लपेट में

किसी ने जुगाड़ लगाया, तो किसी ने साइकिल चुराई

तब भी राजा को, इन पर जरा भी दया नहीं आई

सुबह मेहनत कर, शाम की रोटी तोड़ने वाला

अब सिर्फ और सिर्फ एक बेसहारा है,

सच कहूँ तो इन्हें..........

जब केस हजार थे, तब इन्हें बुलाए नहीं

क्योंकि बढ़ने से पहले गरीब याद आए नहीं

आखिर करे भी क्या हालात कुछ ऐसे हो रहे थे

हताश-निराश और घर पर बच्चे भूखे सो रहे थे

न काम मिला, न किसी ने घर तक पहुंचाया

तभी तो भागे धूप में और मौत को गले लगाया

गर राहत पैकेज में प्रवासियों का जिक्र कहीं होता

आज बच्चे अनाथ न होते, कोई भी फिक्र नहीं होता

भूख-परिवार के नाम पर बलि भी चढ गए,

फिर भी गलतियों को इन्होनें सिरे से नकारा है

सच कहूँ तो इन्हें........

अगर अब भी जिम्मेदारियों से कोई इनकार करे

तो ज्यादा नहीं बस अगली रैली का इंतजार करे

लगा लेना माडल व अर्थव्यवस्था के नारे

पर सोचना कैसे बिखरे थे, ये मजदूर बेचारे

जिंदा मजदूर राख का, मरा हुआ 2 लाख का

जान रहते समझे नहीं, तो अफसोस किस बात का

इतना दर्द शायद मैं सह भी नहीं सकता

और इससे ज्यादा कुछ कह भी नहीं सकता

कि अपने खून-पसीने से हमें छत देने वाला,

देखो कैसे खुली सड़क पर जिंदगी हारा है

सच कहूँ तो इन्हें वक्त, हा लात, कोरोना

ने नहीं, बल्कि सरकार ने मारा है

***जी हां, सरकार ने मारा है........***

# ARTICLES IN 'APNA BHARAT' NEWSPAPER

अपना भारत
अपना देश
14 से 20 मई 2021 | 11



विक्रांत निर्मला सिंह

# भारत कैसे रोक सकता है दूसरी लहर के आर्थिक प्रभाव को?

कोविड-19 की दूसरी सुनामी स्वास्थ्य ढांचे के साथ-साथ आर्थिक ढांचे के लिए भी बेहद नकारात्मक होने जा रही है। जैसे भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था दूसरी कोविड-19 की सुनामी को रोकने में अपर्याप्त साबित हो रही है ठीक वैसे ही इसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था के सुधारों पर भी पड़ने वाला है। कोविड-19 की पहली लहर को रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक गहरी मंदी की तरफ ढकेल दिया था। 20 लाख करोड़ का बड़ा आर्थिक पैकेज भी भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए नाकाफी साबित हो रहा था। परिणामस्वरूप 2020-21 की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 24त्न की दर से सिकुड़ गई थी।

एक लंबे लॉकडाउन के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था पुनः गतिमान हुई तब भी भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिले थे। सितंबर महीने में भी अर्थव्यवस्था के सिकुड़न की दर - 7.5त्न रही थी। लेकिन सितंबर महीने के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार दिखने लगा था। इस वित्त वर्ष के आखिरी में भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ सकारात्मक परिणाम देखने को भी मिले थे। उदाहरण के लिए फरवरी और मार्च महीने में जीएसटी कलेक्शन 1 लाख करोड़ से अधिक का हुआ था। फरवरी महीने में जहां जीएसटी का कलेक्शन कुल 1,13,145 करोड़ रुपए का था, वहीं मार्च महीने में यह सर्वाधिक 1,23,902 करोड रुपए तक पहुंच गया। पीएमआई ( परचेसिंग मैनेजर इंडेक्स) में भी तेजी के सुधार देखने को मिल रहा था। जनवरी से लेकर अप्रैल तक पीएमआई 50 से ऊपर रही है जो कि अर्थव्यवस्था के विस्तार का संकेत करता है। इसका आशय यह हुआ कि अर्थव्यवस्था में निर्माण क्षेत्र सुधार के संकेत मिल रहे थे। जनवरी में पीएमआई 57.7 और फरवरी में 57.5 थी। लेकिन मार्च के अंत में कोविड-19 की दूसरी सुनामी के साथ ही यहां भी हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। अप्रैल में पीएमआई इंडेक्स घटकर 55.5 हो गया है।

वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने दो सबसे प्रमुख चुनौतियां मौजूद हैं। पहला राज्यों के जरिए कोविड-19 की रोकथाम हेतु लगाए जा रहे लॉकडाउन और दूसरा भारतीय उपभोक्ता का अर्थव्यवस्था में घटता भरोसा। लॉकडाउन वर्तमान समय की जरूरत है। वायरस की चेन तोड़ने के लिए एक बेहद संगठित देशव्यापी लॉकडाउन की जरूरत है। निश्चित ही इससे अर्थव्यवस्था नकारात्मक प्रभाव रहेगा लेकिन वर्तमान में लोगों जीवन ज्यादा जरूरी है। लेकिन दूसरी सबसे बड़ी समस्या अर्थव्यवस्था में भरोसे का है। यह वह पहलू है, जहां सरकार अगर सही तरीके से निर्णय ले तो अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सकता है। असल में किसी भी अर्थव्यवस्था की बुनियाद उपभोक्ताओं का भरोसा होता है। जब उपभोक्ताओं को अर्थव्यवस्था में भरोसा होता है तो वह कर्ज लेकर भी खर्च करने से नहीं संकोच करता है। क्योंकि उसे उम्मीद होती है कि निकट भविष्य में आय सृजन के अवसरों का निर्माण होगा और वह आसानी से उपभोग की प्रक्रिया को जारी रख सकेगा।

लेकिन अगर वह अर्थव्यवस्था को लेकर आशंकित हैं तो वह अपनी जमा पूंजी भी खर्च करने से डरता है। उसे लगता है कि अभी का समय खर्च करने का नहीं बल्कि संचित करने का है। यदि स्थिति अर्थव्यवस्था के लिए बेहद नकारात्मक साबित होती है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का उपभोक्ता भरोसा सूचकांक गिरा हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था का भरोसा सूचकांक मार्च 2021 में घटकर 53.1 हो गया है जो कि जनवरी में 55.5 था। इसका आशय यह है कि कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद से एक बार पुनः उपभोक्ताओं का भरोसा अर्थव्यवस्था में टूट रहा है।

अर्थव्यवस्था पर प्रभाव कम करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

वर्तमान समय में एक देशव्यापी लॉकडाउन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह जानते हुए भी कि इसके गहरे आर्थिक परिणाम होंगे। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर पर दूसरी लहर के आर्थिक प्रभाव को कम कर सकती है। यही सुनियोजित आर्थिक पैकेज के जरिए किया जा सकता है। इस बार एक ऐसे आर्थिक पैकेज की जरूरत है जो मांग आधारित हो और बाजार में उपभोक्ता को खर्च करा सकने में सक्षम हो। पिछली 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज कि सबसे बड़ी कमी थी कि वह आपूर्ति आधारित पैकेज था, जबकि अर्थव्यवस्था में समस्या मांग आधारित समस्या थी। इस पैकेज में ध्यान रखना होगा कि यह सीधे उपभोक्ता को प्रभावित करता हो। इसमें निश्चित रूप से कोई बड़ी नकद स्थानांतरण की योजना होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था का जो सबसे कमजोर तबका है, उसको एक निश्चित राशि एक निश्चित समय के लिए अभी दी जानी चाहिए।

जब सरकार लोगों के हाथ में सीधा पैसा देगी तो लोगों का भरोसा अर्थव्यवस्था में बना रहेगा। लोग बाजार में खर्च करेंगे और इससे मांग बनी रहेगी। हमें हमेशा याद रखना होगा कि अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ा टॉनिक -भरोसा- होता है। अगर यह मजबूत बना रहे तो निवेशक निवेश करते हैं, उपभोक्ता खर्च करते हैं और अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है।

**संस्थापक एवं अध्यक्ष**
**फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स थिंक काउंसिल**
**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ।**



# पुरानी और गंभीर बीमारी से ग्रसित है भारतीय अर्थव्यवस्था!






विक्रांत निर्मला सिंह

भारतीय अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से बीमार है। इसकी बीमारी के सारे लक्षण हाल ही में जारी जीडीपी के आंकड़ों से देखा और समझा जा सकता है। सांख्यिकी एवं योजना क्रियान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने स्थिर और वर्तमान मूल्य पर वर्ष 2020-21 के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों की गणना औद्योगिक उत्पाद सूचकांक, अनाज उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, केंद्र एवं राज्य सरकार के खाते, जीएसटी से जुड़े आंकड़े, बैंकों में जमा और कर्ज के आंकड़े, रेलवे का माल भाड़ा, विमानन क्षेत्र का माल भाड़ा, कमर्शियल वाहनों की बिक्री आदि जैसे पैमानों पर किया गया है। हमेशा चर्चा में रहने वाली जीडीपी एक आर्थिक गणना है, जो किसी अर्थव्यवस्था की वृद्धि या गिरावट को मापने का एक बुनियादी मानक होता है। सामान्य भाषा में किसी अर्थव्यवस्था में वस्तु एवं सेवा के अंतिम मूल्य योग से जब सभी तरह की सब्सिडी घटा दी जाती है तो हमें जीडीपी का आंकड़ा प्राप्त होता है। वर्तमान समय के जीडीपी की परिभाषा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री साइमन कुज्नेट ने 1934 में दिया था। भारत में संबंधित विभाग यह आंकड़े दो आधार पर प्रस्तुत करते हैं। पहला स्थिर मूल्य पर और दूसरा वर्तमान मूल्य पर।

स्थिर मूल्यों के आधार पर वास्तविक जीडीपी 2020-21 में -7.3 फ़ीसदी की दर से घटी है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि स्थिर मूल्यों का आधार वर्ष 2011-12 होता है। स्थिर मूल्य पर वास्तविक जीडीपी वर्ष 2020-21 में 135.13 लाख करोड़ रुपए है, जो पिछले वर्ष 2019-20 में 145.69 लाख करोड रुपए थी। वर्ष 2018-19 में यह 140 लाख करोड़ रुपए थी। वर्तमान मूल्य के आधार पर जीडीपी वर्ष 2021-22 में -3 फीसदी की दर से घटी है। 2020 में वर्तमान मूल्य के आधार पर कुल जीडीपी 197.46 लाख करोड़ रुपए है जो कि वर्ष 2019 में 203.51 लाख करोड़ रुपए थी। भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट कोविड-19 की आर्थिक तबाही से पहले की दस्तक दे चुकी थी। वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही से लेकर वर्तमान तक जीडीपी लगातार गिरावट देख रही है। वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8 फ़ीसदी, दूसरी तिमाही में 7 फ़ीसदी, तीसरी तिमाही में 6.6 फ़ीसदी और चौथी तिमाही में 5.8 फीसदी थी। वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 5.4 फ़ीसदी, दूसरी तिमाही में 4.6 फ़ीसदी, तीसरी तिमाही में 3.3 फ़ीसदी और चौथी तिमाही में 3 फीसदी जीडीपी वृद्धि दर हो गई थी। यहां ध्यान देने वाली बात है कि पिछले 2 वर्षों से लगातार जीडीपी वृद्धि दर घट रही थी। कोविड-19 के पहले ही भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 2 वर्षों में 8 फ़ीसदी से 3 फ़ीसदी की दर पर पहुंच चुकी थी। फिर मार्च 2020 में कोविड-19 से रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन ने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी गिरफ्त में ले लिया। 2020-21 की पहली तिमाही में जीडीपी अप्रत्याशित रूप से -24.4 फीसदी की दर से गिरी, दूसरी तिमाही में -7.4 फ़ीसदी, तीसरी तिमाही में 0.5 फ़ीसदी और चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 1.6 फ़ीसदी थी।

जीडीपी के जारी इन आंकड़ों में भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत की घटती दर भी बड़ी चिंता के रूप में दिखाई पड़ती है। भारतीय अर्थव्यवस्था एक खपत आधारित अर्थव्यवस्था मानी जाती है। कुल जीडीपी का 50 फ़ीसदी से अधिक हिस्सा खपत का होता है। लेकिन वर्तमान समय में देश की आबादी का कुल खपत तेजी से घट रहा है। वर्ष 2019-20 में कुल खपत 83,21,701 करोड़ रुपये की थी, जो वर्तमान में वर्ष 2021-22 में घटकर 75,60,985 करोड रुपए हो चुकी है। अर्थात पिछले वर्ष कुल जीडीपी में खपत की दर 57.1 फीसदी थी, जो घटकर इस वर्ष 56 फ़ीसदी हो चुकी है। साथ ही साथ निवेश में भी कमी आई है। पिछले वर्ष कुल जीडीपी में निवेश का हिस्सा 32.5 फीसदी था जो कि वर्तमान आंकड़ों में घटकर 31.2 फीसदी हो चुका है। आयात और निर्यात के आंकड़ों पर भी प्रभाव पड़ा है। वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2020-21 में निर्यात 1 फ़ीसदी और आयात 2 फीसदी की दर से घटा है।

विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के आंकड़ों पर ध्यान दे तो वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था के बदहाली की तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। कृषि एवं संबंधित गतिविधि की वृद्धि दर 2019-20 की तुलना में वर्ष 2020-21 में तक़रीबन 1 फ़ीसदी की दर से घटी है। वर्ष 2019-20 में जहां वृद्धि दर 4.3त थी, वहीं आज 2020-21 में घटकर 3.6 फ़ीसदी हो चुकी है। इसके साथ ही अन्य आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई है। खनन एवं उत्खनन की वृद्धि दर वर्ष 2019-20 में -2.5 थी, तो वही वर्ष 2020-21 में -8.5 हो चुकी है। मैन्युफैक्चरिंग वर्ष 2019 में -2.4 थी, तो वहीं वर्ष 2020 21 में - 7.2 हो चुकी है। सबसे बड़ा नुकसान निर्माण क्षेत्र को हुआ है। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर वर्ष 2019-20 में 1 फ़ीसदी थी, जो वर्ष 2020-21 में अप्रत्याशित रूप से घटकर -8.6 फीसदी हो चुकी है।

प्रति व्यक्ति आय दर के आंकड़ों पर गौर करें तो हम आते हैं कि एक लंबे समय के बाद भारत की प्रति व्यक्ति आय दर बढ़ने के बजाय घटकर एक लाख से कम हो गई है। वर्ष 2019-20 में प्रति व्यक्ति आय ?1,08,645 थी, जो वर्ष 2020-21 में घटकर ?99,694 हो गयी है। जहां पर 2019-20 में प्रति व्यक्ति आय दर की वृद्धि 3 फ़ीसदी की दर से थी, वह आज -8.2 फ़ीसदी की गिरावट में बदल चुकी है। यह आंकड़ा बताता है कि पिछले 1 वर्ष में कोविड-19 की तबाही ने देश के एक बहुत बड़े तबके को गरीबी रेखा के नीचे विस्थापित कर दिया है। हाल ही में इसके संकेत अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट नहीं दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार 1 वर्ष में कुल 23 करोड़ की आबादी गरीबी रेखा के नीचे चली गई है। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार पिछले 1 वर्ष में देश की 97 फीसदी आबादी गरीब हो गई है।

इन आंकड़ों के अध्ययन से यही निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक गहरी मंदी में जा चुकी है। पिछले 3 वर्षों से लगातार जीडीपी घट रही है और बेरोजगारी बढ़ रही है। वर्तमान समय में पेट्रोलियम पदार्थों और खाद्य तेलों में आई बेतहासा वृद्धि ने महंगाई की भी स्पष्ट संकेत देने शुरू कर दिए हैं। पिछले 1 वर्ष में खाद्य महंगाई 9.1 फ़ीसदी की दर से बढ़ी है। जनता के पास का बजट भी नहीं है कि वह अर्थव्यवस्था में खर्च कर सके क्योंकि कोविड-19 मारी ने एक बड़ी आबादी का स्वास्थ्य खर्च बढ़ा दिया है। कोविड-19 से पहले लोग औसतन 5 फ़ीसदी स्वास्थ्य पर खर्च करते थे जो कि वर्तमान में बढ़कर 11 फ़ीसदी हो चुका है। जीडीपी में गिरावट, बेरोजगारी और महंगाई का यह गठजोड़ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद भयावह हो सकता है। यहां निष्कर्ष निकालते समय यह भी ध्यान रखना होगा कि जीस जीडीपी के आंकड़ों के आधार पर यह बात कही जा रही है वह तो एक अर्ध सत्य है, क्योंकि भारत एक असंगठित अर्थव्यवस्था है जिसका 94 फ़ीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र में लगा हुआ है। जीडीपी के वर्तमान आंकड़ों में यह असंगठित हिस्सा शामिल नहीं है। एसबीआई की एक रिपोर्ट जिक्र करती है कि पिछले 1 वर्ष के दौरान असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती की वजह से 16000 करोड रुपए की कमी आई है। वर्तमान जीडीपी की गणना एमसीए-21 तकनीकी पैमाने से की जाती है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के कुछ चुनिंदा कंपनियों के आंकड़े लिए जाते हैं। इसलिए यह आंकड़े बहुत स्पष्ट आर्थिक तस्वीर नहीं दिखाते हैं।

वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था को इस गहरी मंदी से निकालने के लिए सरकार एक बड़ा रोल अदा कर सकती है। महज निजी क्षेत्र के भरोसे अर्थव्यवस्था में रिकवरी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। कोविड-19 की समस्या ने एक बड़े पैमाने पर लोगों को बेरोजगार किया है और इसकी वजह से बाजार में मांग की अप्रत्याशित कमी आई है।

यह सरकार ही है जो खर्च बढ़ाकर बाजार में दोबारा मांग पैदा कर सकती है। सरकार को जल्द से जल्द एक बड़े आर्थिक पैकेज के साथ आना चाहिए। एक ऐसा आर्थिक पैकेज जो अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता को सीधा प्रभावित करता हो और रोजगार के अवसर उत्पन्न करने में सक्षम हो। यह वक्त दीर्घकालिक नहीं बल्कि सूक्ष्मकालिक आर्थिक नीतियों को बनाने का है। ऐसी नीतियां जो छोटे समयावधि में बड़ी मांग पैदा करने में मदद करें।

**संस्थापक एवं अध्यक्ष**
**फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स थिंक काउंसिल।**

अपना भारत **विचार** 18 से 24 जून 2021 | 21

प्रणाम

लोजपा में टूट अप्रत्याशित नहीं

# बढ़ती महंगाई के बीच बेहाल अर्थव्यवस्था!

इस तेज महंगाई वृद्धि के पीछे सबसे प्रमुख कारण खाद्य तेल की कीमतों में आई बड़ी उछाल है. बीते मई में सालाना आधार पर खाद्य तेल कीमतों में 30.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा अंडे की कीमतों में 15.16 फीसद, मांस और मछली में 9.03 फीसदी, फल 11.98 फीसदी और दलहन उत्पादों में 9.39 फीसदी की तेजी देखी गई है। लेकिन वर्तमान स्थिति में महंगाई की सबसे अधिक चर्चा दो वजहों से है। पहला एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में आ रही वृद्धि और दूसरा पेट्रोल एवं डीजल के दामों में हो रही वृद्धि। एलपीजी गैस के आकड़ों को देखे तो हमें पता चलता है कि पिछले 7 सालों में इसके दाम दोगुने हुए हैं। 1 मार्च 2014 को एक एलपीजी सिलेंडर का दाम 410.5 था, जो अभी वर्तमान में 819 प्रति सिलिंडर है। आज मार्च 2014 की तुलना में केरोसिन आयल 14.96 प्रति लीटर से बढ़कर 35.35 प्रति लीटर हो चुका है। मई 2014 में कच्चे तेलों की बेस प्राइस बिना किसी अतिरिक्त कर के 45.12 रुपए थी और कर को सम्मिलित करते हुए, पेट्रोल 71-72 प्रति लीटर पर बिक्री होती थी। वहीं आज वर्तमान में इसकी बेस प्राइस 26.7 रुपए है और विभिन्न करों को शामिल करके पेट्रोल 90 से 100 के बीच में बिक रहा है। कहीं-कहीं तो यह आंकड़ा 100 प्रति लीटर भी पार हो चुका है।

संस्थापक एवं अध्यक्ष

responseapnabharat@gmail.com

## GLIMPSES OF EVENTS




# Shri Shalabh Mani Tripathi

# (Media Advisor to the Honorable CM of UP)




# Shri Asthanand Pathak (IRAS)



**Dr. Himanshu Rai**

**(Director, IIM Indore)**

मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र
Malaviya Centre for Ethics & Human Values



FINANCE AND ECONOMICS THINK COUNCIL | ECONOMICS AND POLICY RESEARCH
ANTICIPATE | ANALYSE | ARTICULATE

# Discussion on General Budget 2021-22: Perspective of Human Value

Date : 04/02/2021 Time: 02:00 PM

Venue: Conference Hall, Malviya Mulya Anusheelan Kendra, BHU

Jointly Organised by

Malviya Mulya Anusheelan Kendra, BHU &
Finance and Economics Think Council

# POLICY DIALOGUE 2021-22

## Guest Speakers
## Opening Ceremony



**DR. (PROF.) ASHA RAM TRIPATHI**

*- Ex Head and Dean, Faculty of Commerce, BHU*
- Coordinator, Malviya Centre for Ethics and Human Values



**DR. (PROF.) VAIBHAV**

*- Assistant Professor, Faculty of Commerce, BHU*
*- NSS Programme Officer, BHU*

**Organized by Sant Atulanand Convent School, Koirajpur in association with -**

FINANCE AND ECONOMICS THINK COUNCIL | ECONOMICS AND POLICY RESEARCH
ANTICIPATE | ANALYSE | ARTICULATE




केन्द्रीय विश्वविद्यालय गाँधी महात्मा
Mahatma Gandhi Central University
मयि श्री श्रयतां यशः
FINANCE AND ECONOMICS THINK COUNCIL
ECONOMICS AND POLICY RESEARCH
ANTICIPATE I ANALYSE I ARTICULATE
Special Lecture Session
on
The Ubiquitous Economics
Delivered by
Ms. Deep Shikha
Organised on 04 March, 2021
by
Department of Management Sciences
Mahatma Gandhi Central University,
Motihari
In joint collaboration with
Finance & Economics Think Council

FINANCE AND ECONOMICS THINK COUNCIL | ECONOMICS AND POLICY RESEARCH

ANTICIPATE I ANALYSE I ARTICULATE



# One Day Workshop on 'Formal Academic Writing'



Mr. Dinesh Srinet
Language Head,
The Economic Times Hindi



Mr. Pavan Chaurasia
Research Scholar, JNU
OpEd Writer-Indian Express,
Dainik Jagran, Pioneer, etc.

***Date: 16/06/21***
***Time: 5:00PM***
***Platform: Google Meet***

Convenor- Mr. Vikrant Singh
Founder & President, FETC

Organizing Secretary-
Ms. Aditi Jaiswal


FINANCE AND ECONOMICS THINK COUNCIL
ECONOMICS AND POLICY RESEARCH
ANTICIPATE I ANALYSE I ARTICULATE
A Dialogue on
Covid Positive, Economy Negative
Speaker
Date: 30/06/2021
Time: 11:30AM-12:30PM
Platform: ZOOM
Convenor: Mr. Vikrant Nirmala Singh
Organising Secretary: Ms. Aditi Jaiswal
Prof. Gourav Vallabh
Professor of Finance
National Spokesperson
Indian National Congress
Organised By
Finance and Economics Think Council
(www.fetc.org.in)
Contact: 9918582844

FINANCE AND ECONOMICS THINK COUNCIL | ECONOMICS AND POLICY RESEARCH
ANTICIPATE I ANALYSE I ARTICULATE



model गांव

## फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स थिंक काउंसिल और माडल गांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय वेबीनार

# विषय- 'एक आदर्श गांव की संरचना'



**डॉ हीरा लाल (IAS)**
**एडिशनल मिशन डायरेक्टर,**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,**
**उत्तर प्रदेश सरकार**
**सलाहकार (माडल गांव)**



**श्री अमित**
**ग्राम प्रधान,**
**मलकपुरा,**
**जालौन (उत्तर प्रदेश)**
**पूर्व पत्रकार (डीडी न्यूज एंव एनडीटीवी)**

- **दिनांक : *04/07/2021***
- **समय : *5:00PM - 6:30PM***
- **प्लेटफार्म : *Zoom App***

संयोजक :
विक्रांत निर्मला सिंह
संस्थापक एवं अध्यक्ष,
फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स थिंक काउंसिल

संचालन:
अदिति जायसवाल
सचिव,
फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स थिंक काउंसिल

# Plantation on Kargil Vijay Diwas























# Ground Report of Policies Implemented by U.P. Government Since 2017











# Thank you